

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 आज होगा महाराष्ट्र की महायुति सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार.........

रिन्यूएबल एनर्जी सेटर में नई कंपनी बनाने की मची होड़...... 10



वर्ष : 15 | अंक : 239 | नई दिल्ली, रविवार, 15 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# उपराष्ट्रपति ने वित्त सेवा के 50वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

प्रातः किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र केवल प्रणालियों पर ही नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति और संवाद के संतुलन पर केंद्रित मूल मूल्यों पर भी पनपता है।

श्री धनखड़ ने यहां भारतीय डाक एवं दूर संचार लेखा और वित्त सेवा के 50वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज की संस्थागत चुनौतियाँ भीतर और बाहर से अक्सर सार्थक संवाद और प्रामाणिक अभिव्यक्ति के क्षरण से उत्पन्न होती हैं। विचार की अभिव्यक्ति और सार्थक संवाद दोनों ही लोकतंत्र के अनमोल रत्न हैं।

अभिव्यक्ति और संचार एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों के बीच सामंजस्य ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, डिजिटल संचार आयोग के वित्त सदस्य मनीष सिन्हा और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। श्री धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र केवल व्यवस्थाओं पर नहीं, बल्कि मूल मूल्यों पर पनपता है। इसे अभिव्यक्ति और संवाद के नाजुक संतुलन पर केंद्रित होना चाहिए।

## अभिव्यक्ति और संवाद के संतुलन पर पनपता है लोकतंत्र : धनखड़




अभिव्यक्ति और संवाद, ये जुड़वां ताकतें लोकतांत्रिक जीवन शक्ति को आकार देती हैं। उनकी प्रगति को व्यक्तिगत पदों से नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक लाभ से मापा जाता है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा इस बात का उदाहरण है कि विविधता और विशाल जनसांख्यिकीय क्षमता राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा दे सकती है। लोकतांत्रिक स्वास्थ्य और आर्थिक उत्पादकता राष्ट्रीय विकास में बराबर भागीदार हैं। स्व-लेखा परीक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री धनखड़ ने कहा, सेल्फ ऑडिट बहुत जरूरी है। किसी व्यक्ति या संस्था को गिराने का सबसे पक्का तरीका है, उसे या सज्जन या सज्जन महिला को जांच से दूर रखना। आप जांच से परे, आपका पतन निश्चित है।

और इसलिए, आत्म-लेखा परीक्षा, स्वयं से परे एक लेखा परीक्षा, आवश्यक है। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और तालमेल पर जोर देते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा, एक दूसरे से जुड़ी दुनिया में विभागों के बीच सहयोग बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। हमें एक दूसरे के साथ तालमेल में रहना चाहिए, हमें एक दूसरे के साथ तालमेल बिठाना चाहिए।

मैंने अक्सर सभी को यह समझाया है कि शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत कुछ और नहीं बल्कि तीन संस्थाओं, न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका, को एक साथ मिलकर काम करना चाहिए। उन्हें सामंजस्य के साथ काम करना चाहिए।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने राज कपूर की 100वीं जयंती पर उन्हें अर्पित की श्रद्धांजलि



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सिनेमा के शोमैन राज कपूर को उनकी 100वीं जयंती के मौके पर शनिवार को उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की1 श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स परलिखा, आज हम महान फिल्मकार, दूरदर्शी फिल्मकार, अभिनेता और सदाबहार शोमैन राज कपूर की 100वीं जयंती मना रहे हैं! उनकी प्रतिभा ने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया और भारतीय और वैश्विक सिनेमा पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने लिखा, राज कपूर का सिनेमा के प्रति जुनून कम उम्र में ही शुरू हो गया और उन्होंने एक उम्दा कहानीकार के रूप में उभरने के लिए कड़ी मेहनत की। उनकी फिल्में कलात्मकता, भावना और यहां तक कि सामाजिक टिप्पणियों का मिश्रण थीं। उन्होंने आम नागरिकों की आकांक्षाओं और संघर्षों को आम जतना तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री ने लिखा, राज कपूर केवल एक फिल्म मेकर नहीं थे, बल्कि वे एक सांस्कृतिक राजदूत की भूमिका में थे। उन्होंने इस भूमिका में रहते हुए भारतीय सिनेमा को पूरी दुनिया में पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज के फिल्ममेकर उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं, जो आगे की पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा।

## संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर संसद में चर्चा के दौरान सरकार व विपक्ष में तनातनी

# हमारा संविधान सबसे बड़ा और खूबसूरत: रिजिजू



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने समानता को संविधान की आत्मा करार देते हुए लोकसभा में आज कहा कि इसमें सभी नागरिकों के लिए बराबरी का अधिकार और अवसर प्रदान किया गया, इसलिए यह दुनिया का सबसे बड़ा और खूबसूरत संविधान है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने संविधान अंगीकार करने के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर शनिवार को दूसरे दिन चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि संविधान की भावना के अनुसार ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के साथ सरकार का कामकाज शुरू किया। उन्होंने कहा कि संविधान की बदौलत ही आज देश के सर्वोच्च पद पर एक आदिवासी महिला विराजमान है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा ही नहीं, बल्कि सबसे खूबसूरत भी है, जिसमें सभी के लिए प्रावधान है। इस संविधान को लेकर हम लोग गौरव महसूस करते हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि हमारे देश में अल्पसंख्यक आयोग है, जबकि अन्य देश में ऐसा नहीं है। अल्पसंख्यकों के लिए विशेष कानून बनाया गया है। अल्पसंख्यकों के लिए कई योजनाएं बनाई गई, जिसका उनको लाभ मिल रहा है। कांग्रेस की सरकार हो या हमारी सरकार सबने अपने तरीके से काम किया है, लेकिन अल्पसंख्यक यहां सुरक्षित नहीं है, यह कहना गलत है। इस तरह की बात नहीं करनी चाहिए, जिससे देश की छवि खराब हो। देश में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं तभी तो दूसरे देशों के पीड़ित यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब नहीं होते, तो हम जैसे लोग यहां चुनकर सदन में नहीं आते। बाबा साहब ने जो कहा उसकी कुछ लोग गलत व्याख्या कर कहने लगे कि उन्होंने हिन्दू विरोधी बात की है, जबकि ऐसा उन्होंने नहीं कहा है। बाबा साहब ने किसी एक धर्म को लेकर कोई बात नहीं की है। उन्होंने कहा कि देश प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उस समय के सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर कहा था कि अगर आरक्षण को बढावा देंगे, तब प्रतिभावान लोगों का नुकसान होगा। इस प्रकार की बात पंडित नेहरू ने कई बैठकों में भी कही। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत प्रतिभावान को हम लोग भी बढाना चाहते हैं, लेकिन गरीबों पिछड़ों और वंचितों को कुचलकर नहीं हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि बाबा साहब दोबारा 1952 में चुनकर सदन में आना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस ने षड्यंत्र करके उनको हराने का काम किया। कांग्रेस को इसके लिए देशवासियों से माफी माँगनी चाहिए। बाबा साहब को कांग्रेस ने अपने शासन काल में भारत रत्न नहीं दिया। उन्होंने भारत रत्न उस समय दिया गया, जब भारतीय जनता पार्टी समर्थित सरकार केंद्र में आई।

## भाजपा हर समय करती है संविधान पर हमला : राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर समय संविधान पर हमला करती है और मोदी सरकार देशवासियों का हक एक उद्योगपति के हवाले कर देश के किसानों, मजदूरों, गरीबों, दलितों तथा पिछड़ों का हिस्सा उनको दे रही है। श्री गांधी ने शनिवार को भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि अभय मुद्रा का आईडिया भगवान शिव, भगवान कृष्ण, गुरुनानक, महात्मा बुध, कबीर आदि महापुरुषों से मिला। यह संविधान इन्हीं महापुरुषों की अभय मुद्रा के भाव से आया है जिसमें सबको निर्भय रहने की बात कही गई है। मनुस्मृति आज का कानून है और यह बात उन्हीं सावरकर ने कहा है जो आरएसएस की विचारधारा को आगे बढाने का काम करते रहे हैं। संविधान को लेकर जब आरएसएस के लोग बात करते हैं तो वे अपने नेता और अपनी विचारधारा को गाली देते हैं उनका अपमान करते हैं। उत्तर प्रदेश में संविधान का नहीं मनुस्मृति का



कानून चल रहा है और वहां गरीब की सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है यह बात भाजपा की विचारधारा के पोषक महापुरुष नेता ने कही थी जिनकी भाजपा के लोग पूजा करते हैं।

दलितों के संदर्भ में एकलव्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कि गुरु द्रोणाचार्य ने एकलव्य की जाति के आधार पर उनका गुरु बनने से इनकार कर दिया था तो एकलव्य अकेले धनुषवाण चलाने की तपस्या करने लगे। काफी समय बाद उसी जंगल में एकलव्य ने अपने बाणों से एक कुत्ता बाधक बना लिया और कुत्ते को नुकसान पहुंचाए बिना उसे चारों ओर से बाणों से घेर लिया। जब द्रोणाचार्य उस वन से निकल रहे तो उन्हें कुत्ते की यह हालत देखकर आश्चर्य हुआ तो बोले यह काम किसने किया। एकलव्य ने स्वीकार किया और बोले कि आपकी मूर्ति बनाकर उसके सामने मैंने धनुष विद्या हासिल की है। द्रोणाचार्य ने कहा कि आपने शिक्षा ली है इसलिए दक्षिणा दीजिए। गुरु द्रोणाचार्य ने गुरु दक्षिणा के रूप में एकलव्य से उसका अंगूठा मांग लिया। इसी तरह से भाजपा हिंदुस्तान के युवकों का अंगूठा काटने में लगी है और भाजपा सरकार आज इसी तरह से अडानी को सारे काम देकर देश के युवाओं, गरीबों, कमजोरों का अंगूठा काट रहे हैं। उनका कहना था कि सरकार ने अग्निवीर योजना लेकर युवकों का अंगूठा काटा है, 70 बार पेपर लीक करवा कर सरकार ने युवाओं का अंगूठा काटा है। किसान अपने हक की लड़ाई के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन किसान की बात नहीं की जा रही है और उसका भी अंगूठा काटा जा रहा है।

## सरकार लोकसभा में सोमवार को पेश करेगी एक देश एक चुनाव संबंधी विधेयक




नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार एक देश, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आगामी 16 दिसंबर को लोकसभा में पेश करेगी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल निचले सदन में संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा के क्रियान्वयन के लिए संवैधानिक संशोधन विधेयक को गत 12 दिसंबर को मंजूरी दी थी। मंत्रिमंडल ने दो मसौदा कानूनों को मंजूरी दी है, जिसमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव से जुड़ा है। संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए दो तिहाई बहुमत, जबकि दूसरे विधेयक के लिए सदन में सामान्य बहुमत की आवश्यकता होगी। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली एक उच्चस्तरीय समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ-साथ चरणबद्ध तरीके से नगर निकाय और पंचायत चुनाव कराने का भी प्रस्ताव दिया था, लेकिन मंत्रिमंडल ने फिलहाल स्थानीय निकाय चुनावों के मुद्दे से दूरी रखने का निर्णय किया है।

## वायु सेना प्रमुख ने स्नातक कैडेट्स से वायुसेना के मूल्यों और सम्मान को बनाए रखने का आग्रह किया

हैदराबाद, एजेंसी

हैदराबाद। भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने शनिवार को तेलंगाना के हैदराबाद में स्थित वायुसेना अकादमी से स्नातक कर रहे कैडेट्स से भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के प्रतिष्ठा, परंपराओं और सम्मान को बरकरार रखने का आग्रह किया। उन्होंने वायु सेना अकादमी में भारतीय वायुसेना की संयुक्त पासिंग आउट परेड के समीक्षा अधिकारी के रूप में कार्य किया। कैडेट्स को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि उनका करियर न केवल चुनौतीपूर्ण है बल्कि सम्मानजनक भी है। उन्होंने कहा कि चाहे आसमान में हों या जमीन पर अधिकारियों की अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका होती है और उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अपनी जिम्मेदारी और भूमिका को पूरी तरह से समझें और उसी के अनुसार कार्य करें। नव नियुक्त अधिकारियों को भविष्य के नेता और कमांडर बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि जिम्मेदारी उनके जीवन में एक प्रेरक कारक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि युवा अधिकारी भारतीय वायु सेना के मूल मूल्यों, ईमानदारी और उत्कृष्टता को अपने करियर में मार्गदर्शक मानेंगे तो वे कभी गलत नहीं होंगे।

## किसानों के मार्च से पहले अंबाला के 12 गांवों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित

चंडीगढ, एजेंसी

चंडीगढ। शंभू बॉर्डर से दिल्ली की ओर किसानों का विरोध मार्च फिर से शुरू होने से कुछ घंटे पहले हरियाणा सरकार ने शनिवार को सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए अंबाला जिले के 12 गांवों में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई एसएमएस भेजने की सेवाओं को निलंबित कर दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) सुमिता मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह निलंबन 17 दिसंबर तक लागू रहेगा। आदेश में कहा गया है, ह्यह्यअतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी, हरियाणा और उपायुक्त अंबाला की ओर से मेरे संज्ञान में लाया गया है कि कुछ किसान संगठनों द्वारा दिए गए दिल्ली कूच के आह्वान के मद्देनजर अंबाला के क्षेत्र में तनाव, गड़बड़ी, आंदोलन, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने और सार्वजनिक शांति तथा सौहार्द भंग होने की आशंका है। मिश्रा ने कहा कि अंबाला के डंगडेहरी, लेहगढ़, मानकपुर, ददियाना, बड़ी घेल, छोटी घेल, ल्हारसा, कालू माजरा, देवी नगर (हीरा नगर, नरेश विहार), सद्दोपुर, सुल्तानपुर और काकरू गांवों में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवा को निलंबित करने का आदेश जारी किया गया है। यह निलंबन 14 दिसंबर को सुबह छह बजे से 17 दिसंबर को रात 11.59 बजे तक लागू रहेगा। पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू बॉर्डर पर विरोध स्थल से 101 किसानों का एक ह्यजत्थाह्न शनिवार दोपहर 12 बजे दिल्ली के लिए अपना पैदल मार्च फिर से शुरू करेगा। किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के लिए मार्च कर रहे हैं। वे केंद्र पर अपने मुद्दों को हल करने के लिए बातचीत करने का भी दबाव बना रहे हैं। हरियाणा की सीमा पर सुरक्षाकर्मियों की भारी तैनाती की गयी है। इससे पहले हरियाणा सरकार ने छह से नौ दिसंबर तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, एक साथ कई एसएमएस भेजने की सेवाएं निलंबित कर दी थीं। शनिवार को जारी एक नए आदेश में मिश्रा ने कहा, मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं वॉइस कॉल को छोड़कर मोबाइल इंटरनेट सेवाओं, बल्क एसएमएस और मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली सभी डोंगल सेवाओं को निलंबित करने का आदेश देती हूं।

## अडानी मुद्दे पर शरद पवार ने भी छोड़ा कांग्रेस का साथ, अकेले पड़े राहुल गांधी

### टीएमसी ने कहा-एक उद्योगपति पर चर्चा करने से ज्यादा कई अहम मुद्दे भी हैं

नई दिल्ली, एजेंसी



मुंबई/नई दिल्ली, 14 दिसंबर (वेब वार्ता)। अडानी मुद्दे पर कांग्रेस अब अकेली पड़ती नजर आ रही है। अब इंडिया गठबंधन के साथ शरद पवार की पार्टी ने भी इस मामले में बढ़ते अलगाव का संकेत दिया है। एनसीपी शरद पवार ने कहा कि संसद के समय का बेहतर उपयोग होगा अगर वह किसानों और युवाओं के मुद्दों पर चर्चा करे, न कि व्यापारी के साथ संबंधों की। कांग्रेस के सहयोगी टीएमसी, शिवसेना (यूबीटी) और समाजवादी पार्टी ने अभी तक इस मुद्दे से दूरी बना रखी है, केवल कांग्रेस ने संसद में विरोध प्रदर्शन किया है। टीएमसी ने कहा है कि उद्योगपति गौतम अडानी पर चर्चा करने से ज्यादा महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। अब शरद पवार के भी कांग्रेस के से पल्ला झाड़ने के बाद कांग्रेस पर दबाव बढ़ सकता है और वह अडानी मुद्दे से पीछे हट सकती है। शुक्रवार को लोकसभा में संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने पर बहस हुई थी। एनसीपी (एसपी) सांसद अमोल कोल्हे ने कहा कि संविधान ने संसद को संवैधानिक प्रणाली में प्रमुख स्थान दिया है। दुर्भाग्य से, कई बार हम अनुभव करते हैं कि इसे राजनीतिक युद्ध के मैदान में बदल दिया गया है। व्यक्तिगत टिप्पणियों के कारण संसद को कई बार स्थगित किया जाता है। सांसाद कोल्हे ने कहा कि हमें इस बात की ज्यादा चिंता होनी चाहिए कि हमारे किसानों और युवाओं की आवाज यहां उठती है या नहीं, बल्कि एक राजनीतिक नेता का एक कॉरपोरेट के साथ क्या संबंध है, कौन सा नेता किसी के पलायन में कहां गया है, या किस विदेशी नेता ने एक स्थानीय नेता को चंदा दिया है। हम राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर चर्चा चाहते हैं, न कि राजनीतिक नारों पर। यह कुछ ऐसा है जिससे सरकार और विपक्ष दोनों को अवगत होना चाहिए। सांसद सुप्रिया सुले जो कोल्हे के बगल में बैठी थीं, पूरे भाषण के दौरान अपनी सहमति जताती रहीं। एनसीपी प्रमुख और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार, शरद पवार के भतीजे ने हाल ही में कहा था कि पांच साल पहले अडानी ने बीजेपी और एनसीपी के बीच महाराष्ट्र सरकार गठन की बात करवाई थी। यह तब था जब 2019 में महाराष्ट्र चुनावों में गठबंधन की जीत के बाद शिवसेना के एनडीए से बाहर निकलने के बाद अजीत पवार ने देवेंद्र फडणवीस के साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने बुधवार को संसद को बाधित करने के लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों को जिम्मेदार ठहराया है। बनर्जी ने अडानी मुद्दे पर कांग्रेस के अटकने की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि हम यहां कुछ काम करने आए हैं। अडानी मुद्दा ही एकमात्र मुद्दा नहीं है। इतने सारे मुद्दे हैं। कांग्रेस अडानी से जुड़ी हुई है और बीजेपी जॉर्ज सोरोस से जुड़ी हुई है। क्या इसका मतलब यह है कि अन्य सभी मुद्दे दूर हो जाएंगे।

**रिहा** | **बोलें- सॉरी मैं कानून में यकीन रखता हूं..........**

# जेल में एक रात बिताने के बाद रिहा हुए अल्लू अर्जुन

हैदराबाद, एजेंसी

हैदराबाद। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को तेलंगाना हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद शनिवार सुबह हैदराबाद सेंट्रल जेल से रिहाई मिल गई। जेल से बाहर निकलने के बाद अल्लू अर्जुन ने मीडिया संग बातचीत की। उन्होंने कहा- चिंता की कोई बात नहीं है। मैं ठीक हूं। मैं कानून में यकीन रखता हूं। अदालत में यह केस चल रहा है तो मैं बीच में कमेंट नहीं करूंगा। मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं। मैं पुलिस के साथ सहयोग करूंगा। एक्टर के पिता अल्लू अरविंद और ससुर



कंचरला चंद्रशेखर उन्हें रिसीव करने पहुंचे थे। अल्लू अर्जुन की रिहाई से उनके फैन्स बेहद खुश हैं। जेल से रिहा होने के बाद अल्लू अर्जुन परिवार के पास अपने घर पहुंच गए हैं। घर पहुंचने पर उन्होंने सभी फैन्स का उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा किया। जिस महिला की जान गई है उनके परिवार के साथ मेरी संवेदना है। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। मैं परिवार को हर संभव तरीके से सहायता देने के लिए मौजूद रहूंगा। सभी के प्यार और सपोर्ट के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया। मैं आज यहां आप लोगों के सपोर्ट की वजह से हूं। मैं अपने फैन्स का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। बता दें कि 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में पुष्पा 2 की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मचने से एक महिला की जान चली गई थी। इसी मामले में एक्टर अल्लू अर्जुन को बीती रात (13 दिसंबर) को गिरफ्तार किया गया था। अल्लू अर्जुन को 14 दिन की रिमांड पर भेजे जाने के बाद उन्हें शुक्रवार को चंचलगुडा सेंट्रल जेल ले जाया गया था। बाद में तेलंगाना हाई कोर्ट ने उन्हें 50,000 रुपये के निजी मुचलके पर अंतरिम जमानत दे दी थी। जेल अधिकारियों को जमानत आदेश मिलने में देरी के कारण उन्हें रात जेल में ही बितानी पड़ी। जेल अधिकारियों ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता को जेल के पिछले गेट से रिहा किया। उन्हें एक एस्कॉर्ट वाहन में भेजा गया। अभिनेता सीधे गीता आर्ट्स के कार्यालय पहुंचे। वह बाद में जुबली हिल्स स्थित अपने आवास पर पहुंचेंगे। पुलिस ने उनके आवास के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। अल्लू अर्जुन ने शुक्रवार को रिमांड पर लिए गए नामपल्ली कोर्ट द्वारा दिए गए विशेष दर्जे के तहत मंजीरा ब्लॉक में रात बिताई। अभिनेता के बड़ी संख्या में प्रशंसक जेल के बाहर उनकी रिहाई का इंतजार करते रहे। अल्लू अर्जुन के वकीलों ने हाईकोर्ट के निदेशार्नुसार जेल अधीक्षक को 50,000 रुपये का निजी मुचलका जमा कराया। चार सप्ताह की अंतरिम जमानत देते हुए हाईकोर्ट ने पुलिस को जांच जारी रखने का निर्देश दिया था। साथ ही अभिनेता को जांच में सहयोग करने का भी निर्देश दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्घटना में बाइक सवार पत्नी की मौत, पति गंभीर, वाहन चालक पर केस दर्ज

**ऋषिकेश, एजेंसी।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार पत्नी की मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, राकेश त्यागी निवासी ग्राम सरावा थाना हापुड़ यूपी ने शिकायत देकर बताया कि आठ दिसंबर को उनका पुत्र तुषार त्यागी अपनी पत्नी अंजली त्यागी के साथ हापुड़ से अपनी ससुराल जमालपुर कलां कनखल मोटरसाइकिल से जा रहा था। जटवाड़ा पुल के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे नीचे गिरकर दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल भिजवाया गया। जहां से दोनों को एम्स अस्पताल ऋषिकेश में रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने अंजली त्यागी को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया था। कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### खो-खो वर्ल्ड कप में खेलेंगे अभिषेक और लक्ष्मण

**ऋषिकेश, एजेंसी।** भारत पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर स्थित गांव जलास में सेना की तरफ से आयोजित कृष्णा घाटी प्रीमियर लीग के 16वें दिन दो सेमीफाइनल मुकाबले हुए। पंजाल वारियर्स और एलओसी क्रिकेट क्लब ने जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला रिजुवल क्रिकेट क्लब और पंजाल वारियर्स के बीच खेला गया। इसमें भाजपा नेता रवींद्र रैना मुख्य अतिथि थे। रिजुवल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.2 ओवर में 107/10 का स्कोर बनाया। जवाब में पंजाल वारियर्स ने 13.3 ओवर में 108/3 का लक्ष्य हासिल कर लिया। पंजाल वारियर्स ने 7 विकेट मैच से जीत लिया। इमरान जुगनू को 3 विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा सेमीफाइनल मैच इलेवन स्टार क्लब और एलओसी क्रिकेट क्लब में खेला गया। इसमें इलेवन स्टार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 195/5 का स्कोर बनाया। मुर्तजा हिलाल ने 62 गेंदों में 102 रन बनाए। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए एलओसी क्रिकेट क्लब ने 18.5 ओवर में 197/7 का लक्ष्य हासिल कर 3 विकेट से मैच जीत लिया। 20 गेंदों में 42 रन बनाने और 1 विकेट लेने के लिए महबूब शेख को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### एक जनवरी को योग और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता


**बाराबंकी, एजेंसी।** कोतवाली क्षेत्र रामनगर के बुढ़गौरा निवासी जनसेवा केंद्र संचालक शिवम यादव को दिल्ली की साइबर पुलिस ने सूरतंगज से बाराबंकी पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया। पड़ताल में पता चला कि शिवम पांच राज्यों में हुई साइबर ठगी में लिप्त था। शहर के चिकित्सक के साथ हुई 61 लाख की ठगी में भी वह एक मोहरा था। पुलिस के अनुसार आठ महीने पहले बाराबंकी शहर निवासी चिकित्सक डॉ. योगेश वर्मा को सीबीआई आदि के नाम पर धमकाकर साइबर ठगों ने 61 लाख रुपये वसूले थे। उस मामले में पुलिस ने शिवम को गिरफ्तार किया था। पता चला है कि शिवम ठगों के कहने पर भोले-भाले लोगों को झांसा देकर खाते खुलवाता है। इस बीच नई दिल्ली के उत्तर पूर्व साइबर थाने में दर्ज ठगी के एक केस में शिवम का नाम सामने आया। शुक्रवार को दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर नंदन सिंह चौहान की टीम बाराबंकी पहुंची। स्थानीय पुलिस के सहयोग से शिवम को गिरफ्तार कर दिल्ली पुलिस साथ ले गई। पड़ताल में पता लगा कि कुछ दिन पहले ही हरियाणा के गुरुग्राम पश्चिम साइबर थाने की पुलिस ने भी शिवम को गिरफ्तार किया था। साइबर थाना के एसएचओ आलोक वर्मा ने बताया कि राजस्थान के उदयपुर व पं. बंगाल में भी हुई ठगी में भी शिवम का नाम सामने आया है।

# खुशनुमा जलवायु के बीच सीढ़ियों पर बसा उत्तराखंड का खूबसूरत पहाड़ी शहर, एडवेंचर टूरिज्म का ठिकाना

**देहरादून, एजेंसी।**
नई टिहरी उत्तराखंड का एक ऐसा खूबसूरत पहाड़ी शहर, जिसे चंडीगढ़ की तरह मास्टर प्लान से बसाया गया गया है। यह उत्तराखंड का एकमात्र शहर है, जो 21वीं सदी में देश के नक्शे में जुड़ा। भागीरथी और भिलंगना नदी के संगम पर बने देश के सबसे ऊंचे टिहरी बांध के पास की पहाड़ी पर बसा यह शहर सचमुच अनूठा है।

पंक्तिबद्ध मकान, सरकारी दफ्तर और व्यावसायिक भवनों के साथ यहां के पर्यटक स्थलों में भी अजीब-सा आकर्षण है। समुद्र की सतह से 1,550 से लेकर 1,950 मीटर तक की ऊंचाई पर मखमली-अनछुई हरियाली के बीच बसे इस शहर की घुमावदार साफ-सुथरी सड़कें, जगह-जगह बनाए गए सीढ़ीदार रास्ते, दूर-दूर तक फैली पहाड़ियां और ऊंचे-नीचे घने जंगल यहां आने वाले पर्यटकों को सम्मोहित-सा कर देते हैं।

नई टिहरी शहर टिहरी जिले का मुख्यालय होने के साथ एक आधुनिक एवं सुव्यवस्थित नगर है, जो चंबा कस्बे से 11 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां घरों के आसपास बनी इन सीढ़ियों पर से गुजरते हुए लोग स्वयं को पहाड़ की सभ्यता एवं संस्कृति के बेहद करीब पाते हैं। नई टिहरी में जलवायु सालभर खुशनुमा



रहती है। यहां आकर आप भागीरथीपुरम, डोबरा-चांठी पुल, रानीचौरी, बादशाही थौल, चंबा, बूढ़ा केदार मंदिर, धनोल्टी, कैम्पटी फाल, देवप्रयाग जैसे कई पर्यटन एवं तीर्थ स्थलों की आसानी से सैर कर सकते हैं।

टिहरी बांध और उसकी मानव निर्मित विशालकाय झील का नजारा तो यहां से देखते ही बनता है। शहर की सबसे ऊंची पहाड़ी पर बनाया गया पिकनिक स्थल तो धीरे-धीरे देश-विदेश के पर्यटकों की मनपसंद सैरगाह बनता जा रहा है। यहां से पर्यटकों को हिमाच्छादित पर्वत शृंखलाओं का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। इसलिए लोगों ने इस स्थान को 'स्नो व्यू' नाम दिया है। शानदार प्राकृतिक स्थलों के साथ नई टिहरी एडवेंचर एक्टिविटी का भी प्रमुख केंद्र है। आप यहां आकर रिवर-राफ्टिंग, ट्रेकिंग, राक क्लाइंबिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों का भी आनंद उठा सकते हैं।

टिहरी बांध की झील में डूब चुका मूल टिहरी नगर भागीरथी और भिलंगना नदी के तट पर स्थित था। पहले यह एक छोटा-सा गांव हुआ करता था, लेकिन वर्ष 1815 में गढ़वाल के राजा सुदर्शन शाह ने इस नगर को अपनी राजधानी बना दिया। इसी के नाम पर राज्य का नाम टिहरी गढ़वाल रियासत पड़ा। इस नगर का विस्तार तीन चौथाई मील लंबाई और आधा मील की चौड़ाई में हुआ था। 21वीं सदी की शुरुआत में भागीरथी व भिलंगना नदी के संगम पर टिहरी बांध का निर्माण होने के कारण पूरा टिहरी नगर जलमग्न हो गया। इसी के मद्देनजर सरकार ने तीन गांवों के साथ थोड़ी वन भूमि का अधिग्रहण कर बांध प्रभावितों के लिए नई टिहरी नगर की स्थापना की। वर्ष 2004 तक पुरानी टिहरी को पूरी तरह खाली कराकर यहां के निवासियों को नई टिहरी स्थानांतरित कर दिया गया। मध्य हिमालय के ऐतिहासिक-पौराणिक मंदिरों की श्रेणी में एक है बूढ़ा केदार धाम। समुद्रतल से 4,400 फीट की ऊंचाई और नई टिहरी से 59 किमी की दूरी पर स्थित इस मंदिर का भी पंचकेदार शृंखला के मंदिरों सरीखा ही महत्व है। बूढ़ा केदार का उल्लेख स्कंद पुराण के केदारखंड में सोमेश्वर महादेव के रूप में हुआ है। मान्यता है कि गोत्र हत्या के पाप से मुक्ति को पांडव इसी रास्ते स्वर्गारोहणी की ओर गए थे। यहीं बालगंगा-धर्मगंगा के संगम पर भगवान शिव ने बूढ़े ब्राह्मण के रूप में पांडवों को दर्शन दिए और बूढ़ा केदारनाथ कहलाए। मंदिर के गर्भगृह में विशाल लिंगाकार फैलाव वाले पाषाण पर भगवान शिव की मूर्ति और लिंग विराजमान है। इतना बड़ा शिवलिंग शायद ही देश के किसी शिवालय में हो। बगल में ही भू-शक्ति, आकाश शक्ति और पाताल शक्ति के रूप में विशाल त्रिशूल विराजमान है। बूढ़ा केदार मंदिर के पुजारी नाथ जाति के राजपूत होते हैं। वह, जिनके कान छिदे हों। नई टिहरी से 11 किमी दूर समुद्रतल से 1,676 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हिल स्टेशन चंबा सेब व खुबानी के बाग और बुरांश के फूलों के लिए जाना जाता है। टिहरी बांध, सुरकंडा देवी मंदिर और ऋषिकेश की ओर बढ़ रहे पर्यटकों के लिए चंबा एक आदर्श ठहराव स्थल है। यहां गबर सिंह नेगी मेमोरियल व बागेश्वर महादेव मंदिर जैसे लोकप्रिय स्थल पर्यटकों को अपनी ओर खींचते हैं। चंबा बर्ड वाचिंग के शौकीनों के लिए भी आदर्श स्थल है। छुटियां बिताने के लिए चंबा उन आरामदायक स्थलों में से एक है, जहां आप असीम शांति की अनुभूति कर सकते हैं।

## बडकोट के पास देर रात लगी भीषण आग, सात मकान सहित पांच दुकानें जलकर राख, लोगों ने भागकर बचाई जान

**बडकोट ( उत्तरकाशी), एजेंसी।** बडकोट के पास देर रात भीषण आग लगने से सात मकान सहित पांच दुकानें जलकर राख हो गई। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई।

उत्तरकाशी बडकोट के नगरपालिका क्षेत्र के लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास देर रात भीषण आग लग गई, जिससे यहां सात आवासीय मकानों सहित पांच दुकानें जलकर स्वाहा हो गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

आग करीब दो बजे के अचानक भड़की। देखते ही देखते मकान और दुकान जल कर स्वाहा हो गए। स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर



काबू पाया।

घर में रह रहे लोगों ने आग की लपटों में भाग कर जान बचाई। आग किस वजह से लगी इसका पता अभी नहीं लग पाया है।

## हरिद्वार में चौंकाने वाला मामला, किशोरी का अपहरण कर मंदबुद्धि से कराई जबरन शादी

**हरिद्वार, एजेंसी।**
रानीपुर कोतवाली क्षेत्र से अपहरण की गई एक किशोरी को सहारनपुर में बेचने के बाद मंदबुद्धि युवक से शादी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने किशोरी के अपहरण में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी आरोपित को गिरफ्तार किया तो पूछताछ में खुलासा हुआ। पुलिस अब बाकी आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि पिछले माह क्षेत्र के रहने वाले पेशे से रिक्शा चालक ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि रोहित सरावत निवासी लिसाढ माजरा हसनपुर थाना हसनपुर जिला शामली यूपी उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। लेकिन उसका अता पता नहीं चल सका था। इसी बीच पुलिस जांच में किशोरी के मोबाइल फोन में किसी अन्य सिम कार्ड का इस्तेमाल होने की बात सामने आई। पुलिस ने ग्राम सकरपुर थाना गंगोह सहारनपुर यूपी से किशोरी को बरामद कर लिया। उसके बाद सामने आया कि किशोरी को आरोपी रोहित सरावत ने एक महिला को चंद रुपये के लालच में बेच दिया था। महिला ने किशोरी की शादी अपने तीस वर्षीय मंदबुद्धि बेटे से करवा दी थी, जिसकी पत्नी की मौत हो गई थी। कोतवाली प्रभारी मोहन भंडारी ने बताया कि आरोपित रोहित को दबोच लिया गया है। बताया कि आरोपित रोहित पूर्व में महिला के घर कार्य कर चुका था और उसी ने ही अपने मंदबुद्धि पुत्र की शादी के लिए कोई लड़की लेकर आने की बात कही थी। उसी के तहत ही आरोपी निम्न वर्ग से ताल्लुक रखने वाली किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। किशोरी ने जब मंदबुद्धि के साथ रहने से इंकार किया, तब उसका मोबाइल फोन छीन लिया गया था। बताया कि आरोपित अपने परिवार के साथ यहां सिडकुल में किशोरी के घर के पड़ोस में रहता था और एक औद्योगिक इकाई में कार्यरत था।

## नेत्र जांच शिविर में बच्चों की सेहत और जागरूकता का संगम, रोटरी क्लब का सराहनीय कदम



**ऋषिकेश, एजेंसी।**
रोटरी क्लब ऋषिकेश दिवास और रोटरी क्लब दून गंगा ने मिलकर छिद्दरवाला स्थित श्री सांई बाबा इंटरनेशनल स्कूल में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 150 बच्चों ने नेत्र जांच का लाभ उठाया और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के नए आयाम छुए।

शिविर में एम्स ऋषिकेश के डॉक्टरों की टीम ने बच्चों की नेत्र जांच की। इसके साथ ही, मोहन फाउंडेशन के संचित अरोड़ा और महिपाल चौहान ने नेत्र और देहदान पर एक प्रेरणादायक जागरूकता सत्र आयोजित किया। शिविर के दौरान बच्चों के लिए एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें 85 बच्चों ने भाग लिया। विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनकी रचनात्मकता और भागीदारी को सराहा गया। रोटरी क्लब ऋषिकेश दिवास की अध्यक्षा तनु जैन ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने स्कूल प्रशासन और अन्य उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब दून गंगा के अध्यक्ष बलराज सिंह, सचिव बृजेश बिश्नोई, दिवास क्लब की सचिव डॉ. शुभांगी रैना, भावना कौशल, स्कूल निदेशक प्रीति शर्मा, प्रधानाचार्या स्वाति पांडेय और कोऑर्डिनेटर भावना कौशल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शीतकालीन धामों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, पंचमुखी मूर्ति के दर्शन कर धन्य हो रहे भक्त

**ज्योतिर्मठ/पांडुकेश्वर/उखीमठ, एजेंसी।** उत्तराखंड की बर्फीली वादियों में देवताओं की शीतकालीन यात्रा ने तीर्थयात्रियों के दिलों में नई ऊर्जा और उत्साह भर दिया है। गत आठ दिसंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा श्रीकेदारनाथ धाम के शीतकालीन गद्दीस्थल श्रीओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से चारधाम शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ होते ही श्रद्धालुओं का सैलाब पूजा स्थलों की ओर उमड़ पड़ा है।इस बार की यात्रा में श्रद्धालुओं की सबसे बड़ी आकर्षण है भगवान केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति और शीतकालीन गद्दीस्थलों पर चल रही दिव्य आराधना। ठंडी हवाओं और बर्फ की चादर के बीच भक्त भगवान केदारनाथ और बदरीविशाल के दर्शन कर खुद को धन्य महसूस कर रहे हैं। श्रीकेदारनाथ के कपाट बंद होने के बाद पंचमुखी डोली जब श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ पहुंचती है, तो मानो पूरी घाटी आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठती है। यहां न केवल केदारनाथ, बल्कि द्वितीय केदार श्रीमद्महेश्वर



जी की डोली भी भक्तों को दर्शन देती है। मंदिर में हो रही शीतकालीन पूजाएं और वेद मंत्रों की ध्वनि यात्रियों को एक अलौकिक अनुभव देती है।उधर, श्रीबदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद भगवान बदरीविशाल की शीतकालीन पूजा योग बदरी पांडुकेश्वर और श्री नृसिंह मंदिर, जोशीमठ में संपन्न हो रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि बर्फ की चादर में लिपटे इन मंदिरों में दर्शन करना किसी चमत्कार से कम नहीं।

तीर्थयात्रियों में बढ़ता क्रेज, हजारों ने लिया पुण्यलाभमुख्य कार्याधिकारी विजय थपलियाल के मुताबिक अब तक 3,000 से अधिक श्रद्धालु इन शीतकालीन धामों पर पूजा-अर्चना कर चुके हैं। इनमें से 2,230 श्रद्धालु श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ पहुंचे, जबकि 1,069 भक्त श्री नृसिंह मंदिर, जोशीमठ और 65 तीर्थयात्री योग बदरी पांडुकेश्वर में दर्शन कर चुके हैं।श्रद्धालु दीपक शर्मा जो दिल्ली से पहली बार शीतकालीन यात्रा पर आए हैं, कहते हैं कि हमने सिर्फ गर्मियों में बदरीनाथ-केदारनाथ की यात्रा के बारे में सुना था। लेकिन बर्फ से घिरे इन शीतकालीन स्थलों में पूजा करने का जो अनुभव है, वो अविस्मरणीय है। भगवान के पंचमुखी स्वरूप के दर्शन ने हमारी यात्रा को सार्थक कर दिया।

देवभूमि में सर्दियों का नया पर्यटन आकर्षणमुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर मंदिर समिति ने इस बार शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा देने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। शीतकालीन यात्रा अब सिर्फ धार्मिक महत्व तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह पर्यटकों को भी उत्तराखंड की ओर खींच रही है।मंदिरों में पूजा-अर्चना की जिम्मेदारी प्रधान पुजारी शिवशंकर लिंग और अन्य पुजारियों के कंधों पर है, जो वेद मंत्रों और पारंपरिक रीति-रिवाजों से यात्रियों का आध्यात्मिक अनुभव और भी दिव्य बना रहे हैं।

तीर्थयात्रियों के लिए मंदिर समिति का संदेशमुख्य कार्याधिकारी विजय थपलियाल ने तीर्थयात्रियों से आग्रह किया है कि शीतकालीन पूजा स्थलों पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और भगवान बदरीविशाल और केदारनाथ के दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करें।

## टांडा जंगल में चलेगा ऑपरेशन वी-विजुअल, वाहनों की गति दिखाने के लिए हाईवे पर लगेंगे स्पीड अलर्ट

**हल्द्वानी, एजेंसी।** टांडा जंगल की करीब 15 किमी की सड़क अब और भयावह होता जा रहा है। हाल ही में एक ट्रैक्टर-ट्राली से कार टकरा गई और दो लोगों की मौत हो गई। परिवहन विभाग अब रात में सड़क पर दृश्यता बढ़ाने के लिए सोमवार से ऑपरेशन वी विजुअल की शुरुआत करने जा रहा है।

हल्द्वानी-रामपुर हाईवे खून से लाल होता जा रहा है। रात में टांडा जंगल की करीब 15 किमी की सड़क अब और भयावह होता जा रहा है। हाल ही में एक ट्रैक्टर-ट्राली से कार टकरा गई और दो लोगों की मौत हो गई। परिवहन विभाग अब रात में सड़क पर दृश्यता बढ़ाने के लिए सोमवार से ऑपरेशन वी विजुअल की शुरुआत करने जा रहा है।

बता दें कि बेलबाबा मंदिर से रुद्रपुर बाईपास तक करीब 15 किमी का हिस्सा टांडा



जंगल का हिस्सा है। यहां सुनसान होने से वाहनों की रफ्तार काफी तेज हो जाती है। वहीं स्ट्रीट लाइटें न होने से रात में यह सफर हादसों को आमंत्रित करता है। वर्तमान में सड़कों पर डेलीनेटर (एक रॉड में लगा रिफ्लेक्टर टैप) और कैट आई (ब्लिंक करने वाली छोटी लाइट) लगे हैं। इससे सड़क की चौड़ाई का अंदाजा तो मिल जाता है। लेकिन सड़क पर चल बिना लाइट के ट्रॉली, ई-रिक्शा, साइकिल, ऑटो नहीं दिखाई देते हैं। तेज रफ्तार में जा रहा वाहन जब इन वाहनों के पास आ जाता है तो स्पीड अनियंत्रित हो जाती है और हादसा हो जाता है। रोड सेफ्टी के नोडल विमल पांडे ने बताया कि दृश्यता बढ़ाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली, ई-रिक्शा, साइकिल जैसे वाहनों पर रिफ्लेक्टर टैप लगाए जाएंगे। इसके अलावा जो पेड़ सड़क के बिल्कुल किनारे हैं, उन पर भी रिफ्लेक्टर टैप लगेगा। साथ ही क्रैश वैरियर को पूरी तरह रिफ्लेक्टर टैप लगाया जाएगा। इससे सड़क से कुछ ऊंचाई तक थोड़ी दृश्यता बढ़ेगी। इसके अलावा संबंधित विभाग से सोलर लाइटें लगवाने पर विचार किया जाएगा। सोमवार से रुद्रपुर और हल्द्वानी दोनों शहरों का परिवहन विभाग इस अभियान को शुरू करेगा। साथ ही रोज की रिपोर्ट संभागीय परिवहन अधिकारी को सौपेंगे। दिन और रात में रफ्तार पर लगाम लगाने के लिए जंगल के इस क्षेत्र में हर दो किमी पर रंबल स्ट्रिप लगेंगे। विभाग का मानना है इससे रफ्तार कम नहीं होगी लेकिन वाहन चालक यहां रेस नहीं देता है।

## उत्तराखंड पुलिस से दो कदम आगे साइबर ठग, दो साल में 3712 लोगों को लगाया चूना, लेकिन पकड़े गए बस तीन

**हल्द्वानी, एजेंसी।** साइबर अपराध के बाद जालसाजों को पकड़ने में पुलिस का प्रदर्शन अच्छा नहीं है। ठगी का मामला सामने आने के बाद पुलिस का फोकस सिर्फ एक बैंक खाते से दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर धनराशि को ब्लाक कराने पर होता है।

पुलिस इससे अधिक करने में तकनीकी रूप से खुद को सक्षम भी नहीं समझती है। कई बार साइबर अपराधियों को पकड़ने के बाद कंप्यूटर सिस्टम ही उठाकर ले आती है। देशव्यापी स्तर पर साइबर पुलिस का बेहतर नेटवर्क न होना साइबर ठगों की धरपकड़ में आड़े आ रहा है। नैनीताल जिले में पुलिस का रिकवरी दर भले संतोषजनक हो, लेकिन गिरफ्तारी शून्य है। दो साल में नैनीताल जिले में 3712 लोगों से 1.26 करोड़ की साइबर ठगी हुई।

पुलिस ने 3470 मामलों का सुलझाकर 69 केस दर्ज किए। दो साल में तीन ठगों को गिरफ्तार किया, मगर हैरानी यह है कि वर्ष 2024 में पुलिस एक भी साइबर ठग को नहीं पकड़ सकी है। नैनीताल ही नहीं, पूरे देश में साइबर ठगों का संगठित नेटवर्क है। बैंक अधिकारियों, मोबाइल सेवा प्रदत्त कंपनियों व स्थानीय ठगों से गठजोड़ से निपटना पुलिस के लिए आसान नहीं है। साइबर ठगी के मामले दर्शा रहे हैं कि ठग पुलिस से दो कदम आगे चल रहे हैं। पुलिस को साइबर ठगों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए तकनीकी रूप से और मजबूत होना होगा। सिपाही से लेकर अधिकारी तक को आधुनिक तकनीक संग खुद को भी बदलना होगा और बैंक व मोबाइल कंपनियों से बेहतर सामंजस्य स्थापित करने होंगे। जब तक इन सब पर काम नहीं होगा, तब तक साइबर अपराध के मामले सामने आते रहेंगे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण

नई दिल्ली, रविवार, 15 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### गाजियाबाद में 17 दिसम्बर को सुनीं जाएगी पेशनर्स की समस्याएं

गाजियाबाद । 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस मनाया जाएगा। इस दिन पेशनर्स की समस्याओं को सुना जाएगा। उप्र शासन के कार्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष दिनांक 17 दिसम्बर, को पेंशनर्स दिवस पूरे प्रदेश में मनाये जाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। जिससे कि राज्य सरकार के पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण हो सके। इस बारे में शासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि पेंशनर दिवस जनपद के जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी (एफ) की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। पेंशन दिवस में जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष भी भाग लेंगे। जिससे कि पेंशनरों की ऐसी समस्यायें जिनका निराकरण कार्यालयाध्यक्ष द्वारा किया जाना है, कि सुनवाई हो सके एवं उन पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। आमतौर पर पूर्व पेंशनर्स दिवस पर देखा गया है कि कार्यालयाध्यक्षों द्वारा पेंशनर दिवस में भाग नहीं किया जाता है। जिसके कारण पेंशनर दिवस आयोजित किये जाने के उद्देश्य की पूर्ति नहीं

# जीत-हार में अहम भूमिका निभाएंगी महिला वोटर्स, दिल्ली में इन सीटों पर दबदबा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित नहीं हुई है, परंतु वादों व दावों का खेल शुरू हो गया है। पार्टियां मतदाताओं को अपने साथ जोड़ने के लिए कई वादे कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के लिए फ्री बिजली-पानी व महिला बस यात्रा प्रमुख चुनावी हथियार है।

इसके साथ ही उसने महिलाओं को प्रति माह 21 सौ रुपये देने का वादा किया है। भाजपा के चुनाव संकल्प पत्र में भी महिलाओं को प्रमुखता दी जाएगी। उनके लिए बड़ी घोषणा करने की तैयारी चल रही है। प्रति माह आर्थिक सहायता के साथ ही उनके विकास के लिए कई अन्य योजनाएं शुरू करने का वादा होगा।

दिल्ली में लगभग 1.53 करोड़ मतदाता हैं जिसमें महिलाओं की संख्या 70 लाख से अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में राजनीति को लेकर उनकी जागरूकता भी बढ़ी है। यही कारण है कि पिछले विधानसभा चुनाव में 70 में



से 30 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं मतदाताओं का मत प्रतिशत पुरुषों से अधिक था।

बुराड़ी, किराड़ी, सुल्तानपुर माजरा, तुगलकाबाद महरौली, देवली, संगल विहार जैसे विधानसभा क्षेत्रों में जहां अनधिकृत कालोनी व झुग्गी बस्तियां अधिक हैं वहां भी महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान किया था। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले आप सरकार ने महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा की घोषणा की थी।

इस कार्यकाल के अंतिम बजट में आप सरकार ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान की घोषणा की थी। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपये देने की घोषणा की गई थी। पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने फिर से सत्ता में आने पर यह राशि बढ़ाकर 21 सौ रुपये करने का वादा किया है।

भाजपा भी चुनावी राजनीति में महिलाओं का महत्व समझ रही है। मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में आर्थिक सहायता के बल पर महिलाओं का समर्थन प्राप्त कर सत्ता प्राप्त करने में वह सफल रही है। अन्य दल भी इस फामूर्ले को अपनाकर सत्ता प्राप्त किए हैं। इसे देखते हुए दिल्ली भाजपा अपने संकल्प पत्र में महिलाओं के लिए आप से बड़ी घोषणा करने की तैयारी कर रही है।

पार्टी ने फ्री बिजली-पानी व बस यात्रा को न सिर्फ जारी रखने की घोषणा की है। अब महिलाओं के लिए घोषणा की बारी है। भाजपा नेताओं का कहना है कि महिलाओं को आप वादे पर विश्वास नहीं है, क्योंकि मार्च में पेश किए गए बजट में एक-एक हजार रुपये देने की घोषणा पर आज तक अमल नहीं हुआ है।

वर्ष 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव के समय भी आप ने महिलाओं को प्रति माह आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक वह लागू नहीं हुआ। वहीं, भाजपा शासित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, असम में महिलाओं को आर्थिक सहायता मिल रही है।

# कानून व्यवस्था को लेकर अरविंद केजरीवाल ने लिखी अमित शाह की चिट्ठी, मिलने का मांगा समय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आप के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए अमित शाह से मिलने का समय मांगा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्र सरकार के अधीन है। इसके बावजूद दिल्ली को अब अपराध की राजधानी के नाम से जाना जा रहा है।

अरविंद केजरीवाल ने बताया है की भारत के 19 मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध में नंबर वन पर है। हत्या के मामलों में दिल्ली नंबर वन पर है। दिल्ली में जबरन वसूली वाले गैंग सक्रिय हैं और खुलेआम फिरौती का कारोबार चला रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने अपनी चिट्ठी में आगे लिखा है कि दिल्ली के हवाई अड्डों और स्कूलों को ईमेल और फोन कॉल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिल रहीं हैं। ड्रग्स से जुड़े अपराधों में 350 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हैं।

उन्होंने अपनी चिट्ठी में इस बात का भी जिक्र किया कि मैं पूरी दिल्ली में लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हूं। इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने की जरूरत है। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से दिल्ली में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर बनी हुई है। अरविंद केजरीवाल सहित आप नेता इस मसले पर भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ लगातार हमला बोलते दिखाई दे रहे हैं। अरविंद केजरीवाल अपनी पदयात्रा, जनसभा और लोगों से मिलने के दौरान यह कहते नजर आ रहे हैं कि दिल्ली को देश-विदेश में अब क्राइम कैपिटल के नाम से जाना जा रहा है।

# त्रिलोकपुरी में गोलीबारी में घायल बॉडी बिल्डर की इलाज के दौरान मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



त्रिलोकपुरी में बुधवार रात पार्क में पांच गोलियां लगने से घायल बॉडी बिल्डर रवि यादव ने शुक्रवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, रवि के स्वजन ने आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला पुलिस उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कल्याणपुरी थाना ने पहले हत्या के प्रयास की धारा में प्राथमिकी की थी, बाद में इसमें हत्या की धारा जोड़ी गई है। मुख्य आरोपित सुनील गुप्ता उर्फ गोलू पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस शनिवार को पोस्टमार्टम कराएगी। रवि यादव परिवार के साथ त्रिलोकपुरी 13 ब्लाक में रहते थे। परिवार में मां, पत्नी और दो बच्चे हैं। वह बॉडी बिल्डर थे। पुलिस ने बताया कि त्रिलोकपुरी में रहने वाले सुनील से रवि की पुरानी रंजिश थी। बुधवार रात को रवि घर के पास के पार्क में दोस्तों के साथ बैठकर आग पर हाथ सेंक रहा था। तभी सुनील अपने दो दोस्तों के साथ पहुंचा और उसपर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। करीब पांच गोलियां रवि को लगी थी। उसे पटपड़गंज स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पूर्वी दिल्ली के डीसीपी अपूर्व गुप्ता ने घटना को लेकर कहा था कि कल्याणपुरी पीएस में 12 दिसंबर की रात लगभग 12:30 बजे गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। पीड़ित को तुरंत एलबीएस अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जांच के दौरान पुलिस ने बताया कि 10 से 15 साल से चल रहे पारिवारिक झगड़े के कारण उस व्यक्ति को गोली मारी गई। परिवार ने उसे मैक्स अस्पताल पटपड़गंज में स्थानांतरित कर दिया जहां आगे का इलाज शुरू हुआ। पीड़ित की पहचान 32 साल के रवि यादव के रूप में की गई है, जो एक पेशेवर जिम ट्रेनर है।

इस घटना को लेकर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट लिखा इ्यक अब दिल दहला देने वाली खबर के साथ। सरेआम गोलियां चल रही हैं। दिल्ली के अपराधियों में अब कानून व्यवस्था का कोई डर नहीं बचा।

### दिल्ली के मुद्दों पर कांग्रेस न्याय घोषणापत्र जारी करेगी

नई दिल्ली। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए दिल्ली कांग्रेस न्याय घोषणापत्र जारी करेगी। इसमें तमाम मुद्दों को समाहित किया जाएगा और उसके समाधान को लेकर पार्टी अपने विचार लोगों के सामने रखेगी। न्याय यात्रा के दौरान आम लोगों से मिले सुझावों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। राजधानी में 15 वर्षों तक शासन करने वाली कांग्रेस पिछले 11 सालों से सियासी संकट का सामना कर रही है। आम आदमी पार्टी के उदय के बाद से ही उसका जनाधार कम होता रहा है और पिछले दो विधानसभा चुनावों में तो उसे एक भी सीट हासिल करने में सफलता नहीं मिली थी। पार्टी की ओर से 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी गई है। वहीं, जनता के साथ जुड़ने के लिए पार्टी की ओर से न्याय घोषणापत्र तैयार किया जा रहा है। हाल ही में प्रदेश कांग्रेस ने एक खाली कुर्सी के साथ दिल्ली में यात्रा निकाली थी। इस खाली कुर्सी के साथ हर कोई दिल्ली को परेशान करने वाले मुद्दों की जानकारी रख सकता था। वहीं, न्याय यात्रा के दौरान भी अलग-अलग तबकों से उनकी परेशानियों को जानने और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया है। प्रदेश कांग्रेस घोषणापत्र समिति के चेयरमैन अनिल चौधरी ने बताया कि घोषणापत्र की उप समितियों के साथ चर्चा का एक दौर हो चुका है। इसी आधार पर न्याय घोषणापत्र को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही इसे जनता के समक्ष रखा जाएगा ताकि पूरे चुनाव के दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसका प्रचार किया जा सके।

# दिल्ली: स्कूल में बम की धमकी देने वाले छात्र को हिरासत में लिया गया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दक्षिण दिल्ली के वसंत विहार इलाके में स्थित अपने स्कूल में बम की धमकी वाला ई-मेल भेजने के आरोप में 12 वर्षीय एक छात्र को हिरासत में लिया गया। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि यह विद्यालय उन 30 विद्यालयों में शामिल था, जिन्हें शुक्रवार को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली थी। उन्होंने बताया कि छात्र का पता लगा लिया गया और तुरंत उसे हिरासत में ले लिया गया। सूत्र ने बताया कि उसके माता-पिता को चेतावनी दी गई और बाद में उसे जाने दिया गया। सूत्रों ने कहा कि छात्र ने पुलिस को बताया कि उसने दिल्ली के कई विद्यालयों को बम की धमकी मिलने की खबर देखने के बाद यह ई-मेल भेजा था।

सूत्र ने बताया कि उसे लगा कि वह पकड़ा नहीं जाएगा क्योंकि पहले के मामलों में कोई भी आरोपी अभी तक पकड़ा नहीं गया है। गत सोमवार को कम से कम 44 विद्यालयों को इसी प्रकार के ईमेल प्राप्त हुए।

दिल्ली के एक स्कूल को शनिवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जो इस सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल भेजे जाने की तीसरी घटना है।

### दिल्ली के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी, इस सप्ताह तीसरी घटना

नई दिल्ली। दिल्ली के एक स्कूल को शनिवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल भेजे जाने की यह तीसरी घटना है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया, हमें सुबह छह बजकर नौ मिनट पर दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम में बम की धमकी मिलने के बारे में फोन आया। अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन विभाग, स्थानीय पुलिस, श्वान दस्ता और बम निरोधक दस्ता स्कूल पहुंचा और तलाश अभियान शुरू किया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला लेकिन तलाश अभियान जारी है। शुक्रवार को करीब 30 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां ईमेल के जरिए मिलीं थीं जिसके बाद कई एजेंसियों ने स्कूल परिसरों की तलाशी ली। इससे पहले सोमवार को कम से कम 44 स्कूलों को इसी तरह के ईमेल मिले थे। तलाश के दौरान कुछ भी संदिग्ध न मिलने पर पुलिस ने इन धमकियों को अफवाह बताया था।

# त्रिलोकपुरी में फायरिंग के बाद घायल बॉडी बिल्डर की अस्पताल में मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

त्रिलोकपुरी में बुधवार रात पार्क में पांच गोलियां लगने से घायल बॉडी बिल्डर रवि यादव ने शुक्रवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, रवि के स्वजन ने आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला पुलिस उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

कल्याणपुरी थाना ने पहले हत्या के प्रयास की धारा में प्राथमिकी की थी, बाद में इसमें हत्या की धारा जोड़ी गई है। मुख्य आरोपित सुनील गुप्ता उर्फ गोलू पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस शनिवार को पोस्टमार्टम कराएगी। रवि यादव परिवार के साथ त्रिलोकपुरी 13 ब्लाक में रहते थे।

पार्क में दोस्तों के साथ बैठकर सेंक रहा था आग परिवार में मां, पत्नी और दो बच्चे हैं। वह बॉडी बिल्डर थे। पुलिस (ऊँ ढक्क्ूी) ने बताया कि त्रिलोकपुरी में रहने वाले सुनील से रवि की पुरानी रंजिश थी। बुधवार रात को रवि घर के पास के पार्क में दोस्तों के साथ बैठकर आग पर हाथ सेंक रहा था। तभी सुनील अपने दो दोस्तों के साथ पहुंचा और उसपर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। करीब पांच गोलियां रवि को लगी थी। उसे पटपड़गंज स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बाद में भेजा गया मैक्स अस्पताल पटपड़गंज पूर्वी दिल्ली के डीसीपी अपूर्व गुप्ता ने घटना को लेकर कहा था कि कल्याणपुरी पीएस में 12 दिसंबर की रात लगभग 12:30 बजे गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। पीड़ित को तुरंत एलबीएस अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जांच के दौरान पुलिस ने बताया कि 10 से 15 साल से चल रहे पारिवारिक झगड़े के कारण उस व्यक्ति को गोली मारी गई। परिवार ने उसे मैक्स अस्पताल पटपड़गंज में स्थानांतरित कर दिया जहां आगे का इलाज शुरू हुआ। पीड़ित की पहचान 32 साल के रवि यादव के रूप में की गई है, जो एक पेशेवर जिम ट्रेनर है। इस घटना को लेकर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है।

# बदमाश सोनू मटका एनकाउंटर में ढेर, दिल्ली में डबल मर्डर केस में था वॉन्टेड

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस ने दोहरे हत्याकांड के आरोपी और 50 हजार के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में ढेर कर दिया. वह हाशिम बाबा गैंग का कुख्यात शूटर था. उसके खिलाफ यूपी और दिल्ली में लूट और हत्या के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं. शनिवार की सुबह यूपी स्पेशल टास्क फोर्स और दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के साथ संयुक्त ऑपरेशन में दिल्ली में दोहरे हत्याकांड का वांछित और 50, 000 रुपये का इनामी बदमाश सोनू मटका मेरठ जिले के टीपी नगर थाने में मुठभेड़ के दौरान घायल हो गया. वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर पुलिस हेडक्वार्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए डीसीपी स्पेशल सेल प्रतीक्षा गोदारा ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराधियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस लगातार काम कर रही है. दिवाली पर हुए फर्श बाजार दोहरे हत्याकांड पर लगातार टीम काम कर रही थी. जब फर्श बाजार में दोहरा हत्याकांड हुआ था तब से लगातार पुलिस टीम टेक्निकल इंटेलिजेंस पर काम कर रही थी. फर्श बाजार दोहरे हत्याकांड को लेकर दी जानकारी : जब शनिवार सुबह हमें एक जानकारी हासिल हुई कि दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी सोनू अनिल एलिस उर्फ मटका का अपने गांव बागपत जाने का कार्यक्रम है . हमने अपनी एक टीम को बागपत की ओर रवाना किया. बागपत का कार्य क्षेत्र उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आता है. इसलिए यह सूचना यूपी पुलिस से भी साझा की गई. यूपी पुलिस में उनकी एसटीएफ हमारे साथ-साथ आई. जब हम उसका पीछा कर रहे थे. मेरठ बाईपास पर जब वह गिरा तो उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी. इस दौरान अपने बचाव में पुलिस वालों ने फायरिंग कर दी. इस पुलिस फायरिंग में वह गंभीर रूप से घायल हो गया .जब उसे अस्पताल पहुंचाया गया तो उसे मृत घोषित कर दिया गया. पुलिस से मिली जानकारी में ये खुलासा हुआ है कि साल 2015 से यह एक्टिव है इस पर लगभग 6 जघन्य अपराधों के मुकदमे लूटपाट और हत्या के मुकदमे हैं. साल 2021 में यह जमानत पर बाहर आया था उसके बाद से ही दो लूटपाट की घटनाओं में वांछित चल रहा था. एक करोल बाग और दूसरी लाहौरी गेट में था. जिसमें उसके ऊपर 50, 000 और 1 लाख का इनाम घोषित किया गया था. तीसरा फर्श बाजार दोहरा हत्याकांड जो दीपावली के मौके पर हुआ उसमें यह वांछित अपराधी था. रळक्रने हम से सूचना साझा की थी ताकि हमारी टीम उसे ट्रैक करे. मटका के कब्जे से 2 पिस्टल, 1 मोटरसाइकिल 13 लाइव कार्टेज बरामद : मृतक अपराधी मटका के कब्जे से पुलिस ने दो पिस्टल हमने बरामद किए हैं. एक

# दिल्ली हाईकोर्ट के डर से आप सरकार ने लंबित सीएजी रिपोर्ट एलजी को सौंपी: उपराज्यपाल सचिवालय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2017 से 2021 तक लंबित नियंत्रक व महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्ट के संबंध में उपराज्यपाल सचिवालय ने शनिवार को स्पष्ट किया कि आतिशी सरकार ने हाईकोर्ट की फटकार के डर से यह रिपोर्ट सौंपी है.

एलजी सचिवालय की तरफ से जारी नोट में बताया गया है कि दिल्ली हाईकोर्ट के प्रतिकूल आदेश के डर से आप सरकार ने लंबे समय से लंबित सीएजी रिपोर्टों को जल्दबाजी में उपराज्यपाल को सौंपी, ताकि रिपोर्टों को सार्वजनिक करना संभव हो सके. इन 14 लंबित सीएजी रिपोर्टों में से 11 उस समय से संबंधित हैं जब केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे. रिपोर्ट में डीटीसी, सार्वजनिक स्वास्थ्य और मोहल्ला क्लीनिक, राज्य सार्वजनिक उपक्रमों पर रिपोर्ट शामिल हैं, जहां आप सरकार की भारी गड़बड़ियों और विफलताओं का विवरण दिया गया है.




विजेंद्र गुप्ता ने हाईकोर्ट में दायर की थी याचिकाः पिछले दिनों संपन्न विधानसभा सत्र से पहले दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर किया था. इस याचिका के बाद सरकार को लंबे समय से लंबित 14 सीएजी रिपोर्टों को सदन के पटल पर रखने का निर्देश देने की मांग की गई, सरकार जल्दबाजी में अपना चेहरा बचाने की कोशिश की है. हाईकोर्ट में सुनवाई से ठीक एक दिन पहले 11 दिसंबर को अपराह्न 03:30 बजे 12 रिपोर्टें और 12 दिसंबर को शाम 07:50 बजे 2 रिपोर्टें कोर्ट की सुनवाई समाप्त होने के बाद एलजी सचिवालय को भेजी गई. आम आदमी पार्टी सरकार में वित्त मंत्री व मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा एलजी सचिवालय को सौंपी गई 497 दिनों से लंबित सीएजी रिपोर्टों की सूची भी एलजी सचिवालय ने जारी किया है.

एलजी ने सीएम और स्पीकर को लिखी थी चिट्ठीः बता दें, गत कई महीनों से उपराज्यपाल सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी व विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास को सीएजी रिपोर्ट विधानसभा पटेल पर रखने के संबंध में पत्र लिखा था. बावजूद यह रिपोर्ट विधानसभा सत्र में पेश नहीं किया गया. विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सीएजी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को लेकर जब हाईकोर्ट में याचिका दायर की, तोर कोर्ट ने इस मामले पर संज्ञान लिया, तब दिल्ली सरकार ने आबकारी कर, प्रदूषण और वित्त से संबंधित रिपोर्ट विधानसभा पटल पर रखने के लिए एलजी को भेज दिए. यह जानकारी दो दिन पहले ही दिल्ली सरकार ने हाईकोर्ट में दी थी. मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को है.

# मुठभेड़ में नीरज बवाना गिरोह के बदमाश को लगी गोली, दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली । दक्षिण-पूर्वी जिले के एएटीएस स्टाफ ने मुठभेड़ के दौरान नीरज बवाना गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में गोली लगने से आरोपित घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। वह हत्या, हत्या प्रयास सहित अन्य संगीन वारदातों में शामिल रहा है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने कापसहेड़ा बॉर्डर इलाके में विपिन उर्फ काला बंदर को एनकाउंटर में गिरफ्तार किया था। उसे भी पुलिस की गोली लगी थी।

पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि बदमाश की पहचान ग्रेटर कैलाश पार्ट एक के जमरूदपुर निवासी सचिन के रूप में हुई है। पुलिस ने उससे्र अत्याधुनिक पिस्तौल, एक मैगजीन, दो खाली कारतूस और एक बाइक बरामद की गई है। वह लाजपत नगर में हत्या प्रयास के मामले में वांछित था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 12 दिसंबर को एएटीएस टीम को सूचना मिली थी कि बदमाश सचिन 13 दिसंबर की सुबह फरीदाबाद से करणी सिंह शूटिंग रेंज रोड होते हुए तुगलकाबाद आएगा।

पुलिस को पता चला कि वह अभिषेक उर्फ पिद्दी के साथ लाजपत नगर में हुई फायरिंग की वारदात में भी शामिल रहा है। पुलिस ने करणी सिंह शूटिंग रेंज मुख्य सड़क पर घेराबंदी कर ली। जैसे ही सचिन बाइक से आया तो पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। इस पर आरोपित ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। एक गोली एसआइ शुभम चौधरी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी कार्रवाई में आरोपित सचिन के दाहिने पैर में पुलिस की गोली लगी। तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया और उपचार के लिए एम्स ट्रामा सेंटर भेज दिया।

मूलरूप से बिहार के मधुबनी के रहने वाला बदमाश सचिन जमरूदपुर में किराए पर रहता है। उसके पिता कैलाश कॉलोनी में रेहड़ी लगाते हैं। 10वीं कक्षा में पढ़ते समय वह अभिषेक उर्फ पिद्दी के संपर्क में आया और उसके साथ काम करने लगा। इसके बाद वह कुख्यात नीरज बवाना गिरोह के बदमाश सुबेग उर्फ शिब्बू के संपर्क में और नाबालिग रहते हुए उसके गिरोह में शामिल हो गया। इससे पहले वह सात वारदात में शामिल रहा है। पुलिस उसे गिरफ्तार कर पूछताछ में जुट गई है।

### गाजियाबाद में 95 फीसदी छात्रों ने दी निपुण असेसमेंट परीक्षा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के सभी छात्रों की निपुण असेसमेंट परीक्षा (एनएटी) का आयोजन किया गया। दो दिवसीय परीक्षा के दूसरे दिन परीक्षा शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। निपुण आकलन परीक्षा का यह महापर्व जनपद के सभी 446 परिषदीय विद्यालयों में आयोजित किया गया। निपुण परीक्षा में बच्चों के हिंदी, गणित, पर्यावरण, विज्ञान और सामाजिक विषय के ज्ञान को परखा गया। परीक्षा में नामांकित 45,159 छात्रों में से 43,225 छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा में प्रतिभागी छात्रों की उपस्थिति 95 प्रतिशत रही। सर्वाधिक उपस्थित 98.4% मुरादनगर ब्लॉक में रही। सबसे कम नगर क्षेत्र की 93.3 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति रही। परीक्षा में ओएमआर शीट पर स्वयं बच्चों द्वारा दिए गए उत्तरों को परख ऐप से शिक्षकों द्वारा स्कैन करके राज्य परियोजना कार्यालय को भेजा गया है।

# नई दिल्ली सीट पर मुकाबला होगा त्रिकोणीय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पश्चिमी दिल्ली से पूर्व भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। प्रवेश वर्मा ने पुष्टि की कि पार्टी ने उन्हें इस सीट के लिए तैयार रहने को कहा है। आईएएनएस से बात करते हुए वर्मा ने कहा, ह्लभाजपा ने मुझे इस सीट के लिए तैयारी करने के लिए कहा है। मैं तैयारी कर रहा हूं, लेकिन हमारी आधिकारिक उम्मीदवारों की सूची अभी घोषित नहीं की गई है ह्व

बता दें, नई दिल्ली विधानसभा सीट से फिलहाल अरविंद केजरीवाल विधायक हैं। कांग्रेस ने दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को नई दिल्ली विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, अरविंद केजरीवाल ने भी यह कन्फर्म कर दिया है कि वह नई दिल्ली सीट से ही चुनाव लड़ेंगे।

नई दिल्ली सीट पर जबर्दस्त राजनीतिक लड़ाई का इतिहास



नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र पर जबर्दस्त राजनीतिक लड़ाई का इतिहास रहा है। शीला दीक्षित 2013 और 2015 में अरविंद केजरीवाल से हार गईं थी। इस कारण संदीप दीक्षित के लिए यह चुनाव सिर्फ एक राजनीतिक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि अपने परिवार की राजनीतिक विरासत को पुनः प्राप्त करने और क्षेत्र में केजरीवाल के प्रभुत्व को चुनौती देने का एक अवसर है।

केजरीवाल को अपने वादे पर कायम रहना चाहिएः वर्मा

प्रवेश वर्मा ने कांग्रेस के उम्मीदवार की पसंद की आलोचना करते हुए आगामी राजनीतिक टकराव पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ह्लकांग्रेस ने यहां से संदीप दीक्षित को अपना उम्मीदवार बनाया है। उनकी मां तीन बार विधायक रहीं और सीएम रहीं। जहां तक केजरीवाल की बात है तो अभी तक यह अनिश्चित है कि वह यहां से चुनाव लड़ेंगे या नहीं। केजरीवाल कह रहे हैं कि वह यहीं से लड़ेंगे। देखते हैं क्या होता है। मुझे लगता है कि मनीष सिसोदिया की तरह केजरीवाल को हार देखकर भागना नहीं चाहिए बल्कि उन्हें अपने वादे पर कायम रहना चाहिए ह्व बता दें, सिसोदिया ने जंगपुरा से चुनाव लड़ने के लिए पटपड़गंज की अपनी सीट छोड़ दी थी। इस सीट पर अवध ओझा उम्मीदवार बनाए गए हैं।

रोहिंग्या और बांग्लादेशी मतदाताओं की हो पहचानः प्रवेश वर्मा

प्रवेश वर्मा ने दिल्ली में रोहिंग्या और बांग्लादेशी मतदाताओं की मौजूदगी पर गंभीर चिंता जताई है और इस बात पर जोर दिया है कि यह मुद्दा राजनीति से परे है और राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। उन्होंने कहा कि चिंता दिल्ली को सुरक्षित बनाने की होनी चाहिए। रोहिंग्या और बांग्लादेशी दिल्ली में रह रहे हैं और जब भी दिल्ली पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करती है तो आम आदमी पार्टी दुख व्यक्त करती है। उन्होंने दिल्ली पुलिस से अनुरोध किया है कि वह फर्जी वोटरों की पहचान करें और उनके खिलाफ कार्रवाई करें।

# दिल्ली में पुलिस आपके अधीन, फिर भी इसे अपराध की राजधानी कहा जा रहा है : केजरीवाल ने शाह से कहा



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस मुद्दा पर चर्चा के लिए मुलाकात का समय देने का अनुरोध किया। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने शाह को लिखे पत्र में दावा किया कि शहर को देश की अपराध राजधानी कहा जा रहा है। उन्होंने हाल ही में कई विद्यालयों और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी का भी हवाला दिया।

यह पत्र फरवरी 2025 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले आया है। केजरीवाल ने पत्र में कहा, यह कितना शर्मनाक है कि आपकी देखरेख में गौरवशाली राजधानी कानून-व्यवस्था की असफलता के कारण अब रेप कैपिटल, गैंगस्टर कैपिटल, ड्रग कैपिटल जैसे नामों से जानी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं, जबरन वसूली करने वाले गिरोह हर गली में सक्रिय हैं, ड्रग माफिया पूरी दिल्ली में अपने पैर पसार चुके हैं। मोबाइल फोन और चेन छीनने की घटनाओं से लोग परेशान हैं।

केजरीवाल ने कहा कि पिछले छह महीनों में 600 से अधिक स्कूलों, 100 से अधिक अस्पतालों, मॉल और हवाईअड्डों को बम की धमकी वाले संदेश मिले हैं। उन्होंने सवाल किया, दोषियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि बम की धमकियों के कारण दिल्ली में बच्चे और उनके माता-पिता लगातार डर के साये में जी रहे हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि जब स्कूल खाली कराकर छात्रों को घर भेज दिया जाता है तो बच्चों और उनके माता-पिता का क्या होगा?

उन्होंने कहा कि दिल्ली की कानून-व्यवस्था केंद्र के अधीन है और इस बात पर जोर दिया कि शाह को स्थिति को तुरंत सुधारने के लिए कार्रवाई और सहयोग करना चाहिए।केजरीवाल ने दावा किया कि महिलाओं के खिलाफ अपराध और हत्याओं के मामले में 19 महानगरों में दिल्ली पहले स्थान पर है। उन्होंने दावा किया कि 2019 से अबतक मादक पदार्थ से जुड़े अपराधों में 350 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, हर दिन औसतन तीन महिलाओं के साथ दुष्कर्म होता है और व्यापारियों को नियमित रूप से जबरन वसूली के कॉल आते हैं। उन्होंने कहा, ये आंकड़े बदहाल हो चुकी कानून और व्यवस्था की गवाही दे रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि वह लोगों के बीच जा रहे थे और उन्होंने पाया कि कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों में गहरी चिंता है।उन्होंने कहा, आज दिल्लीवासियों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या देश की राजधानी दिल्ली में हम बेहतर कानून-व्यवस्था के हकदार नहीं हैं? केजरीवाल ने पत्र में शाह से इस मुद्दे पर मुलाकात के लिए समय देने का अनुरोध करते हुए कहा कि स्थिति बहुत खराब है और राजनीति से ऊपर उठकर कानून-व्यवस्था को पटरी पर लाना जरूरी है।

सम्पादकीय

# धमकियों से तो नहीं चल सकती संसद

संसद का शीत सत्र धमकियों से ठिठुरता नजर आ रहा है। इस सात्र के पास कामकाज के लिए गिने-चुने दिन बचे है। सात्र 20 दिसंबर को समाप्त हो जाएग। 25 नवमबर से शुरू हुए इस सत्र में या तो हंगामा हुआ है या फिर आपस में धमकियां दी गयीं हैं। संसद के सदस्य ही नहीं बल्कि सभापति भी इस घातक, अलोकतांत्रिक और अप्रिय घटनाक्रम में शामिल हैं। संसद के शीत सत्र में जो नजीरें बन रहीं हैं वे आने वाले दिनों के लिए बड़ी कष्टदायक हो सकती है। संसद के शीत सत्र की सबसे बड़ी त्रासदी राज्य सभा के सभापति के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव है। इस अविश्वास प्रस्ताव का नतीजा हालाँकि ढांक के तीन पात जैसा ही निकलेगा, लेकिन इसके बहाने संसद में जिस तरह के संवाद हो रहे हैं, धमकियां दी जा रहें हैं वे बहुत ही अशोभनीय हैं। सभापति जगदीप धनकड़ खुद को किसान का बेटा कहकर विपक्ष के आगे न झुकने की बात कर रहे हैं, वहीं विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे धनकड़ को अपने हुए अत्याचारों को गिनाकरधनकड़ को बोना साबित करने में लगे हैं। सदन में एक भी ऐसा नेता नहीं है है जो इस अप्रिय विवाद को सुलझाने के लिए आगे आया हो। सबके सब आपस में उलझ रहे हैं। जिस सदन में संविधान पर बहस होना चाहिए थी, उस सदन में बहस कम, मुठभेड़ें ज्यादा हो रहीं हैं। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने जब जस्टिस लोया की मौत पर सवाल खड़े किए तो उस पर भी सदन में खासा हंगामा हो गया. संविधान को लेकर महुआ मोइत्रा ने संसद में अपनी बात की शुरूआत हिलाल फरीद की नज्म- मुबारक घड़ी है.. से की। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने संविधान पर चर्चा के दौरान न्यायपालिका के रोल पर भी कई टिप्पणियां की. महुआ मोइत्रा ने पूर्व सीजेआई (डीवाई चंद्रचूड़) का बिना नाम लिए के उस बयान का भी जिक्र किया, जिसमें पूर्व चीफ जस्टिस ने राम मंदिर फैसले को लेकर कहा था कि उन्होंने फैसला देने से पहले भगवान का ध्यान लगाया था. महुआ मोइत्रा ने कहा कि हमको संविधान का ध्यान लगाने वाले जज चाहिए ना कि फैसला देने से पहले भगवान का ध्यान लगाने वाल। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस पर आपत्ति दर्ज करवाते हुए कहा कि महुआ मोइत्रा ने जो बातें कही है या तो वह उसको सदन में सत्यापित करें या फिर उनके खिलाफ संसदीय परंपरा के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आपको याद हो की इसे पहले टीएमसी के कल्याण बनर्जी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य के बीच भी बहस के दौरान धमकियों का आदान-प्रदान हो चुका है। बनर्जी ने सिंधिया को लेडी किलर कहा था, तो सिंधिया ने भी उन्हें अपने तरिके से धमकाया था। ऐसी तमाम घटनाएं हैं जो बेहद अफसोसनाक लगती हैं। अब बहुत कम सदस्य ऐसे बचे हैं जिनके बोलते समय संसद में पिन ड्राप सायलेंस की स्थितियां बनतीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बोले या विपक्ष के नेता हंगामा होता ही है, क्योंकि दोनों ही पक्ष संयम, मयार्दा और सौन्जी का लगभग तिरस्कार कर चुके हैं। संसद केईए कार्रवाई में आ रही इस गिरावट के लिए विपक्ष और सत्ता पक्ष बराबरी से जिम्मेदार हैं। कभी-कभी तो लगता है की संसद सदस्य हों या सदस्य के साथ ही मंत्री सदन में आने से पहले ही सदन में हंगामा या ड्रामा करने जा मन बनाकर आते हैं। संसदीय कार्य करने की तैयारी न सरकार की दिखाई देती है और न विपक्ष की।

# सुशासन के संकल्प को साकार करती मोहन सरकार

प्रदेश सरकार के प्रयासों से प्रदेश में लगातार निवेश बढ़ रहा है। आज उद्योग, व्यापार, व्यवसाय की दृष्टि से मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है। एनर्जी, टूरिज्म, हेल्थ, माइनिंग, फिल्म, तकनीक जैसे सभी सेक्टर में देश और दुनिया के निवेशक प्रदेश में रूचि दिखा रहे हैं। राज्य सरकार ने बजट में भी उद्योग-व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए पहली बार उचित प्रावधान किए हैं जिसके चलते एमपी की तरफ निवेशक तेजी से आकर्षित हो रहे हैं पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. यादव की लंदन, जर्मनी की विदेश यात्रा भी निवेश की दृष्टि से अहम रही। इन सभी यात्राओं से सेमीकंडक्टर और सौर ऊर्जा में 25, 150 करोड़ का निवेश आया है। सौर ऊर्जा सेक्टर में 150 करोड़ रुपए, मॉड्यूलर हाउसिंग प्रोजेक्ट में 1 हजार करोड़, आईटी सेक्टर में 1100 करोड़ का प्रस्ताव सरकार को मिले हैं।





**हर्षवर्धन पाण्डे**
**लेखक**

शासन की संपूर्ण व्यवस्थाओं में जनता के प्रति जवाबदेही, पारदर्शिता और सेवा-भाव से सभी को समर्पित कार्यप्रणाली सुनिश्चित करना सुशासन का मूलमंत्र है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्य प्रदेश भी हर दिन सुशासन के नए अध्याय लिख रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसम्बर 2023 को प्रदेश की बागडोर संभाली। उनके बागडोर संभालते ही प्रदेश में सुशासन का सूर्यादय हुआ है। प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूलमंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में एक साल की अल्पावधि में कई जनहितकारी फैसलों से समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। मोहन सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति का प्रतिफल है कि आज प्रदेश के हर कोने में सरकार की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण स्वच्छ और ईमानदार प्रशासन और सरकारी काम-काज में पारदर्शिता लाना रहा है। आम आदमी की जिंदगी में बदलाव लाना मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मुख्य उद्देश्य है। एक साल के छोटे से कार्यकाल में मोहन सरकार ने जनता से किए गए वादे पूर्ण करने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं जिसके कारण प्रदेश में विकास का नया दौर शुरू हुआ है। सेवा, सुशासन, सुरक्षा एवं विकास के संकल्प को लेकर प्रदेश सरकार जनता की सेवा में दिन-रात लगी हुई है। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने अपने एक के छोटे से कार्यकाल में अपने काम से न केवल जनता का दिल जीता है बल्कि अपने सख्त निर्णयों के माध्यम से राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने भी अपनी अलहदा पहचान बनाने में सफलता पाई है। उन्होनें योग्य अफसरों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर अपने बुलंद इरादों को सभी के सामने जताया है। इस एक साल के छोटे से कार्यकाल में उन्होनें अपनी खुद की नई टीम बनाई और सीएम आवास से लेकर मंत्रालय, संभाग और जिलों में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करने से भी परहेज नहीं किया। हर समय एक्शन में रहने वाले डा. मोहन यादव के तेवरों को देखकर आज प्रदेश में नौकरशाही के चेहरा पूरी तरह से बदल चुका है। सीएम की कमान संभालने के साथ ही उन्होंने हर किसी अधिकारी के ट्रैक रिकार्ड को न केवल खंगाला बल्कि कार्यक्षमताओं के अनुरूप सभी को नए कार्यों का प्रभार सौंपा। खास बात ये है मोहन सरकार में बेलगाम नौकरशाही पर भी नकेल कसी गई है जिस कारण मध्यप्रदेश का डबल इंजन विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नए मुखिया की तीव्र गति से निर्णय लेने की क्षमताओं से मध्यप्रदेश में एक बदलाव की नई बयार चली है। नई विकेन्द्रीकरण की व्यवस्था होने से अब प्रदेश के विकास कार्यों में न केवल तेजी आयी है बल्कि समय -समय पर मॉनीटरिंग किये जाने से जनता के हित में तेजी से निर्णय लिये जा रहे हैं। यही कारण है आज प्रदेश में देश और विदेश के निवेशक भी अपनी रूचि दिखा रहे हैं। साइबर तहसील डिजिटल इंडिया की दिशा में प्रदेश के नागरिकों को सुविधा प्रदान करने की दिशा में की गई बड़ी पहल है। इसके जरिए लोगों को कई कामों को करने में आसानी हुई है। भूमि खरीदी और बिक्री के बाद आने वाली कठिनाइयों को साइबर तहसील के जरिये काफी आसान कर दिया गया है। संपदा 2.0 के तहत सॉफ्टवेयर सिस्टम का डिजिटलाइजेशन किया गया है। डिजिटलाइजेशन के माध्यम से राजस्व प्रक्रिया का सरलीकरण हुआ है। साइबर तहसील परियोजना को प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू किया गया है। इससे लोगों को अनावश्यक भागदौड़ से निजात मिल रही है और समय की भी बचत हो रही है। साइबर तहसील खोले जाने का सबसे प्रमुख उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और लोगों को सुविधा पहुंचाना है। साइबर तहसील में सार्वजनिक नोटिस की प्रक्रिया को भी सरल किया गया है। विभिन्न राजस्व प्रकरणों का ऑनलाइन निराकरण साइबर तहसील के माध्यम से प्रदेश में अब संभव हो रहा है। ऐसी पहल करने वाला देश का पहला राज्य मध्यप्रदेश बना है। मध्यप्रदेश में राजस्व प्रकरणों का समाधान करने राजस्व महाअभयिान बड़े स्तर पर सरकार ने शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम में राज्य स्तर पर विभिन्न कामों को तत्काल प्रभाव से पूरा किया गया जिसमें भू-अभिलेखों का शुद्धीकरण, लंबित राजस्व मामलों का निपटाना और डिजिटल क्रॉप सर्वे, पीएम किसान योजना का लाभ, फॉर्मर आईडी आदि भी शामिल रहा। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व महाअभियान-2.0 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाया गया जिसमें बहुत कम समय में ही 50 लाख से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण हुआ है जो प्रदेश में एक बड़ा कीर्तिमान है। राजस्व महा-अभियान 3.0 को 15 नवम्बर से 26 जनवरी तक चलाने के निर्देश दिये हैं जिसमें अभी तक 80 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण हो गया है। मध्यप्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना के हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने की दिशा में सरकार ने स्मार्ट पीडीएस राशन योजना शुरू की है। इस योजना के प्रदेश में करीब 5 करोड़ से अधिक हितग्राहियों को निशुल्क खाद्यान्न दिया जा रहा है। स्मार्ट-पीडीएस स्कीम के तहत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 8.35 करोड़ रुपए 3 वर्ष में खर्च किए जाएंगे। इससे सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के क्रियान्वयन, विस्तार एवं संधारण, डेटाबेस में भिन्नता, डेटा रिकवरी एवं साइबर सुरक्षा संबंधी कठिनाइयों का निराकरण होगा। प्रदेश में सरकार ने अपने कड़े फैसले में विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित और अनियमित प्रयोग को प्रतिबंधित किया है साथ ही खुले में मांस बेचने को भी प्रतिबंधित किया है। डिजिटल इंडिया के बढ़ते कदम के तहत प्रदेश सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया। पहले क्लाउड सेवाओं के लिए निजी व अन्य सरकारी कंपनियों को भारी भरकम राशि अदा की जाती थी लेकिन इस नीति को मंजूरी मिलने के बाद क्लाउड सेवाओं के लिए बाहर की किसी कंपनी को अलग से धन नहीं देना होगा। प्रदेश सरकार ने अपनी क्लाउड पॉलिसी-2024 के तहत डेटा सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है जिसमें सभी का सरकारी डेटा रखा जा सकेगा। इस निर्णय से म.प्र. राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के माध्यम से केंद्रीयकृत रूप से विभागों को क्लाउड सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी एवं क्लाउड सेवाओं के भुगतान के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को बजट उपलब्ध कराया जाएगा।

## आईएफएफआई 2024: एक सिनेमाई उत्सव, एक रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन और इस दौरान कुछ हंसी-मजाक

जब मैं यहाँ बैठकर 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) पर विचार कर रहा हूँ, तो मैं सोचता हूँ सिनेमा सिर्फ.एक फिल्म की लंबाई नहीं है, बल्कि यह उसके द्वारा पीछे छोड़े गए प्रभाव के बारे में है। और क्या आईएफएफआई 2024 ने कोई प्रभाव छोड़ा है! अगर इस साल का महोत्सव एक फिल्म होती, तो यह एक ब्लॉकबस्टर होती झ्र यह नई कहानी, अविस्मरणीय अभिनयों और एक या दो कथानक मोड़ से भरी होती, जो हम सभी को चौंका देती। सिनेमा 1913 से ही हमारे देश के दिल में है, जब भारत ने अपनी पहली फिल्म रिलीज की थी। तब से, हमारे दर्शकों ने इसे ऐसे अपनाया है, जैसा कोई और नहीं कर सका है। हम दुनिया में फिल्मों के सबसे बड़े निमार्ता और उपभोक्ता बन गए हैं। इस साल, मैंने महोत्सव के अधिकारियों से उन लोगों का जश्न मनाने के लिए कहा, जिन्होंने इसे संभव बनाया है - हमारे दर्शक। उनके अटूट समर्थन की वजह से ही हम आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इस महोत्सव ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सिनेमा एक सार्वभौमिक भाषा है, जो समय, सीमाओं और पीढ़ियों से परे है। रिकॉर्ड तोड़ उपस्थिति से लेकर युवा फिल्म निमार्ताओं द्वारा निर्मित अविश्वसनीय कहानियों तक, फिल्म महोत्सव 2024 एक क्लासिक फिल्म की तरह था- जो जीवंतता, रंग और अविस्मरणीय क्षणों से भरा था। लेकिन अधिकांश फिल्मों के विपरीत, इसके बाद आभार को प्रदर्शित (क्रेडिट रोल) नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, हम सभी अगले महोत्सव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आइए संख्याओं से शुरू करते हैं: 11,000 से अधिक उपस्थित लोग, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12% की वृद्धि के रेखांकित करता है। फिल्म बाजार, सबसे बड़े फिल्म बाजारों में से एक के रूप में उभरा, जिसके प्रतिनिधियों की संख्या में 142% की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई और 1,876 प्रतिभागी शामिल हुआ। इसका मतलब था अधिक सहयोग, अधिक भागीदारी और अधिक रचनात्मक प्रतिभाओं का एक साथ आना। हमने गोवा में छह नए स्थानों पर अपने स्क्रीनिंग स्थलों का विस्तार भी किया - क्योंकि जब आप इस तरह का भव्य उत्सव मनाते हैं, तो आपको मल्टीप्लेक्स से ज्यादा स्क्रीन की जरूरत होती है। हमने गोवा में हर किसी को पहली पंक्ति में बैठने की जगह देने के लिए कला अकादमी का एक अस्थायी थिएटर भी जोड़ा - स्क्रीनिंग के दौरान लोगों के चेहरे खिले हुए थे। आईएफएफआई 2024 पूरी तरह से युवाओं के बारे में था - और न केवल उन युवाओं के बारे में जिन्हें आप फिल्मों में देखते हैं, बल्कि उनके पीछे के फिल्म निमार्ताओं के बारे में भी। युवा फिल्म निमार्ता: भविष्य अभी हैह्व थीम के साथ, हमने भारतीय सिनेमा में आगे क्या आने वाला है, इसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नवोदित फिल्म निमार्ताओं की 66 फिल्मों में से कुछ को देखते हुए, यह सचमुच महसूस होता है कि, हम यहां नए दिग्गजों का जन्म देख रहे हैं। भविष्य के रचनाकार (सीएमओटी) कार्यक्रम मुख्य आकर्षणों में से एक था, जिसमें 100 युवा फिल्म निमार्ताओं को एक साथ लाया गया, ताकि वे कर कुछ नया और अभिनव कर सकें। यदि यह पर्याप्त नहीं था, तो उन्हें 48 घंटे की लघु फिल्म चुनौती में शामिल किया गया, जिसमें एक थ्रिलर की ऊर्जा थी - तेज गति, उच्च दांव और रोमांच से भरपूर। परिणाम? प्रमुख प्रोडक्शन हाउस से 62 प्रस्ताव! यह केवल भविष्य नहीं है - भविष्य आपके दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। नई विशेषज्ञता पर भी जोर दिया गया, जिसमें एआई जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर मास्टरक्लास शामिल थे। इन सत्रों ने रेखांकित किया कि कहानी कहने का भविष्य विकसित होते प्रारूपों और तेजी से बदलते उपकरणों में निहित है, लेकिन इसके मूल में, कहानी कहने की कला कालातीत बनी हुई है। हम सभी आज की युवा आवाजों के बारे में उत्साहित थे, आईएफएफआई ने भारतीय सिनेमा के दिग्गजों को सम्मानित करने को भी महत्वपूर्ण माना - जिन्होंने कहानी कहने की ऐसी भाषा बनाई, जिसका हम आज जश्न मनाते हैं। इस साल, हमने राज कपूर, मोहम्मद रफी, अक्किनेनी नागेश्वर राव और तपन सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। उनकी फि ल्में उन महान क्लासिक्स की तरह हैं, जिन्हें हम सभी देखते हैं, जो हमें याद दिलाती हैं कि हमें सिनेमा से प्यार क्यों हुआ। आवारा, देवदासु और हम दोनों जैसी उनकी कालजयी क्लासिक्स की विशेष स्क्रीनिंग से हमें जादू को फिर से जीने का मौका मिला, जबकि मीरामार बीच पर सुदर्शन पटनायक द्वारा एक शानदार रेत कला स्थापना ने हम सभी को इन दिग्गजों की विरासत को एक नयी रोशनी में सराहने पर मजबूर कर दिया। साथ ही, उनके योगदान को अमर बनाने के लिए माई स्टैम्प के माध्यम से इन दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी गई। अगर कोई ऐसा स्टैम्प है, जो सिनेमा के सार को दशार्ता है, तो वह उनके चेहरे वाला स्टैम्प है। हर साल, आईएफएफआई किसी खास देश की सिनेमाई उपलब्धियों का जश्न मनाता है।

# दहेज उत्पीड़न के मामलों में अदालतों की न्याय व्यवस्था पर उठते सवाल

पति के सगे-संबंधियों को फंसाने की प्रवृत्ति को देखते हुए निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवाद से उत्पन्न आपराधिक मामले में परिवार के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को इंगित करने वाले विशिष्ट आरोपों के बिना उनके नाम का उल्लेख शुरू में ही रोक दिया जाना चाहिए। हाल के वर्षों में देश भर में वैवाहिक विवादों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।





**मनोज कुमार अग्रवाल**
**लेखक**

देश में बनने वाला हर कानून नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए बनाया जाता है, ताकि हर पीड़ित को इंसाफ और उसका हक मिल सके। महिलाओं के साथ होने वाले तमाम तरह के अपराधों, शारीरिक-मानसिक शोषण, प्रताड़ना और हिंसा से उन्हें बचाने के लिए उन्हें कई कानूनी कवच दिए गए हैं, इससे उनकी स्थिति पहले से मजबूत हुई है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाएं गए कानूनों का दुरुपयोग बढ़ा है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानून व्यक्तिगत प्रतिशोध के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे है। असंतुष्ट पत्नियां दहेज विरोधी कानून का भी दुरुपयोग धड़ल्ले से कर रही हैं। ऐसी घटनाएं वास्तव में देखने को मिली हैं कि पति से संबंध तोड़ने से पहले नाराज पत्नियां हिंसा और उत्पीड़न का इल्जाम न सिर्फ पति के पूरे परिवार, बल्कि दूरदराज के रिश्तेदारों पर भी लगा देती हैं। अकसर ऐसे आरोप कोर्ट में सिद्ध नहीं होते, मगर उसके पहले आरोपी बनाए गए व्यक्तियों को कोर्ट-कचहरी की प्रक्रिया के दौरान लंबी परेशानी से गुजरना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसने इस कानून के दुरुपयोग को उजागर किया है। परिवार की कलह से तंग आ चुके एक एआई इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली है, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक घंटा 20 मिनट का यह वीडियो वायरल हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) इंजीनियर अतुल सुभाष ने इस वीडियो को रिकॉर्ड करने के बाद बेंगलुरु स्थित अपने घर में फांसी लगा ली थी। वीडियो में अतुल ने पत्नी की ओर से दर्ज कराए गए दहेज प्रताड़ना के आरोप से पैदा हुई परिस्थितियों पर अपनी बात रखी है। उन्होंने लिखा है कि उनकी पत्नी और ससुराल वाले उनके ही पैसे से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। उनका आरोप है कि उनकी पत्नी उन्हें उनके बेटे से न मिलने देती है और न ही फोन पर बात कराती है। अतुल ने 24 पत्रों का एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें अपनी पत्नी के साथ-साथ ससुराल वालों के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सुभाष के मामले ने दहेज कानून के दुरुपयोग पर बहस शुरू कर दी है। मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले का रहने वाला अतुल अपनी नौकरी के चलते बेंगलुरु में रहता था। उनका ससुराल उत्तर प्रदेश के जौनपुर में था। उसने अपने सुसाइड नोट में पत्नी, ससुराल वालों और एक न्यायाधीश पर आत्महत्या, उत्पीड़न, जबरन वसूली और भ्रष्टाचार के लिए उकसाने का आरोप लगाया। ससुरालवालों पर आरोप है कि उन्होंने झूठा मामला दर्ज कराया और मामले के निपटारे के लिए 3 करोड़ रुपये देने की मांग की थी। आरोप है कि अतुल ने मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित होकर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लिया। सुसाइड नोट के हर पन्ने पर न्याय मिलना चाहिए लिखा है। पत्नी निकिता और ससुराल वालों के साथ-साथ सुभाष ने जौनपुर में एक पारिवारिक न्यायालय के जज पर भी उनकी सुनवाई न करने का आरोप लगाया है। सुभाष ने अपने कथित उत्पीड़न को बताने के लिए एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया। इसमें परिजनों से कहा गया है कि न्याय मिलने तक उनकी अस्थियों को विसर्जित न किया जाए। नोट में चार साल के बेटे के लिए भी एक संदेश था जिसे अतुल ने अलग से रखा था। नोट में अतुल ने अपने माता-पिता को उनके बच्चे की कस्टडी देने की भी मांग की। नोट और वीडियो का लिंक एक एनजीओ के व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजा गया था, जिससे अतुल जुड़े हुए थे। सुभाष ने अपने नोट में आरोप लगाया कि पत्नी निकिता सिंघानिया ने उनके खिलाफ हत्या, यौन उत्पीड़न, पैसे के लिए उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और दहेज सहित नौ मामले दर्ज कराए थे। दरअसल दहेज कुप्रथा को रोकने के लिए हमारे देश में कई कानून बनाए हैं। असहाय महिलाओं के खिलाफ हिंसा को कम करने के लिए कानून बनाने पर जोर दिया गया था। इसके चलते दहेज निषेध अधिनियम, 1961 बना। दहेज की मांग के बाद घरेलू हिंसा की घटनाएं भी सामने आती रही हैं ऐसे में ह्यघरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 पारित किया गया। इसके साथ ही पुरानी आईपीसी में दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्याओं को रोकने के लिए कई प्रावधान किए गए थे। आईपीसी की धारा 498 दहेज से पहले और बाद में किसी भी रूप में उत्पीड़न को दंडनीय और गैर-जमानती बनाती है। 1983 में संसद द्वारा एक आपराधिक अधिनियम ह्यआईपीसी 498 एह्व पारित किया था जो कहता था कि दहेज वसूलने के लिए की गई क्रूरता पर तीन या अधिक वर्षों की अवधि की सजा और जुमार्ना देना होगा। दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्याओं को रोकने के लिए आईपीसी 1961 में एक नई धारा आईपीसी 304 बी जोड़ी गई। आईपीसी 304 बी में ह्यदहेज हत्याह्व का जिक्र है। भारतीय दंड संहिता की धारा 304 बी में कहा गया है कि अगर किसी महिला की शादी के सात साल के भीतर किसी भी प्रकार के जलने या शारीरिक चोट से मृत्यु हो जाती है या यह पता चला है कि उसकी मृत्यु से पहले वह अपने पति या पति के किसी अन्य रिश्तेदार द्वारा क्रूरता या उत्पीड़न के संपर्क में थी और इसका दहेज मांगने से संबंध है तब महिला की मृत्यु को दहेज मृत्यु माना जाएगा। दहेज हत्या के लिए सजा सात साल के कारावास की न्यूनतम सजा या आजीवन कारावास की अधिकतम सजा है। कानून पारित होते ही दहेज उत्पीड़न के हजारों मामले दर्ज होने लगे। कई बार यह विवाहित महिला के लिए सुरक्षा के बजाय हथियार बन गया जिस पर समय-समय पर अदालतों ने भी चिंता जताई। अतुल का मामला सामने आने के बाद एक बार फिर से शीर्ष न्यायालय ने चिंता जतायी है। सुप्रीम कोर्ट में एक अलग मामले में महिलाओं द्वारा अपने पतियों के खिलाफ दर्ज कराए गए वैवाहिक विवाद के मामलों में क्रूरता कानून के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी दी। अदालत ने कहा है कि दहेज उत्पीड़न के मामलों में अदालतों को कानून का दुरुपयोग रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए ।

# डिया गठबंधन की दशा और दिशा

**योगेंद्र योगी**

सूत न कपास, जुलाहों में लठ्ठम लठ। इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों की हालत कुछ ऐसी हो गई है। भाजपा गठबंधन से मुकाबला करने में विफल रहे विपक्षी दल के नेता नेतृत्व की कलह से जूझ रहे हैं। भाजपा से बुरी तरह शिकस्त खाने और राजनीतिक धरातल पर हैसियत को स्वीकार किए बगैर विपक्षी नेता गठबंधन के नेतृत्व के जरिए भविष्य का प्रधानमंत्री बनने का सपना पाले हुए हैं। इन दलों का आधार बेशक एक राज्य से ज्यादा नहीं हो, किन्तु देश को नेतृत्व देने की आपसी होड़ में पीछे नहीं हैं। विपक्षी दलों के पास भाजपा से मुकाबला करने के लिए कोई एजेंडा तक नहीं है। लोकसभा चुनाव और हाल ही में हुए उपचुनावों में इंडिया गठबंधन के दल आपस में ही मुकाबला करते रहे। विपक्षी दलों का ख्वाब है कि जिसके हाथ में नेतृत्व की कमान होगी, उसी के हाथ में देश की बागडोर होगी। ठोस रणनीति के अभाव में यह दिन में ख्वाब देखने जैसा है। इंडिया गठबंधन के दलों में आपस में ही नेतृत्व की होड़ मची हुई है। भाजपा के खिलाफ कोरी बयानबाजी से विपक्षी दलों के नेता बयानवीर साबित हो रहे हैं। लोकसभा और उससे पहले विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। विपक्षी दलों ने चुनाव जीतने के लालच में गठबंधन की धज्जियां उड़ाने में कसर बाकी नहीं रखी। गठबंधन की हालत उस घोड़ा-गाड़ी जैसी हो गई जिसके घोड़े को हर घुड़सवार अपने हिसाब से हांकना चाहता है। ऐसे में यह गठबंधन देश को नेतृत्व देने के मामले में आगे बढे के बजाय पीछे खिसकता जा रहा है। इसी का परिणाम है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को चारों खाने चित्त कर दिया। इंडिया गठबंधन में नेतृत्व का मसला पहले भी कई बार उठ चुका है। गठबंधन का हर घटक दल नेतृत्व का दावा जताता रहा है। हास्यास्पद यह है कि दावा जताने वाले अपने प्रभाव वाले राज्य में भी भाजपा को हराने में कामयाब नहीं हो सके। इस बार नेतृत्व की दुदुंभि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से बजाई गई है। ममता बनर्जी ने हालिया चुनावों और उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की और कहा कि वह इसकी कमान संभालने को तैयार हैं। ममता ने हालिया हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर किया है और संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह इंडिया ब्लॉक की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे को चलाने की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब मोर्चा का नेतृत्व करने वालों पर इसका प्रबंधन करने की जिम्मेदारी है। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलना होगा। ममता के इस बयान के बाद अन्य विपक्षी दलों के नेताओं की अतृप्त इच्छा में उबाल आ गया। गठबंधन के दल के नेता अब नेतृत्व का दावा ठोक रहे हैं। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि ममता बनर्जी को ऐसा लगता है, पर हमें ऐसा नहीं लगता। इस पर चर्चा करेंगे। उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है। हम तो कांग्रेस के कहने से चलते हैं। वहीं कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी बड़ी नेता हैं, लेकिन राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है। लेफ्ट नेता डी. राज्या ने कहा कि कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की जरूरत है। हालात इंडिया ब्लॉक की मीटिंग की मांग करते हैं। कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र चुनावों में गठबंधन सहयोगियों को समायोजित नहीं किया। अगर कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक सहयोगियों की बात सुनी होती तो लोकसभा और हरियाणा-महाराष्ट्र में नतीजे अलग होते। शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा कि हमें ममता बनर्जी की राय पता है। हम चाहते हैं कि ममता हमारे साथ रहें। हम सभी एक साथ हैं। अगर कोई मतभेद भी हैं तो वो छोटे मोटे हैं। हम कोलकाता जाकर ममता बनर्जी से बात करेंगे। सपा प्रवक्ता उदयवीर सिंह ने कहा कि अगर ममता जी ने कोई इच्छा जाहिर की है तो इंडिया ब्लॉक नेता उस पर विचार करके उनका सहयोग लें। इससे इंडिया गठबंधन मजबूत होगा। नेतृत्व को लेकर मचे इस घमासान में लालू यादव की पार्टी कैसे पीछे रह सकती है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 15 ,दिसंबर, 2024



## गाजियाबाद : बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान के लिए विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने चेक किए आधार कार्ड

प्रातः किरण, संवाददाता

लोनी,। दिल्ली के बाद अब पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में भी बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान करने का अभियान तेज हो गया है। गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शुक्रवार को अपने इलाके में बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं के पहचान पत्र और आधार कार्ड चेक किए। उन्होंने पाया कि अधिकांश लोग जिनके पास दिल्ली के आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र थे, वे वास्तव में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से थे। विधायक मीडिया से कहा कि देश में घुसपैठियों के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उन्हें बाहर निकालने के लिए कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। देश में सेना का शासन लागू किया जाना चाहिए ताकि जो घुसपैठिए हमारे देश में आए हैं, उन्हें बाहर निकाला जा सके। अगर पुलिस ने सख्त एक्शन नहीं लिया तो मुझे और हिंदूवादी संगठनों को मिलकर इन घुसपैठियों को बाहर निकालना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि



दिल्ली सरकार, खासकर अरविंद केजरीवाल देश के साथ गद्दारी कर रहे हैं। केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को बसाया है, ताकि चुनावी लाभ लिया जा सके। दिल्ली के चारों तरफ के इलाकों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यह लोग विभिन्न सरकारी दस्तावेज जैसे वोटर कार्ड और आधार कार्ड के साथ स्थानीय इलाकों में बसे हुए हैं। इन घुसपैठियों को बिजली, पानी और अन्य सरकारी सेवाएं दी जा रही हैं। फर्जी आधार कार्ड के माध्यम से घुसपैठियों को लाभ मिल रहा है, जबकि सामान्य नागरिकों को बिना रिश्वत दिए ये सेवाएं नहीं मिलतीं। उन्होंने कहा कि अगर यह स्थिति जस की तस रही तो देश में गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है, जैसा कि बांग्लादेश में हुआ है। असम और महाराष्ट्र की तरह उत्तर प्रदेश में भी बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि इन घुसपैठियों के कारण अपराध बढ़े हैं। गायों की हत्या, चोरी और बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने पुलिस और बिजली विभाग को भ्रष्टाचार के आरोपों में घेरते हुए कहा कि इन विभागों की लापरवाही के कारण घुसपैठियों को यहां रहने का मौका मिल रहा है। विधायक ने कहा कि अगर सरकार कड़ी कार्रवाई नहीं करती, तो इसे लेकर हिंदूवादी संगठन और स्थानीय नागरिकों को मिलकर आवाज उठानी पड़ेगी। घुसपैठियों को अब इस देश से बाहर निकालना बेहद जरूरी है और इसके लिए सेना को भी सख्त कदम उठाने चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तर प्रदेश के बांदा में निजी बस पलटने से एक महिला की मौत, पांच यात्री घायल

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के हथौरा गांव के निकट निजी बस सड़क किनारे पलटने के कारण एक महिला की मौत हो गई है और पांच अन्य यात्री घायल हो गए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बांदा के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शिवराज ने बताया कि बबेरू कस्बे से बांदा आ रही बस हथौरा गांव के निकट अनियंत्रित होकर पलट गई, दुर्घटना में शांति देवी (40) नामक महिला की मौत हो गई जबकि पांच यात्री घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो लोगों की हालत चिंताजनक है, सभी घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### उत्तर प्रदेश के झांसी में जेलर पर हमला, हालत गंभीर

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी जिला जेल के जेलर पर शनिवार दोपहर नवाबाद थाना क्षेत्र में कार सवार हमलावरों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झांसी जिले के नवाबाद थाने के प्रभारी (एसएचओ) दीपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे झांसी जेल के जेलर कस्तूरी लाल गुप्ता (50) अपनी निजी कार से जेल की तरफ जा रहे थे, तभी कुछ हमलावरों ने उन्हें रोककर कार से बाहर खींच लिया और जेलर तथा उनके कार चालक को लाठी-डंडों से पीट दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल जेलर को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस के अनुसार, इस घटना से जेलर को गंभीर चोट आई हैं। एसएचओ ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि एक कैदी कमलेश यादव को एक माह पहले हमीरपुर जेल भेजने से नाराज उसके बेटों ने जेलर पर हमला किया। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### एआई इंजीनियर की आत्महत्या मामले में उनकी पत्नी निकिता ने अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की

प्रयागराज, ।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंजीनियर अतुल सुभाष मोदी की आत्महत्या के मामले में उनकी पत्नी निकिता सिंघानिया सहित चार लोगों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। याचिकाकर्ता के वकील ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निकिता के अलावा अतुल सुभाष की सास निशा सिंघानिया, साले अनुराग और सुशील सिंघानिया ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है। एआई इंजीनियर ने अपनी पत्नी और ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए नौ दिसंबर को बेंगलुरू में आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में निकिता, उनकी मां निशा और भाइयों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है।

### मैनपुरी में 21 साल पुराने तिहरे हत्याकांड में चार लोग दोषी करार

मैनपुरी। मैनपुरी की एक स्थानीय अदालत ने 21 साल पहले करहल थाना क्षेत्र में हुए तिहरे हत्याकांड में चार लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सरकारी वकील संजीव चौहान ने बताया, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप सिंह की अदालत ने वीरेंद्र यादव, रामबरन, करुआ (उर्फ वेद प्रकाश) और गुड्डन (उर्फ विमलेश) को तिहरे हत्याकांड में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 60,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। यह मामला एक अप्रैल 2003 में करहल के गोदाई गांव में तीन लोगों- धर्मवीर, भरत सिंह और आशाराम की हत्या से जुड़ा है। तीनों अपने खेत से मटर लेकर जा रहे थे तभी हथियारबंद हमलावरों के एक समूह ने उन्हें रोक लिया और ट्रैक्टर चला रहे धर्मवीर की मौके पर ही गोली मारकर हत्या कर दी। जब आशाराम और भरत सिंह ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो हमलावरों ने उन्हें भी मार डाला। बताया जाता है कि ये हत्याएं ग्राम प्रधान से जुड़े विवाद के कारण की गई थीं।

### राज्य मंत्री ने किया भंगेल एलिवेटेड रोड निरीक्षण

नोएडा, । नोएडा में लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुंवर ब्रिजेश सिंह ने शनिवार को महत्वपूर्ण भंगेल एलिवेटेड रोड परियोजना का निरीक्षण किया है। इस दौरान उनके साथ सांसद, डीएम और कई अधिकारी मौजूद रहे। कुंवर ब्रिजेश सिंह ने 4.5 किलोमीटर लंबे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। कोरोना काल से अटकी परियोजना से क्षेत्र के लोग काफी परेशान है।

## गुरुग्राम: सार्वजनिक शौचालयों, सीवरेज, सीएंडडी वेस्ट, सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

● निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने किया विभिन्न क्षेत्रों का दौरा

गुरुग्राम,। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग शनिवार को अचानक शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने के लिए निकले। उन्होंने एक दर्जन से अधिक स्थानों का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय, अतिक्रमण, सीवरेज, सीएंडडी वेस्ट आदि की स्थिति को देखा तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बेरीवाला बाग, राजीव चौक, कोर्ट रोड, सोहना चौक, गुरुद्वारा रोड, सब्जी मंडी, ओल्ड जेल कॉम्प्लेक्स, खांडसा रोड, सेक्टर-37, बसई रोड सहित अन्य स्थानों का दौरा किया। सबसे पहले वे बेरीवाला बाग स्थित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी पहुंचे। वहां का निरीक्षण के दौरान उन्होंने एमआरएफ से नियमित कचरा उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यहां पर गीले कचरे से



कंपोस्ट बनाने की व्यवस्था शुरू करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसी एनजीओ या एक्सपर्ट की सेवाएं लेने की प्रक्रिया शुरू कराएं। इसके साथ ही एमआरएफ को भी शुरू करवाने की बात निगमायुक्त द्वारा कही गई। इसके बाद कोर्ट रोड का निरीक्षण करने के दौरान निगमायुक्त ने सडक के किनारों पर पड़ी मिट्टी व मलबे को उठाने, आसपास पड़ी पॉलीथीन व कूड़े को साफ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। शौचालयों की स्थिति का भी किया निरीक्षण निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान कुछ शौचालयों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने कमला नेहरू पार्क, सब्जी मंडी, ओल्ड जेल कॉम्प्लेक्स व खांडसा रोड पर बने शौचालयों का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों से कहा कि शौचालयों की मरम्मत कराएं तथा सफाई तथा बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने खांडसा रोड का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों से कहा कि जिन दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर अस्थाई या स्थाई रूप से अतिक्रमण किया हुआ है, उसे हटाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों को खांडसा रोड को चौड़ा करने का एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कई स्थानों पर कचरे, मलबे व निर्माण सामग्री पाए जाने पर अधिकारियों से इसे उठाने के निर्देश दिए। साथ ही आसपास के क्षेत्र में फैली पॉलीथिन को भी साफ करने की हिदायत दी। सीवरेज ओवरफ्लो का करें समाधान निगमायुक्त ने इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्थान पर सीवरेज ओवरफ्लो तथा पेयजल लाइन में लीकेज अगर होता है, तो उसका समाधान तुरंत किया जाना चाहिए। उन्होंने बसई एन्क्लेव क्षेत्र में सीवरेज ओवरफ्लो तथा सेक्टर-37 पेस सिटी-2 में पेयजल लाईन लीकेज को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश सहायक अभियंता नईम हुसैन को दिए।

## 18 दिसम्बर को लखनऊ में होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने में जुटा शिक्षक संघ

प्रातः किरण, संवाददाता

अमरोहा।उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय आव्हान पर शिक्षकों की मांगों के समर्थन में दिनांक 18 दिसम्बर को लखनऊ में शिक्षा निदेशालय कार्यालय पर धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। अधिक से अधिक संख्या में शिक्षक साथी अपनी मांगों के लिए लखनऊ पहुंचे। जे0 एस0 हिन्दू इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य और संगठन के प्रदेशीय मंत्री डॉ0 जी0 पी0 सिंह ने बताया कि प्रदेश संगठन के आव्हान पर संगठन के प्रदेशीय अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी और विधान परिषद में शिक्षक विधायक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी तथा प्रदेश के महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में आगामी 18 दिसम्बर को शिक्षा निदेशालय लखनऊ पर शिक्षकों की मांगों के समर्थन में विशाल धरना एवं प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश संगठन ने एक पोस्टर भी जारी किया है। पोस्टर पर शिक्षकों की प्रमुख मांगे, जिनमे- चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 12, 18 व 21 को पुनः स्थापित किया जाना, पुरानी पेंशन की बहाली, तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण, व्यावसायिक



शिक्षकों को पूर्ण कालिक शिक्षक का दर्जा, वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन अनुमन्य किया जाना, शिक्षकों की स्थानांतरण नीति का सरलीकरण, शिक्षकों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए, आमेलित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ आदि मांगे प्रमुख हैं। जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह और जिला मंत्री बालक राम ने जनपद के विद्यालयों की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य सहित शिक्षक एवं शिक्षिका साथियों से अपनी मांगों के समर्थन के लिए 18 दिसम्बर को लखनऊ पहुचने की अपील की है। सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी अतुल कुमार शर्मा और संगठन के कोषाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार से अपनी मांगे मनवाने के लिए एकजुटता बहुत जरूरी है। अब तक जो भी हासिल किया है सब संगठन की एकता के बल पर किया है। आप सभी की उपस्थिति ही धरने को मजबूती प्रदान करेगी।इस अवसर पर दानिश हबीब खान, आसिम अब्बासी, महिपाल सिंह, हसनैन नवाज, रुकने आलम, चारु शर्मा, धर्म प्रकाश अग्रवाल, शलभ भारद्वाज, महेश उपाध्याय, आदिल अब्बासी, शिवराज सिंह, चंद्रपाल सिंह, अवलोक मोहन, आदि प्रधानाचार्यो और शिक्षक पदाधिकारियों ने धरने को मजबूती प्रदान करने की अपील की है।

## दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं और कोल्ड वेव से बढ़ी ठंड

प्रातः किरण, संवाददाता

नोएडा,। दिल्ली-एनसीआर में लगातार चल रही तेज हवाओं ने ठंड का एहसास को बढ़ा दिया है। कोल्ड वेव का असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में लोगों को घने कोहरे का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान पारे में और भी ज्यादा गिरावट दर्ज की जाएगी।मौसम विभाग के मुताबिक, 14 दिसंबर को अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 8 दर्ज किया गया है। वहीं 15 दिसंबर को अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहने की संभावना है। 16 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज होने की उम्मीद है और घना कोहरा छाया रह सकता है। 16 दिसंबर को अधिकतम तापमान 23, न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रहने की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो 16 दिसंबर के बाद से एनसीआर के लोगों को लगातार कोहरे का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान पारे में भी लगातार गिरावट दर्ज की जाएगी। गौरतलब है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते इस बार पहाड़ों पर जमकर बर्फबारी हो रही है। इसका असर एनसीआर में साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। जिन पहाड़ों पर बीते कई सालों से बर्फबारी नहीं हुई थी, वहां पर वादियां बर्फ से पटी पड़ी हैं। इस कारण दिल्ली-एनसीआर में कोल्ड वेव की दस्तक हो चुकी है। मौसम विभाग के मुताबिक, बीते दिनों न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। दिल्ली का न्यूनतम तापमान आगे और भी गिरने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बर्फ से ढकी पहाड़ियों से आ रही ठंडी हवाओं और साफ आसमान के कारण तापमान में गिरावट आई है। लगातार बढ़ती ठंड के साथ-साथ दिल्ली समेत पूरे एनसीआर का मौसम भी साफ बना हुआ है, जिसकी वजह से पारे में ज्यादा गिरावट दर्ज की जा रही है।

## गाजियाबाद : झुग्गियों में लगी भीषण आग, कई सिलेंडर हुए ब्लास्ट, फायर ब्रिगेड काबू पाने में जुटी

प्रातः किरण, संवाददाता

गाजियाबाद,। गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में कनावनी पुलिया के पास झुग्गियों में शनिवार को भीषण आग लग गई। इसके बाद वहां एक के बाद एक कई सिलेंडर ब्लास्ट हुए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग पर लगातार काबू पाने में जुटी हुई है। इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई भी जानकारी नहीं मिली है। मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के ग्राम कनावनी में बसी अवैध झुग्गियों में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है पहले यह आग एक झुग्गी में लगी और उसके बाद धीरे-धीरे यह सभी झुग्गियों में तेजी से फैलने लगी। आसपास में रह रहे झुग्गियों के लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। फायर विभाग के अधिकारी और स्थानीय पुलिस बल मौके पर मौजूद है और आसपास के लोगों से उस जगह को खाली करा लिया गया है। आग काफी भीषण थी। झुग्गियों में रह रहे लोग अपना



सामान किसी तरह से झुग्गियों से बाहर निकल कर भागते दिखाई दिए। आग लगने के दौरान झुग्गियों में रखे सिलेंडर में हो रहे ब्लास्ट से आसपास के इलाकों में आवाज पहुंचने से लोग में दहशत का माहौल बन गया है। फायर विभाग के अधिकारियों ने आसपास के अन्य फायर स्टेशनों से भी दमकल की गाड़ियों को मौके पर बुलाया है। सूचना मिलने ही मौके पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंच गए हैं। अग्निशमन विभाग के द्वारा आग बुझाने की कवायद तेजी से की जा रही है। दमकल विभाग की तरफ से मौके पर पहुंची कई गाड़ियां आग को चारों तरफ से घेर कर उस पर काबू पाने में जुटी हुई हैं। कोशिश यह की जा रही है कि आग आगे न फैल सके। आग बुझाने के बाद स्थानीय पुलिस के जरिए आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जाएगी।

## लूट के मामले के आरोपी ने दरोगा पर चलाई गोली,जवाबी कार्रवाई में घायल



प्रातः किरण संवाददाता,

मेरठ (उत्तर प्रदेश),। मेरठ के थाना परीक्षितगढ़ में दर्ज लूट के एक मामले में गिरफ्तार आरोपी पुलिस की कार्रवाई में घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने शनिवार को बताया कि थाना परीक्षितगढ़ क्षेत्र में गेसूपुर बोम्बे के पास मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति से 49 हजार रुपए लूट लिए थे। इस संबंध में परीक्षितगढ़ थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक बदमाश को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। दूसरे बदमाश जसवीर को शुक्रवार रात गिरफ्तार कर माल बरामदगी के लिए घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर आगे ग्राम शिवपुरी के जंगल में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी जसवीर उर्फ यशवीर उर्फ गुरू को गाड़ी से उतारकर माल बरामदगी की कार्यवाही की जा रही थी, तभी मौका पाकर अभियुक्त ने दरोगा रजनीकान्त की पिस्तौल छीन ली पुलिस दल पर गोली चला दी । उन्होंने बताया कि इसके बाद पुलिस दल ने भी जवाबी कार्रवाई की और इसमें एक गोली जसवीर के पैर में लगी। उसे पकड़ लिया गया और परीक्षितगढ़ अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर अपराधी है। और उसके खिलाफ मेरठ के सरूरपुर, लाल कुर्ती, बागपत जिले के थाना रमाला, थाना दोघट,थाना सिघांवली अहीर में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## व्यूसोनिक ने भारत के पहले कलरप्रो अवार्ड्स एक्जीबिशन में अपने मॉनीटर लाइनअप का किया अनावरण

प्रातः किरण संवाददाता

अपने नवीनतम उत्पादों को प्रदर्शित करते हुये ब्रांड वर्कस्पेस, क्रिएटिव्स और गेमिंग के लिये खासतौर से तैयार किये गये समाधान प्रस्तुत कर रहा है वर्कस्पेस के लिये - श्ज्ञ2748अ-2ङ एआई मॉनिटर : इंटेलीजेंट सेंसिंग फीचर्स, जिन्हें कम्फर्ट, प्राइवेसी और सस्टेनिबिलिटी को बेहतर बनाने के लिये डिजाइन किया गया है। क्रिएटिव्स के लिये - श्ढ2776T-4ङ और श्ढ3276ळ-4ङ थंडरबोल्ट्ठ 4 मॉनिटर्स : 40 Gbp२ तक की स्पीड और डॉकिंग फंक्शनलिटी के साथ, यह मॉनिटर किसी भी क्रिएटिव फ्लो के लिए शानदार कलर एक्यूरेसी (98% ऊ्रक-ढ3) प्रदान करता है। - श्ढ2788-5ङ : 5के रिजॉल्यूशन की शानदार क्लैरिटी, थंडरबोल्ट्ठ 4 कनेक्टिविटी और सटीक कलर परफॉर्मेंस (99% ऊ्रक-ढ3) की खूबियों के साथ मैक यूजर्स के लिये परफेक्ट -श्ढ3285- 4ङ-ओएलईडीः डीप ब्लैक ओएलईडी और बेहतरीन प्रोडक्टिविटी के लिये इंटेलीजेंट सेंसर के साथ यह प्रोफेशनल क्रिएटिविटी को एक नये अंदाज में पेश करता है गेमर्स के लिये -G2737ः ब्लेजिंग रिफ्रेश रेट के साथ 27 इंच का एफएचडी क्ढर मॉनिटर और अल्ट्रा-स्मूद गेमिंग के लिये १२ MPRT -ऋ३25ऊ 4ङ-ओएलईडीः 32 इंच का 4ङ ओएलईडी ड्युअल-मोड मॉनिटर जो 4ङ@240H९ और एफएचडी@480ल्९ के बीच स्वैप कर सकता है। व्यूसोनिक के नये मॉनिटर्स को 2025 की पहली छमाही में लॉन्च किया जाना है। : विजुअल सॉल्यूशन्स में दुनिया की एक प्रमुख कंपनी व्यूसोनिक ने आज भारत में ह्यकलरप्रो अवार्ड्स 2024 एक्जीबिशन : मोमेंटम इवेंटह्न में अपने नये मॉनिटर्स को प्रस्तुत किया। इन नये मॉनिटर्स में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और बेमिसाल परफॉर्मेंस की खूबियां हैं, जिन्हें खासतौर से क्रिएटिव प्रोफेशनल्स, आधुनिक वर्कस्पेस और गेमर्स के लिये बनाया गया है। इनकी प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैं- एक एआई मॉनिटर, अल्ट्रा-फास्ट गेमिंग मॉनिटर्स और ऑटोमैटिक कलर कैलिब्रेशन के साथ एक 5ङ डिस्प्ले। इन्हें क्रिएटर्स, खासतौर से मैक यूजर्स के लिये डिजाइन किया गया है और ये सभी बेमिसाल विजुअल क्वालिटी और उन्नत प्रोडक्टिविटी देने में सक्षम हैं। व्यूसोनिक ने कलरप्रो अवार्ड्स की विजेता कलाकृतियों का भी प्रदर्शन किया, जो रचनात्मकता को सम्मान देती हैं और विजुअल्स की बेजोड़ अभिव्यक्ति पाने के लिए प्रेरित करती हैं। ये विशेष कलाकृतियाँ नवाचार और कला की भावना को दिखाती हैं, जिनसे स्थापित और नए क्रिएटिव्स दोनों को ही विजुअल कहानियों को नए तरीके से पेश करने की प्रेरणा मिलती है। इस इवेंट में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया, जहां चार श्रेणियों : फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, डिजिटल, और जनरेटेड आर्ट, में 2,500 से अधिक एंट्रीज प्राप्त हुईं। फोटोग्राफी श्रेणी में भारत का राइडर्स ऑफ द वॉल्कैनो तीसरे स्थान पर आया। व्यूसोनिक में मॉनिटर बिजनेस के जनरल मैनेजर ऑस्कर लिन ने कहा, हमें अपने नवीनतम मॉनिटर लाइनअप को पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है, यह व्यूसोनिक की नवाचार और उपयोगकर्ता-केंद्रित डिजाइन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दशार्ता है।

आधुनिक कार्यस्थलों के लिए इंटेलीजेंट सेंसिंग वाले एआई मॉनिटर्स से लेकर अल्ट्रा-फास्ट गेमिंग डिस्प्ले और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स के लिए तैयार किए गए अत्याधुनिक समाधान के साथ, इस रेंज को आज के यूजर्स की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। एआई और थंडरबोल्ट्ठ 4 जैसी उन्नत तकनीकों को शामिल करके, हम यूजर के अनुभव को बेहतर बना रहे हैं तथा उत्पादकता और रचनात्मकता को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

## भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ 18 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करेगी कांग्रेसः ओमकार कटारिया



प्रातः किरण संवाददाता,

हसनपुर। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमे जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा की 18 दिसंबर को भाजपा सरकारों के कुशासन के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सुबह 11:00 बजे से विधानसभा का घेराव करेगी। आगे कहां की प्रदेश की जनता योगी सरकार के कुशासन से ट्रेट राय कर रही है सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है और अपनी नाकामी छुपाने के लिए सिर्फ धार्मिक सृष्टीकरण की नीति अपना रही है आम जनमानस की हर समस्या का केवल एक ही जवाब है योगी सरकार के पास हिंदू मुसलमान आए दिन कोई ना कोई धार्मिक उदपाद फैलाने वाला एजेंडा सेट किया जाता है ताकि सरकार अपनी नाकामियों पर पर्दा डाल सके मगर कांग्रेस पार्टी संकल्पित है सरकार की हर नाकामी से पर्दा उठाने के लिए हम सड़क पर उतर कर संघर्ष कर रहे हैं और करते रहेंगे और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को जनता की आवास सुनने के लिए मजबूर करेंगे। आगे कहा कि सरकारी बिजली कंपनियों का निजीकरण करने जा रही है यह बात आईने के तरह साफ है कि निजीकरण की वजह बिजली की तरह बहुत बढ़ जाएगी और अंत में नुकसान आम जनता का होगा किसानों का होगा उपभोक्ताओं का होगा आगरा और ग्रेटर नोएडा में बिजली का निजीकरण बुरी तरह से असफल हो चुका है उत्तर प्रदेश में अन्नदाता किसानों के साथ भाजपा सरकार ने सौतेला व्यवहार किया है सरकार ने किसानों के हित में कोई काम तो किया नहीं उल्टे उनकी परेशानियों में इजाफा जरूर किया है आज गेहूं की बुवाई के समय डीएपी खाद पूरे प्रदेश में नहीं है किसने की गेहूं की बुवाई नहीं हो रही है बल्कि बीजेपी खाद की भाजपा नेताओं द्वारा कालाबाजारी की गई किस रोता रहा परेशान होता रहा पुलिस किस पर लाठी बरसती रही पर उसे खाद नहीं मिल किसान की फसल नहीं बोई गई किस को मजबूर किया गया बिचौलियों से खाद खरीदने के लिए किसान ने मजबूरी में महंगा खाद खरीद सरकार ने किसने की बिजली बिल माफ करने का वादा किया था माफी तो छोड़िए बिजली की बिल बहुत बड़े हुए आ रहे हैं प्रदेश में गन्ना किसानों का 7000 करोड रुपए से ज्यादा अभी सरकार और मिलन पर बकाया है वह पैसा किसानों को नहीं मिल रहा है सरकार अभी तक किसान गन्ना किसानों का रेट घोषित नहीं कर रही है गाने का रेट ■500 किया जाए भाजपा की सरकारों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बहुत कम है बेरोजगारी कम पर है और सरकारी भर्तियां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं आए दिन पेपर लीक हो रहे हैं युवा पुलिस की लाठियां खा रहे हैं और रोजगार नहीं मिल रहा है प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हो चुकी हैं सरकारी अस्पतालों और सामुदायिक केंद्र पर दवाइयां उपलब्ध नहीं है लोग मजबूरी में बाहर से महंगी दवाई खरीदने को मजबूर है प्रदेश में कानून व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो गई है लोग भए महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ते चले जा रहे हैं अपराधी बेवकूफ होकर जगन्य अपराधों को अंजाम दे रहे हैं अपराध की घटनाएं दिन पर दिन बढ़ती चली जा रही हैं ठंड शुरू हो गई है अभी तक प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को मोदी और स्वेटर उपलब्ध नहीं है प्रदेश की सभी सड़क टूटी हुई हैं खस्ताहाल हैं 100 से भी अधिक पल अधूरे पड़े हैं और इन अंकित समस्याओं का योगी सरकार के पास सिर्फ एक ही हाल है हिंदू और मुसलमान हिंदू मुसलमान हिंदू मुसलमान बहराइच से लेकर संबल तक मथुरा से लेकर काशी तक रोज ने रोज कोई ना कोई ऐसा मुद्दा छेड़ दिया जाता है जिसे सामाजिक ताना-बाना कमजोर हो सामाजिक विदेश बड़े भोली भाली जनता इसी नफरत की लड़ाई में उलझ कर रह जाए हमारा विधानसभा का घेरा सिर्फ घेराव नहीं है हमारा यह प्रयास है कि कुंभकरण नींद में हुई सरकार को जगाने का आम जनता के मुद्दों को सामने लाने का और जनता को न्याय और हक दिलाने काके महल में जी रहे हैं। इस अवसर पर कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, तारीख मोहम्मद खान, विनोद कुमार सक्सेना, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अकरम नवाज अली, अल्पसंख्यक के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर इरफान सैफी, जिला सचिव बब्बन हुसैन फिररासत सैफी उभन गुर्जर आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# सनी देओल ने बॉलीवुड में रचनात्मकता की कमी का ठीकरा कॉर्पोरेट्स पर फोड़ा?

सनी देओल बॉलीवुड के उन अनुभवी अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने इंडस्ट्री के उतार-चढ़ाव को काफी करीब से देखा है। पिछले दशकों में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आए बदलावों को भी उन्होंने महसूस किया है। हाल ही में मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान सनी देओल ने कहा कि बॉलीवुड में रचनात्मकता की कमी का मुख्य कारण कॉर्पोरेट्स द्वारा अपनी शक्ति का गलत उपयोग है।

### कार्यक्रम में शामिल हुए दोनों भाई

सनी देओल और बॉबी देओल हाल ही में मुंबई में आयोजित एक इंटरेक्टिव इवेंट में शामिल हुए। इस दौरान दोनों भाइयों ने बॉलीवुड के पिछले दशकों में आए बदलावों और इंडस्ट्री में हुए विकास पर खुलकर चर्चा की। सनी देओल ने बॉलीवुड में रचनात्मकता की कमी का जिम्मेदार कॉर्पोरेट्स की एंट्री को माना।

### कॉर्पोरेट्स ने बदली सिनेमा की दिशा

सनी देओल ने कहा, जब सब कुछ व्यावसायिक हो जाता है और कॉर्पोरेट्स इंडस्ट्री में आते हैं तो जो लोग बड़े पदों पर होते हैं वे शक्ति का गलत इस्तेमाल करते हैं। अभिनेता के मुताबिक यही कारण है कि बॉलीवुड में रचनात्मकता कम हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कॉर्पोरेट्स का आगमन हुआ तो वे सिनेमा के बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानते थे और यही वजह थी कि सिनेमा की दिशा बदलने लगी।

### पूरी दुनिया में हो रहा बदलाव

सनी ने आगे कहा, अब वह सिनेमा देखने को नहीं मिलता, जो पहले मिलता था। आजकल के गाने लोग जल्दी ही भूल जाते हैं, क्योंकि वे दिल को छूने वाले नहीं होते। हालांकि, सनी ने यह भी माना कि यह बदलाव केवल बॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में हो रहा है और इसे किसी एक कारण पर आरोपित नहीं किया जा सकता। यह एक वैश्विक बदलाव है और सभी को इसी हिसाब से चलना चाहिए।

### इन फिल्मों में जल्द आएंगे नजर

सनी देओल ने 1983 में बेताब से बॉलीवुड में कदम रखा था और तब से वह लगातार फिल्मों में काम कर रहे हैं। पिछले साल वह अनिल शर्मा की एक्शन फिल्म गदर 2 में नजर आए थे। इस फिल्म से उन्होंने यह साबित कर दिया था कि वह इंडस्ट्री के असली बॉस हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो सनी फिलहाल लाहौर 1947 फिल्म में प्रीति जिंटा के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा, वह रामायण पार्ट 1 में रणबीर कपूर के साथ और जाट और बॉर्डर 2 जैसी फिल्मों में भी दिखेंगे।



# टीवी की छोटी सरदारनी ऐसे बनीं मिस मणिपुर, बिग बॉस का हिस्सा बन कर भी बटोरीं सुर्खियां

फेमिना मिस मणिपुर के नाम से चर्चित निमृत कौर को प्रशंसक उनकी खूबसूरती के कारण बहुत पसंद करते हैं। वह बिग बॉस 16 का हिस्सा भी रहीं हैं। अपने टीवी शो और दिलकश अदाओं के कारण चर्चा में रहती हैं। वह बिग बॉस का हिस्सा होने के बाद छोटी सरदारनी टीवी धारावाहिक से चर्चा में आईं। इसके साथ ही वे खतरों के खिलाड़ी शो का भी हिस्सा रही हैं।

### फेमिना मिस मणिपुर रह चुकी हैं निमृत

निमृत कौर दिल्ली की रहने वाली हैं, वे साल 2018 में फेमिना मिस मणिपुर रहीं। दिल्ली से होने के बाद भी वे मणिपुर राज्य का फेमिना में दर्शाया था। किसी अन्य राज्य से होने के बाद भी वे मणिपुर को दर्शा चुकी हैं, उन्हें इसके चलते कुछ विवादों का सामना करना पड़ा था। कुछ विवाद हुए कि एक राज्य की लड़की दूसरे राज्य का प्रतिनिधित्व कैसे कर सकती है।

### पेशे से वकील भी रहीं निमृत

निमृत कौर अहलूवालिया एक वकील रहीं हैं। उन्होंने मोहाली से वकालत की पढ़ाई की। वे पढ़ाई के साथ नाटक मंच से जुड़ी रहीं थीं। वे फिल्म और टीवी पर अपना करियर बनाना चाहती थीं, इसके लिए उन्होंने वकालत छोड़ दी। वे कॉलेज के दौरान बहुत ज्यादा खाने लगीं थीं, जिसके कारण उनके मोटापे का मजाक भी उड़ाया गया।

### इन शो के कारण चर्चा में रहीं छोटी सरदारनी

निमृत कौर को टीवी सीरियल छोटी सरदारनी के अलावा बिग बॉस 16, खतरों के खिलाड़ी जैसे शो में देखा गया। उन्हें कुछ फिल्मों के लिए भी साइन किया गया, लेकिन आखिरी समय पर उनको रिप्लेस कर दिया गया। इस बात का खुलासा खुद अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू में किया था।

### वीडियो सॉग्स का भी हिस्सा रहीं निमृत

मस्तानी, जिहाल ए मिस्किन, सोनीये, जाने जा जैसे वीडियो सॉग का हिस्सा रही हैं। निमृत को भारतीय टेली पुरस्कार भी मिल चुका है। वे अपने अभिनय के कारण दर्शकों के दिलों पर राज करती हैं।



# अगले साल प्रियंका चोपड़ा करेंगी बॉलीवुड में कमबैक




साल 2021 में प्रियंका चोपड़ा फिल्म 'द व्हाइट टाइगर' में नजर आई थीं, यह फिल्म हिंदी और इंग्लिश दोनों ही भाषाओं में बनी थीं। इसके बाद से वह बॉलीवुड में नजर नहीं आईं। प्रियंका अपने हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में ही व्यस्त हो गईं। अब लगता है कि अगले साल प्रियंका के भारतीय फैंस उनकी कोई हिंदी फिल्म देख पाएं।

### फेस्टिवल में साझा की बात

प्रियंका चोपड़ा हाल ही में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 में नजर आईं। इस मौके पर उन्होंने बताया कि वह अगले साल एक हिंदी फिल्म कर सकती हैं। फिल्म से जुड़ी डिटेल्स प्रियंका ने साझा नहीं की। लेकिन इस फिल्म के बारे में बताते हुए, वह काफी खुश नजर आईं। इसी इंवेट में प्रियंका चोपड़ा आगे कहती हैं, 'मैं देसी गर्ल हूं। आप मेरे भीतर से भारत को और भारतीय फिल्मों को निकाल नहीं सकते हैं। मुझे अपने देश और संस्कृति से प्यार है, उस पर गर्व है।' कुछ दिन पहले खबर आई थी कि आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा की एक फिल्म 'जी ले जरा' अब नहीं बनेगी। साल 2021 में इस फिल्म को लेकर घोषणा की गई थी। इस फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा था, जो कि फरहान अख्तर का प्रोडक्शन हाउस है। हो सकता है कि प्रियंका इसी फिल्म का जिक्र कर रही हूं। फरहान ने इस पर काम शुरू करने का मन बना लिया हो। प्रियंका चोपड़ा के इंडियन फैंस उनकी फिल्म चाहे ना देख पा रहे हों। लेकिन वह अपनी जिंदगी के छोटे-बड़े पल अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं।

# इस वजह से जवान का हिस्सा बनीं नयनतारा

शाहरुख खान की एक्शन फिल्म जवान में उनके साथ अभिनेत्री नयनतारा नजर आईं थीं। इस फिल्म से नयनतार ने हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया है। इस फिल्म में काम करने का मौका नयनतारा को केवल शाहरुख खान के कारण ही मिला है। एक इंटरव्यू के दौरान नयनतारा ने फिल्म को लेकर कुछ बातें कही हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि वे एटली और शाहरुख के साथ फिल्म करने को क्यों तैयार हो गईं।



### शाहरुख ने कही थी ये बात

नयनतारा ने शाहरुख को लेकरबातचीत में कहा, निर्देशक एटली और शाहरुख खान ने उन्हें एक खास स्थिति से महसूस करवाया, यही कारण है कि वे जवान फिल्म का हिस्सा बनीं। शाहरुख खान ने फिल्म से पहले ही उनसे बात की और कहा कि वे मुझे बहुत सहज महसूस कराएंगे।

### शाहरुख खान के लिए मौजूद हैं नयनतारा

नयनतारा ने कहा कि जब भी शाहरुख खान को उनकी जरूरत महसूस होगी या उन्हें लगेगा कि वह फिल्म के लिए सही विकल्प हैं, वे शाहरुख के लिए मौजूद रहेंगी। फिल्म जवान की रिलीज के एक साल होने पर नयनतारा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खुशी मनाई थी और यादों को फैंस के साथ साझा किया।

### एटली के लिए बोलीं नयनतारा

एटली के लिए नयनतारा ने कहा कि वे उनके छोटे भाई की तरह हैं। उन्होंने ही नर्मदा राय का किरदार निभाने का मौका नयनतारा को दिया था। नयनतारा ने कहा कि उनकी पहली फिल्म से लेकर जवान तक उनकी ज्यादातर फिल्में एटली के साथ ही रही हैं।

### अगले साल आएंगी ये फिल्में

वर्कफ्रंट की बात करें तो नयनतारा की आगामी फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी और रक्कई है। नयनतारा की बायोग्राफी फिल्म हाल ही में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई थी, इसे उनके फैंस का बहुत सारा प्यार मिल रहा है। नयनतारा अक्सर इस सीरीज के कुछ हिस्सों की तस्वीरें और यादें सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं।

# फिर साथ आए विकास बहल और कंगना रनौत

विकास बहल द्वारा निर्देशित प्रसिद्ध फिल्मों में चिल्लर पार्टी, क्वीन, सुपर 30 और शैतान जैसी फिल्में शामिल हैं। इसी बीच कंगना रनौत अभिनीत फिल्म क्वीन के सीक्वल की चर्चा लंबे समय से हो रही है। वहीं, अब खुद विकास बहल ने क्वीन 2 की पुष्टि कर दी है। साथ ही फिल्म के निर्माण पर बड़ा अपडेट साझा किया है।

### क्वीन 2 पर लगी पक्की मुहर

विकास बहल ने एक हालिया इंटरव्यू में अपनी आने वाली फिल्मों पर चर्चा करते हुए कहा कि वे पिछले कुछ समय से क्वीन 2 पर काम कर रहे हैं और आखिरकार उनके पास कुछ ठोस है। फिल्म निर्माता सीक्वल के बारे में विवरण का खुलासा नहीं कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने पुष्टि की है कि प्रोडक्शन शुरू हो गया है। क्वीन के सीक्वल में भी कंगना रनौत मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।



# हाउसफुल 5 के सेट पर हादसे का शिकार हुए अक्षय कुमार

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इस समय मुंबई में हाउसफुल 5 की शूटिंग कर रहे हैं। अभिनेता फिल्म के लिए स्टंट करते समय एक दुर्घटना का शिकार हो गए। रिपोर्ट्स के अनुसार, दुर्घटना में अभिनेता की आंख में चोट लगी है। इसके साथ ही अब अभिनेता के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी भी सामने आई है। हालांकि, कहा जा रहा है कि अब अभिनेता ठीक हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हाउसफुल सेट पर शूटिंग के दौरान स्टंट करते समय अक्षय की आंख में कोई चीज उड़कर आ गई। सेट पर तुरंत एक नेत्र रोग विशेषज्ञ को बुलाया गया, जिसने आंख पर पट्टी बांधी और उन्हें कुछ समय आराम करने को कहा, जबकि अन्य अभिनेताओं के साथ शूटिंग फिर से शुरू हो गई। हालांकि, चोट के बावजूद, अक्षय जल्द ही शूटिंग में शामिल होने के लिए दृढ़ हैं क्योंकि फिल्म की शूटिंग अंतिम चरण में है और वह नहीं चाहते कि इसमें देरी हो। हाउसफुल 5 में फ्रेंचाइजी के अक्षय और रितेश देशमुख के साथ-साथ अभिषेक बच्चन, श्रेयस तलपदे, चंकी पांडे, जैकलीन फर्नांडीज और नरगिस फाखरी की वापसी के साथ कई कलाकार शामिल हैं।

### कब रिलीज होगी फिल्म

इस साल की शुरुआत में यूरोप में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी। कलाकारों ने 40 दिनों तक क्रूज शिप पर फिल्म की शूटिंग की, जिसमें न्यूकैसल से स्पेन, नॉरमैंडी, होनफ्लूर और वापस प्लायमाउथ तक का सफर शामिल था। तरुण मनसुखानी द्वारा निर्देशित कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5, 6 जून, 2025 को रिलीज होने वाली है।





# मुझे हमेशा से लंबी रेस का घोड़ा बनना था

अपनी पहली ही फिल्म मर्दानी के लिए खूब वाहवाही बटोरने वाले ऐक्टर ताहिर राज भसीन ने इस साल इंडस्ट्री में एक दशक लंबा सफर तय कर लिया है। इस सफर में उन्होंने मंटो, छिछोरे, 83 जैसी फिल्मों में अपनी छाप छोड़ी। इन दिनों सीरीज ये काली काली आंखें 2 के लिए सुर्खियां बटोर रहे ताहिर का कहना है कि वह हमेशा से क्वॉन्टिटी के बजाय क्वॉलिटी काम करके लंबी रेस का घोड़ा बनना चाहते थे।

**आपने इंडस्ट्री में दस साल पूरे कर लिए। इस एक दशक के सफर को कैसे देखते हैं?**

मैं अपने को बहुत खुशकिस्मत मानता हूं कि ऐसे महान निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मिला। मेरी शुरुआत स्वर्गीय प्रदीप सरकार जी के साथ हुई थी, जिन्होंने 500 लड़कों में से मुझे चुना। उनका मेरे ऐक्टिंग करियर में बहुत बड़ा योगदान है, क्योंकि जब मैं स्ट्रगल कर रहा था, ऑडिशन के लिए जाता था तो सब यही पूछते थे कि आपने क्या किया है? जबकि, उन्होंने पूछा कि आप क्या कर सकते हैं? सवालों के इस अंतर से बहुत कुछ बदल गया, तो मैं इससे अच्छी शुरुआत का सपना भी नहीं देख सकता था। वहां से अब तक जिस तरह के किरदार मैंने निभाए हैं, मैं खुद को उसके लिए भी खुशनसीब मानता हूं, क्योंकि हमारी इंडस्ट्री में जिसका डेब्यू अच्छा हो जाता है, वह अगले तीन-चार रोल उसी तरह के करता है, पर मैंने इंतजार किया और नंदिता दास की मंटो की, जो पीरियड ड्रामा थी। उसमें मैंने 40 के दशक के ऐक्टर श्याम चड्ढा का रोल किया। वह फिल्म कान और मामी फिल्म फेस्टिवल में काफी चर्चित रही। मामी में कई डायरेक्टर्स ने यह फिल्म देखी और उन्होंने मुझे भी एक अलग नजरिए से देखा, जिससे मैं छिछोरे, 83, लूप लपेटा, ये काली काली आंखें, सुल्तान ऑफ दिल्ली सब में अलग-अलग किरदार कर पाया।

**आपने टाइप कास्टिंग का जिक्र किया, जो कि इंडस्ट्री का एक दुखद सच है। क्या आपको भी मर्दानी के बाद वैसे ही नेगेटिव रोल ऑफर हुए? क्या यही वजह थी कि आप कुछ समय के गैप के बाद दोबारा पर्दे पर दिखे?**

जी। मेरा हमेशा ये मानना रहा है कि लंबी रेस का घोड़ा बनो। ये नहीं कि आपकी एक फिल्म हिट हो गई, तो चार फिल्में उसी तरह की करने लगो। उसमें मैं खुद बोर हो जाऊंगा और मेरे दर्शक भी बोर होंगे। मेरी कोशिश हमेशा ये रही है कि मेरे दर्शक अगर मेरा नाम पढ़े या मेरा चेहरा पोस्टर पर देखें तो उन्हें लगे कि इस फिल्म में कुछ तो अलग होगा। मेरा लक्ष्य यह है, इसलिए ऐसे लक्ष्य को पाने में थोड़ा समय तो लगता है। मेरा यह भी मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में आपका भविष्य सिर्फ उन प्रॉजेक्ट्स से नहीं बनता, जिन्हें आप हां कहते हैं, उससे भी तय होता है, जिसे आप ना कहते हैं। यहां ना कहना भी उतना ही जरूरी है।

**करियर की शुरुआत में यह समझना और वह धैर्य रखना भी बड़ी बात है। आपने यह बात काफी पहले सीख ली?**

हां, क्योंकि मैं ऐक्टर बना ही इसलिए ना कि मुझे कुछ अलग करना था। अगर सिर्फ काम करने के लिए काम करना होता, तब तो कुछ भी नौकरी कर सकते थे। अगर आपको ऐक्टर या स्टार बनना है तो कुछ अलग करना पड़ेगा और यह मैंने उन ऐक्टर्स से सीखा है, जिन्हें देखकर ऐक्टिंग में आया। चाहे वो शाहरुख खान हो, स्वर्गीय इरफान खान हों या आमिर खान। नब्बे के दशक में जब हम इनकी फिल्में देखते थे, जैसे शाहरुख की दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कभी हां कभी ना, बाजीगर तीनों अलग थी। इसी तरह, आमिर की रंगीला, सरफरोश, दिल चाहता है, सब अलग थीं।

**आपने सीरीज में विक्रांत के किरदार, उसकी निराशा, झल्लाहट को कैसे समझा, क्योंकि किस्मत लगातार उसके साथ मजाक करती रहती है?**

मेरे लिए विक्रांत एक बहुत आम सपने वाला सिंपल लड़का है, जो एक साधारण जिंदगी जीना चाहता है। अपने दम पर कुछ बनना चाहता है। उसमें एक मासूमियत और आदर्शवाद है और मजा ये था कि उसके आदर्शवाद से जब एक शक्तिशाली सत्ता टकराती है तो वह क्या करे? उसके सामने दो ही रास्ते थे कि या तो मरे या मारे, तो यह मेरे लिए बहुत रोमांचक बात थी। दूसरे, इस सीरीज से पहले मैंने रोमांस जॉनर कभी किया नहीं था। मैंने ऐक्शन किया था, ड्रामा किया था। छिछोरे और 83 में स्पोर्ट्स ड्रामा भी कर रहा था। जबकि, यहां रोमांस का मौका मिला तो एक नहीं, दो-दो लड़कियां थीं। एक से मेरे किरदार को प्यार हो जाता है, तो दूसरी हाथ धोकर उसके पीछे पड़ी है और बॉलिवुड में ऐसी कहानी जहां लड़की ऐसी जुनूनी मोहब्बत करती है, नई बात थी। मेरे लिए विक्रांत के दिमाग में घुसना, खासकर इस सीजन में जरूरी था क्योंकि वह सोचता कुछ है, बोलता कुछ है, करता कुछ है।

**आपने करियर की शुरुआत बड़े पर्दे से की थी। इन दिनों ओटीटी पर ज्यादा नजर आ रहे हैं। क्या बड़े पर्दे को कभी मिस करते हैं?**

वह तो समय के हिसाब से था, क्योंकि जब 10 साल मैं पहले मुंबई आया था, तब ओटीटी नहीं था। मैं तो दोनों ही के लिए काम कर रहा हूं। कुछ कहानियां बड़े पर्दे पर दो घंटे में कही जा सकती हैं। जबकि, कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जिन्हें किताब की तरह चैप्टर में बताना बेहतर होता हैं। बाकी, ओटीटी में काम करने वाले भी सब सिनेमा के ही लोग हैं, बस उसका माध्यम अलग है तो मैं दोनों में ही काम कर रहा हूं और दोनों की अपनी एक जगह है।




# रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में नई कंपनी बनाने की मची होड़

● अब अडानी ने भी इस सेक्टर के लिए नई कंपनी बनाई है ● इससे पहले अनिल अंबानी भी नई कंपनी बना चुके हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस समय एक सेक्टर देश में काफी तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी-बड़ी कंपनियां इसमें भारी भरकम निवेश कर रही हैं। यह सेक्टर रिन्यूएबल एनर्जी का है। मुकेश अंबानी, अनिल अंबानी, गौतम अडानी समेत देश के कई बड़े उद्योगपति इस सेक्टर में आगे निकलने की होड़ में हैं। शायद यही कारण है कि ये बड़ी-बड़ी कंपनियां नई कंपनी बनाकर इस सेक्टर में एंट्री ले रही हैं। इस सेक्टर में तेजी से कदम बढ़ाने के लिए अब गौतम अडानी ने भी नई कंपनी बनाई है। अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी इसके लिए आगे आई है। अडानी ग्रीन एनर्जी ने रिन्यूएबल एनर्जी के कारोबार के लिए एक सब्सिडियरी कंपनी बनाई है। कंपनी ने यह जानकारी शेयर मार्केट को दी फाइलिंग में दी।



### क्या है कंपनी का नाम?

फाइलिंग के अनुसार अडानी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग नाइन लिमिटेड ने एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बनाई है। यह कंपनी रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में काम करेगी। अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने शेयर मार्केट को दी जानकारी में कहा कि उसकी पूर्ण सब्सिडियरी कंपनी अडानी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग नाइन ने शुक्रवार को अडानी ग्रीन एनर्जी सिक्सटी नाइन लिमिटेड (एजीई69एल) का गठन किया।

### क्या होगा कंपनी का काम?

फाइलिंग में कहा गया है कि एजीई69एल का मुख्य उद्देश्य किसी भी प्रकार की बिजली या इलेक्ट्रिक एनर्जी का उत्पादन, विकास, ट्रांसफॉर्मेशन, डिस्ट्रीब्यूशन, ट्रांसमिशन, सेल और सप्लाई करना है। इसके लिए पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा या ऊर्जा के अन्य नवीकरणीय स्रोतों का इस्तेमाल किया जाएगा।

**अनिल अंबानी ने भी बनाई है कंपनी-** रिन्यूएबल एनर्जी के लिए अनिल अंबानी ने भी हाल में नई कंपनी बनाई है। उन्होंने रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में कारोबार के लिए रिलायंस एनयू एनर्जीज प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी की स्थापना की है। यह कंपनी रिलायंस पावर की सब्सिडियरी कंपनी है। इस कंपनी की स्थापना के अगले ही दिन इसे स्श्वष्टद्ब से 930 मेगावाट सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया है। यह भारत में सोलर और बैटरी स्टोरेज सिस्टम की सबसे बड़ी परियोजना है।

बीएसएनएल के आएंगे अच्छे दिन, यूजर्स को जल्द मिलेगा इस बड़ी सुविधा का फायदा

# सरकार ने कर दिया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप बीएसएनएल की सिम इस्तेमाल करते हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। सरकार बीएसएनएल यूजर्स को एक बड़ी सुविधा जल्द देने जा रही है। इसके बारे में सरकार ने ऐलान भी कर दिया है। सरकार ने कहा है कि बीएसएनएल अब रिकवरी के लिए तैयार है यूजर्स को बेहतरीन सर्विस मिलने जा रही है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि सरकारी स्वामित्व वाली बीएसएनएल की वित्तीय स्थिति सुधर रही है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल अगले साल के मध्य में 5जी लॉन्च कर सकती है। उन्होंने कहा कि कंपनी एक स्थायी संचालन की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा, बीएसएनएल कायाकल्प की राह पर है। भारत जैसे देश में यह बेहद महत्वपूर्ण है कि हमारे पास 3-4 मोबाइल ऑपरेटर हों।




### रेवेन्यू में आई तेजी

टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक सिंधिया ने कहा, बीएसएनएल अपने पैरों पर खड़ा हो रहा है। कंपनी ने पिछले 3-4 वर्षों में अपने रेवेन्यू में 12 प्रतिशत की वृद्धि देखी है जो 21 हजार करोड़ रुपये है। इसी अवधि में खर्च में 2 प्रतिशत की कमी आई है। 2021 से बीएसएनएल का सकारात्मक हो गया है। 2021 में इसका परिचालन लाभ 1100 करोड़ रुपये था जो अब दोगुना से अधिक होकर 2300 करोड़ रुपये हो गया है।

### एक लाख टावर लगेंगे

बीएसएनएल कॉल कनेक्टिविटी में भी तेजी से सुधार कर रही है। सिंधिया ने कहा कि बीएसएनएल अगले साल मई या जून तक एक लाख टावर लगाने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा, हमने सरकारी स्वामित्व वाली सी-डॉट और टाटा के स्वामित्व वाली तेजस के माध्यम से आरएएन (रेडियो एक्सेस नेटवर्क) के माध्यम से अपना स्वयं का 4जी कोर बनाया है। टीसीएस सिस्टम इंटीग्रेटर है। इसलिए, यह पूरी तरह से एकीकृत भारत समाधान है। हमने करीब 62 हजार टावर लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का 5वां देश है जिसके पास अपना 4जी हार्डवेयर और स्टैक है।

## चीनी ड्रोन पर निर्भरता होगी खत्म, 2030 तक भारतीय कृषि ड्रोन बाजार के 63.14 करोड़ डॉलर होने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कृषि ड्रोन बाजार 2030 तक 28 फीसदी सालाना वृद्धि के साथ 63.14 करोड़ डॉलर तक जा सकता है। अभी यह 14.54 करोड़ डॉलर का है। वैश्विक कृषि ड्रोन बाजार में भारत का हिस्सा इस समय 5.3 फीसदी का है। फिक्की एवं अर्न्स्ट एंड यंग की रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन और इसके कलपुर्जे का उद्योग देश के विनिर्माण क्षमता को 2030 तक 23 अरब डॉलर तक बढ़ा सकता है।



### विशेषज्ञों का तर्क

वहीं इस मामले में विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में वैश्विक स्तर पर चीनी ड्रोन पर निर्भरता को दूर करने की क्षमता है। प्रखर सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस के समूह सीईओ प्रदीप नामदेव कहते हैं कि कृषि में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए हमने किसानों को ड्रोन के बारे में शिक्षित करने के लिए 1500 एकड़ से अधिक भूमि में स्थानीय सरकारी निकायों के साथ एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य 2027 तक ड्रोन से संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं के लिए 5,000 रोजगार का अवसर पैदा करना है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के साथ प्रखर ने साझेदारी की है। नामदेव ने आगे कहा, भारत में ड्रोन की बहुत संभावना है। रक्षा व राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ कृषि और अन्य क्षेत्रों में भी काफी संभावनाएं हैं। प्रखर एकमात्र घरेलू ड्रोन निर्माता है जिसने स्वदेशी उड़ान नियंत्रक व एआई आधारित मॉडल व 3डी प्रिंटेड जैसे अन्य कंपोनेंट विकसित किए हैं।

वित्त वर्ष 2025 में भारत की

# खुदरा महंगाई दर घटकर 4.7-4.8 प्रतिशत पर आ जाएगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की हेडलाइन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई वित्तीय वर्ष 2025 में 4.7-4.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। बैंक ऑफ बड़ौदा की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अनुकूल सांख्यिकीय आधार, खाने-पीने की चीजों में कमी और

### रिपोर्ट में बताया गया कारण

स्थिर वैश्विक कमोडिटी कीमतों से राहत मिल सकती है। टमाटर, प्याज और आलू की नई फसल की आवक अधिक मंडी आवक में परिलक्षित हुई है, जिससे आपूर्ति दबाव कम हुआ है। दिसंबर के आंकड़ों से सब्जियों की कीमतों में और सुधार का संकेत मिलता है, जबकि अनुकूल मिट्टी की नमी और जलाशय के स्तर से मजबूत रबी फसल का भी अनुमान है। इसके अलावे, स्थिर वैश्विक खाद्य और ऊर्जा कीमतों से निकट भविष्य में महंगाई को जोखिम कम हो सकता है।



बीओबी का आर्थिक स्थिति सूचकांक (ईसीआई) दिसंबर में न्यूनतम अनुक्रमिक मूल्य वृद्धि दर्शाता है, जो नवंबर में 0.4 प्रतिशत की तुलना में 0.1 प्रतिशत है। रिपोर्ट बताती है कि अनुकूल मुद्रास्फीति के ये रुझान भारतीय रिजर्व बैंक को आने वाले महीनों में अधिक उदार मौद्रिक नीति रुख की ओर ले जा सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार नवंबर 2024 में सीपीआई मुद्रास्फीति अक्तूबर 2024 के 6.2 प्रतिशत से घटकर 5.5 प्रतिशत हो गई, ऐसा खाद्य कीमतों में व्यापक गिरावट के कारण ही संभव हो पाई। उल्लेखनीय रूप से, नवंबर में सब्जियों की मुद्रास्फीति अक्तूबर की 42.2 प्रतिशत की तुलना में तेजी से घटकर 29.3 प्रतिशत हो गई। दालों, फलों और अनाज जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों की कीमतों में भी राहत देखी गई, जिसका श्रेय अच्छी खरीफ फसल और मौसमी कारकों को जाता है। नवंबर 2024 में मुख्य मुद्रास्फीति (खाद्य और ईंधन को छोड़कर) 3.7 प्रतिशत पर स्थिर रही, जबकि अधिकांश मांग-संचालित उप-घटकों में नरमी देखी गई।

## भारत में फलों और सब्जियों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता बीते दशक की तुलना में बढ़ी

### रिपोर्ट में दावा

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में फलों और सब्जियों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता क्रमश: 7 किलोग्राम और 12 किलोग्राम बढ़ी है। हालांकि, यह आंकड़ा कृषि आपूर्ति श्रृंखला में कई चुनौतियों को उजागर करता है जो पूरे देश में खाद्य खपत को प्रभावित करना जारी रखते हैं। विशेष रूप से, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और जम्मू और कश्मीर जैसे राज्यों में फलों और सब्जियों के प्रति व्यक्ति उत्पादन में वृद्धि देखी गई है। हालांकि, कई पूर्वोत्तर राज्यों ने प्रति व्यक्ति उत्पादन में गिरावट दर्ज की है।

भारत प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष लगभग 227 किलोग्राम फल और सब्जियां पैदा करता है, जो सालाना प्रति व्यक्ति 146 किलोग्राम की सामान्य सिफारिश से अधिक है। हालांकि, फलों और सब्जियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा- 30-35 प्रतिशत - उनकी जल्दी खराब होने वाली प्रकृति के साथ-साथ कटाई, भंडारण, परिवहन और पैकेजिंग में अकुशलता के कारण नष्ट हो जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार, अनाज उत्पादन की अवधि के दौरान तापमान में 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से गेहूं की पैदावार में 3-4 प्रतिशत की कमी आ सकती है।

## वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में दे रहा 4जी का उत्कृष्ट अनुभव

**भोपाल।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) ने आज बताया कि ओपनसिगनल की नेटवर्क एक्सपीरिएंस रिपोर्ट नवम्बर 2024 के अनुसार इसे मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट 4जी नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए सराहा गया है। इस रिपोर्ट के तहत स्मार्टफोन 4जी यूज़र्स के 4जी अनुभव का मूल्यांकन किया गया। वी का उत्कृष्ट नेटवर्क, उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ डिजिटल अनुभव एवं कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

ओपनसिगनल की रिपोर्ट के अनुसार वी के यूज़र 4जी का उत्कृष्ट अनुभव पा रहे हैं, ऐसे में वी विभिन्न श्रेणियों जैसे लाईव वीडिया, गेमिंग अनुभव, डाउनलोड और अपलोड स्पीड, वॉइस ऐप अनुभव और 4जी वीडियो अनुभव की दृष्टि से टॉप परफोर्मर बन गया है। यह रिपोर्ट लाईव एवं ऑन-डिमांड वीडियो स्ट्रीमिंग, मल्टीप्लेयर मोबाइल गेम्स एवं मोबाइल वॉइस ऐप पर ओटीटी वॉइस सर्विसेज़ में वी के 4जी नेटवर्क की उत्कृष्ट गुणवत्ता को दर्शाती है। ओपनसिगनल की रिपोर्ट मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित देश भर में नेटवर्क के परफोर्मेन्स में सुधार लाने के वी के सतत प्रयासों की पुष्टि करती है। इसी साल अप्रैल में वी ने एफपीओ के ज़रिए रु 18,000 करोड़ की राशि जुटाई थी और कंपनी देश भर में अपने 4जी नेटवर्क में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 77 नई 4जी लोकेशनों में अपने गीगानेट नेटवर्क का विस्तार किया है। वी ने 1512 साईट्स को 900 मेगाहर्टज बैण्ड पर 4जी के साथ अपग्रेड किया है जो खासतौर पर घनी आबादी वाले शहरी इलाकों में उपभोक्ताओं को इंडोर नेटवर्क का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान कर रहे हैं।

## फ्लिपकार्ट ने फ्लिपस्टार्स 2024 अवार्ड समारोह में अग्रणी सेलर्स को सम्मानित किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने अपने प्रतिष्ठित फ्लिपस्टार्स 2024 अवार्ड समारोह के दौरान अपने 14 लाख सेलर्स की उपलब्धियों का जश्न मनाया। समारोह का आयोजन लीला पैलेस, जयपुर में किया गया। सुनील ग्रोवर की मेजबानी में आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका शलमली खोलगड़े ने अपनी खास प्रस्तुति से सभी को लुभाया। फ्लिपकार्ट सेलर्स के रेजिलिएंस, इनोवेशन एवं उद्यमिता की भावना के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान फ्लिपकार्ट के एसवीपी एवं हेड ऑफ मार्केटप्लेस, बीजीएम, होम एंड ग्रॉसरी बिजनेस श्री साकेत चौधरी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



फ्लिपकार्ट के एसवीपी एवं हेड ऑफ मार्केटप्लेस, बीजीएम, होम एंड ग्रॉसरी बिजनेस श्री साकेत चौधरी ने इस अवसर पर कहा फ्लिपस्टार्स अवार्ड एक्सीलेंस, रेजिलिएंस एवं बदलाव लाने की उद्यमिता की ताकत का उत्सव है। फ्लिपकार्ट पूरे भारत में ई-कॉमर्स को सुगम बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है और हमारे सेलर्स इसकी अहम कड़ी हैं। यह कार्यक्रम ग्राहकों की संतुष्टि एवं बिजनेस इनोवेशन में उनके उल्लेखनीय योगदान को रेखांकित करता है।

# ट्रांसयूनियन सिबिल ने भावेश जैन को प्रबंध निदेशक और सीईओ नियुक्त किया

**मुंबई एजेंसी।** भारत की अग्रणी इनसाइट एवं इन्फॉर्मेशन कंपनी ट्रांसयूनियन सिबिल ने आज श्री भावेश जैन को प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। श्री जैन पूर्व प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री राजेश कुमार के महत्वपूर्ण कार्य को जारी रखेंगे, जिन्होंने हाल ही में पांच साल के कार्यकाल के बाद पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसमें कोविड-19 और उसके बाद के कारोबार के लिए महत्वपूर्ण अवधि शामिल है।



श्री कुमार के निर्णय को मान्यता देते हुए, ट्रांसयूनियन सिबिल के चेयरमैन श्री वी अनंतरामन ने कहा- राजेश ने वित्तीय सेवाओं में 32 साल के निरंतर करियर के बाद आगे बढ़ने और अपने और अपने परिवार के लिए कुछ समय निकालने के अपने निर्णय के बारे में बताया है। हम ट्रांसयूनियन सिबिल के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए राजेश को धन्यवाद देते हैं और उनके निर्णय का सम्मान करते हैं और उसे स्वीकार करते हैं। उनके नेतृत्व में कंपनी ने काफी प्रगति की है, और हम उन्हें जीवन के अगले चरण में प्रवेश करने के लिए शुभकामनाएं देते हैं। श्री जैन को ट्रांसयूनियन सिबिल के प्रबंध निदेशक और सीईओ के पद पर पदोन्नत किया गया है, वे पिछले पांच वर्षों से ट्रांसयूनियन सिबिल में मुख्य राजस्व अधिकारी रहे हैं। दशकों के करियर में, उन्होंने थॉमसन रॉयटर्स, सिटी और कोन में पिछली भूमिकाओं के साथ महत्वपूर्ण वित्तीय सेवाओं का अनुभव प्राप्त किया है। उनके पास वेलिंगकर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से प्रबंधन अध्ययन में मास्टर डिग्री और वीईएसआईटी से इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री है, दोनों मुंबई विश्वविद्यालय में हैं, और उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में वरिष्ठ कार्यकारी नेतृत्व कार्यक्रम पूरा किया है।

## इराया लाइफस्पेसेस लिमिटेड की सहायक कंपनी एबिक्सकैश को सेंट्रल पीएसयू आईटीआई लिमिटेड के डेटा सेंटर-1 के संचालन और प्रबंधन के लिए भागीदार के रूप में चुना गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इराया लाइफस्पेसेस लिमिटेड (बीएसईः 531035) अपनी सहायक कंपनी एबिक्सकैश के एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक अपडेट को साझा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त करती है। एबिक्सकैश यात्रा, बीमा, वित्तीय, स्वास्थ्य सेवा और ई-लर्निंग उद्योगों में ऑन-डिमांड सॉफ्टवेयर और ई-कॉमर्स सेवाओं का एक प्रमुख प्रदाता है। भारत सरकार के संचार मंत्रालय के अधीन आईटीआई लिमिटेड ने अपनी मीट यू-पैनल वाली डेटा सेंटर के संचालन और प्रबंधन के लिए अपनी प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में इराया लाइफस्पेसेस लिमिटेड की सहायक कंपनी एबिक्सकैश का चयन किया है। यह प्रतिष्ठित अनुबंध पाँच वर्षों की अवधि के लिए है और इसका ऑर्डर वैल्यू 100 करोड़ से अधिक है। एबिक्सकैश के डेटा सेंटर डिवीजन को आधिकारिक तौर पर आईटीआई लिमिटेड, एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के लिए इस महत्वपूर्ण पहल को करने के लिए अनुबंध समझौता प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि प्रौद्योगिकी और डेटा प्रबंधन समाधानों में उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए इराया लाइफस्पेसेस लिमिटेड की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। आईटीआई लिमिटेड बेंगलुरु में एक अत्याधुनिक ञ्जद्ब 942 टियर -3 डेटा सेंटर संचालित करती है, जो कोलोकेशन, समर्पित या प्रबंधित सेवाएँ और क्लाउड सेवाएँ प्रदान करता है। इस अनुबंध की प्रारंभिक अवधि पाँच वर्ष है। इस नए समझौते में डेटा सेंटर प्रशासनिक गतिविधियों, ग्राहक जुड़ाव के दौरान प्री-सेल्स और समाधान समर्थन, संचालन, रखरखाव और डेटा सेंटर का प्रबंधन, साथ ही ग्राहक संबंध प्रबंधन और अगले पाँच वर्षों में विपणन समर्थन शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025:

## आईसीसी की मुहर, अब पाक से कोलंबो में मैच खेलेगा भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस बात पर सैद्धांतिक रूप से इस बात पर सहमति हो गई है कि न तो भारत और न ही पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंट के लिए एक-दूसरे के देश की यात्रा करेंगे। ऐसे में भारत और पाकिस्तान 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान दुबई में खेलेंगे जो 19 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी, उन्हें 2 समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष 2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

पीसीबी ने कहा था कि वह हाइब्रिड मॉडल को तभी स्वीकार करने को तैयार है, जब भारत और पाकिस्तान को दिए जाने वाले सभी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए समान व्यवस्था की जाएगी। इसका मतलब है कि जब भारत 2025 महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी करेगा तो पाकिस्तान पड़ोसी देश की यात्रा नहीं करेगा और तटस्थ स्थान पर उसके खिलाफ खेलेगा। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले 2026 पुरुष टी20 विश्व कप के दौरान, भारत घरेलू मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला नहीं खेल पाएगा और इसके बजाय बड़े मुकाबले के लिए श्रीलंका की यात्रा करेगा।

आईसीसी के एक अधिकारी ने कहा कि कल एक वर्चुअल बैठक है जिसमें आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ब्रिसबेन से जुड़ेंगे। उम्मीद है कि आईसीसी इसके बाद आधिकारिक घोषणा करेगी। फिलहाल हाइब्रिड मॉडल स्वीकार करने पर पीसीबी को कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा। भारत ने 2008 एशिया कप के बाद से पाकिस्तान की यात्रा नहीं की है। पाकिस्तान हालांकि पिछले साल वनडे विश्व कप के लिए भारत आया था।

## मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने शनिवार को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। 32 वर्षीय आमिर ने इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के कुछ ही महीनों बाद संन्यास लेने का फैसला किया है।

आमिर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया,सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का कठिन निर्णय लिया है। ये निर्णय कभी भी आसान नहीं होते, लेकिन अपरिहार्य होते हैं। मुझे लगता है कि अगली पीढ़ी के लिए यह सही समय है कि वे पाकिस्तान क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं! अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और हमेशा रहेगा। मैं ईमानदारी से पीसीबी, अपने परिवार और दोस्तों और सबसे बढ़कर अपने प्रशंसकों को उनके निरंतर प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

आमिर, जिन्होंने 2009 में एक विलक्षण किशोर के रूप में पदार्पण किया था, सभी प्रारूपों में अपने नाम 271 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेकर रिटायर हुए हैं - टेस्ट में 119, वनडे में 81 और टी20 में 71। उन्होंने पाकिस्तान के 2009 टी20 विश्व कप अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और कई यादगार प्रदर्शन किए थे, जिसमें भारत के खिलाफ 2017 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उनका मैच जीतने वाला स्पैल भी शामिल है। आमिर की प्रतिभा निर्विवाद थी, लेकिन उनका करियर विवादों से घिरा रहा।

पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे के दौरान कुख्यात 2010 स्पॉट फिक्सिंग कांड में उनकी संलिप्तता ने उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल कर दिया। आमिर ने तत्कालीन कप्तान सलमान बट के निर्देशों के तहत लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान जानबूझकर नो-बॉल फेंकी। एक स्टिंग ऑपरेशन द्वारा उजागर किए गए इस घोटाले के कारण आमिर को पांच साल के लिए क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया और बट और मोहम्मद आसिफ के साथ यूके में कुछ समय के लिए जेल की सजा काटनी पड़ी। प्रतिबंध पूरा करने के बाद, आमिर ने 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की और पाकिस्तान के पुनरुत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विशेष रूप से 2017 चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में।

### साउथ अफ्रीका-पाकिस्तान:

# अयूब की तूफानी पारी पर फिरा पानी

**● पाकिस्तानी गेंदबाज 207 रन नहीं कर पाए डिफेंड ● हेंड्रिक्स का शानदार शतक**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रीजा हेंड्रिक्स ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 10वें साल में पहला टी20 शतक जड़ा। इसके चलते साउथ अफ्रीका ने अगस्त 2022 के बाद पहली बार द्विपक्षीय टी20 सीरीज अपने नाम की। आयरलैंड के खिलाफ जीत के बाद टीम 8 सीरीज खेली। ??टीम ने सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर चेज किया। मार्च 2023 में व्हाइट-बॉल कोचिंग की जिम्मेदारी संभालने के बाद रॉब वाल्टर की पहली टी20 सीरीज जीत भी है। इससे पहले सैम अयूब की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 206 रन बनाए। सैम अयूब ने 57 गेंद पर 11 चौके और 5 छक्के की मदद से नाबाद 98 रन बनाए। इसके अलावा बाबर आजम ने 20 गेंद पर 3 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाए। इरफान खान ने 16 गेंद पर 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 30 रन बनाए।

**वैन डेर डुसेन का अर्धशतक -** साउथ अफ्रीका के लिए दयान गलीम ने 21 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके अलावा ओट्टनील बार्टमैन ने 51 रन देकर 2 विकेट लिए। जॉर्ज लिंडे ने 28 रन देकर 1 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका के लिए रीजा हेंड्रिक्स ने 117 और रास वैन डेर डुसेन ने 38 गेंद पर 3 चौके और 5 छक्के की मदद से नाबाग 66 रन बनाए। पाकिस्तान के गेंदबाज काफी महंगे साबित हुआ।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट : पहले दिन का खेल बारिश में धुला, आखिरी 2 सेशन में एक भी बॉल नहीं फेंकी गई : 28/0



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द हो गया है। शनिवार को ब्रिस्बेन में रुक-रुककर बारिश होती रही। दिन के आखिरी दो सेशन में एक भी बॉल नहीं डाली जा सकी। बारिश शुरू होने पहले ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए थे। नाथन मैक्स्वीनी और उस्मान ख्वाजा नाबाद लौटे थे। द गाबा स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। रविवार को दूसरे दिन का खेल आधे घंटे पहले सुबह 5:20 बजे शुरू होगा। 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला मैच भारत ने 295 रन और दूसरा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था।

## शाकिब अल हसन को बड़ा झटका

### बांग्लादेशी ऑलराउंडर के गेंदबाजी करने पर बैन

**ढ़ाका, एजेंसी।** शाकिब अल हसन को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपने किसी भी टूर्नामेंट में गेंदबाजी करने से बैन कर दिया है। इस महीने की शुरुआत में लॉफबोरो यूनीवर्सिटी में स्वतंत्र परीक्षण के दौरान उनका एक्शन अवैध पाया गया था। शाकिब सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एकमात्र मैच खेले थे। तब उनके एक्शन पर अंपायरों ने सवाल उठाए थे। निलंबन को खत्म करने के लिए शाकिब को गेंदबाजी एक्शन का टेस्ट पास करना होगा। टेस्ट के दौरान उनकी कोहनी 15 डिग्री से ज्यादा नहीं मुड़नी चाहिए। निलंबन की आधिकारिक तिथि 10 दिसंबर है। इस दिन ईसीबी को लॉफबोरो यूनिवर्सिटी से मूल्यांकन के परिणाम प्राप्त हुए थे। सितंबर में टॉन्टन में सरे के लिए खेले गए उस मैच में शाकिब ने 9 विकेट लिए थे, जो 2010-11 के बाद से काउंटी क्रिकेट में उनका मैच था।



**विवादों में शाकिब -** हाल ही में, शाकिब विवादों में रहे हैं। बांग्लादेश में अब अपदस्थ अवामी लीग सरकार में सांसद थे। जुलाई-अगस्त में विरोध के बाद सरकार गिर गई थी। शाकिब ने टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है और बांग्लादेश भी नहीं जा पा रहे हैं। वे अपने परिवार के साथ अमेरिका में रहते हैं। वह अक्टूबर में मीरपुर में विदाई टेस्ट नहीं खेल पाए,क्योंकि ढाका में उनके पक्ष और विपक्ष में विरोध प्रदर्शन हुए थे। उन्होंने तब से अंतराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है।

**शाकिब अल हसन का करियर -** शाकिब अल हसन ने टेस्ट में 71 मैच की 130 पारी में 37.77 के औसत से 4609 रन बनाए हैं। इसमें 5 शतक और 31 अर्धशतक लगाए। उन्होंने 246 विकेट लिए हैं। 247 वनडे में 37.29 के औसत से 7570 रन बनाए हैं। उन्होंने 317 विकेट लिए हैं। 129 टी20 में 23.19 के औसत से 2551 और 149 विकेट लिए हैं।

# वेस्टइंडीज से मुकाबले के लिए भारतीय महिला टीम घोषित, वनडे और टी20 सीरीज से 3-3 खिलाड़ी बाहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने 13 दिसंबर 2024 की रात 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है जो अगले दो सप्ताह में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टी20 और इतने ही वनडे मैच खेलेगी। हरमनप्रीत कौर टीम की अगुआई करेंगी। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, उमा छेत्री, तितास साधु, दीप्ति शर्मा, साइमा ठाकोर, रेणुका सिंह ठाकुर, मिन्नू मणि और प्रिया मिश्रा को दोनों प्रारूपों की टीमों में शामिल किया गया है। नंदिनी कश्यप, संजना सजीवन, राघवी बिष्ट और राधा यादव टी20 टीम में शामिल हैं, लेकिन वनडे में नहीं खेल पाएंगी। प्रतिका रावल, तेजल हसबनीस और तनुजा कंवर वनडे में उनकी जगह लेंगी। यास्तिका भाटिया, श्रेयंका पाटिल और प्रिया पुनिया चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में घुटने में चोट लगी थी।

भारतीय टीम खराब फॉर्म में चल रही शेफाली वर्मा के बिना उतरेगी जो हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए भी टीम में नहीं थीं। उत्तराखंड की ऑलराउंडर राघवी को हाल में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद टी20 टीम में शामिल किया गया, जहां उन्होंने एकदिवसीय मुकाबलों में 3 अर्धशतक लगाये थे।

**टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए भारतीय टीम -** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), नंदिनी कश्यप, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, संजना सजीवन, राघवी बिष्ट, रेणुका सिंह ठाकुर, प्रिया मिश्रा, तितास साधु, साइमा ठाकोर, मीनू मणि, राधा यादव।

**वनडे इंटरनेशनल सीरीज के लिए भारतीय टीम -** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), तेजल हसबनीस, दीप्ति शर्मा, मीनू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, रेणुका सिंह ठाकुर।

**ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद वेस्टइंडीज और आयरलैंड सीरीज पर निगाहें -** तीनों टी20 मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे, जबकि वनडे मैच वड़ोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत का वनडे में सबसे हालिया मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ था। तब ऑस्ट्रेलिया ने उस सीरीज में भारत को 3-0 से हराया। इस वजह से आईसीसी महिला चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करने की भारत की संभावनाएं कम हो गईं। भारतीय टीम वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज में अंक हासिल करने की उम्मीद करेगी।

### ये है भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20 और वनडे सीरीज का शेड्यूल

- पहला टी20 मैच- रविवार, 15 दिसंबर 2024
- दूसरा टी20 मैच- मंगलवार, 17 दिसंबर 2024
- तीसरा टी20 मैच- गुरुवार, 19 दिसंबर 2024
- पहला वनडे मैच- रविवार, 22 दिसंबर 2024
- दूसरा वनडे मैच- मंगलवार, 24 दिसंबर 2024
- तीसरा वनडे मैच- शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024

## टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के: भारतीय पुरुष और महिला एथलीट्स ने किया अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के रेड रोड पर रविवार को टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन से पहले पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारतीय पुरुष और महिला एथलीट्स ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा किया है।



टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के में भारतीय पुरुष और महिला धावकों ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा किया है। रविवार को यह दौड़ कोलकाता के रेड रोड पर आयोजन होने जा रहा है। इससे पहले शुक्रवार को भारतीय पुरुष धावकों गुलवीर सिंह, अभिषेक पाल और सवण बरवाल महिला और धावकों संजिवनी जाधव और लीली दास ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए, अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा किया। उल्लेखनीय है कि यह टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के का नौवां संस्करण है। इस 1,42,214 यूएस डॉलर की पुरस्कार राशि वाली दौड़ में भारतीय पुरुष और महिला एलीट विजेताओं के लिए समान पुरस्कार राशि रखी गई है। प्रत्येक दौड़ में पहले तीन स्थानों पर आने वालों को क्रमश 3,00,000, 2,50,000, और 2,00,000 लाख रुपए दिए जाएंगे। भारतीय एलीट पुरुष और महिला धावकों को इवेंट रिकॉर्ड बोनस के रूप में 1,00,000 रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। अविनाश साबले वर्तमान भारतीय एलीट पुरुष रिकॉर्ड धारक हैं, जिनका समय 1:5:17 है, और एल. सूर्य भारतीय एलीट महिला रिकॉर्ड धारक हैं, जिनका समय 1:26:53 है।

## टिम साउदी ने अपने विदाई टेस्ट में क्रिस गेल के छक्के मारने के रिकॉर्ड की बराबरी की

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने शनिवार को सेडन पार्क में अपने अंतिम टेस्ट मैच के दौरान वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल के छक्के मारने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। टेस्ट क्रिकेट में साउदी और गेल के अब बराबर छक्के (98) हो गए हैं, जो केवल एडम गिलक्रिस्ट (100), ब्रेंडन मैकुलम (107) और बेन स्टोक्स (133) से पीछे हैं। साउदी इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में 272/8 के स्कोर पर बल्लेबाजी करने आए। उन्हें अपने विदाई टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाड़ियों से गार्ड ऑफ ऑनर मिला।



साउदी ने अपनी पारी की पहली गेंद पर बेन स्टोक्स का सामना किया और पूरी तरह से चूक गए। हालांकि, स्टोक्स के अगले ओवर में साउदी ने मिड-विकेट और डीप स्क्वायर-लेग पर दो बड़े छक्के लगाए, इसके बाद पांचवीं गेंद पर एक रन लिया। अपनी धमाकेदार फॉर्म को जारी रखते हुए, साउदी ने गस एटकिंसन के अगले ओवर की पहली गेंद पर मिडविकेट के ऊपर से छक्का लगाया और अगली गेंद को पॉइंट बाउंड्री पर पहुंचा दिया।

आखिरकार एटकिंसन ने अपना बदला तब लिया जब साउदी ने स्लॉग को मिसटाइम किया और ब्रायडन कार्स ने कैच लपका। साउदी 10 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 230 रहा, जो न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज द्वारा 10 गेंदों में कट-ऑफ के साथ खेली गई तीसरी सबसे तेज टेस्ट पारी थी। उल्लेखनीय रूप से, सूची में दूसरा स्थान भी साउदी का ही है, जो 2019 में श्रीलंका के खिलाफ 10 गेंदों में नाबाद 24 रन की पारी की बदौलत है।

# पीकेएल-11: तमिल थलाइवाज को हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचे पटना पाइरेट्स

**पुणे, एजेंसी।** अयान (13), देवांक (12) और डिफेंडर शुभम शिंदे (5) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पटना पाइरेट्स् ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 109वें मैच में तमिल थलाइवाज को 42-38 के अंतर से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। पटना ने 18 मैचों में 11वीं जीत हासिल की जबकि मोइन शफागी (11) और सचिन (8) के सराहनीय प्रदर्शन के बावजूद थलाइवाज 18 मैचों में 11वीं हार को मजबूर हुई। इसी के साथ प्लेआफ में जाने की थलाइवाज की उम्मीदों को झटका लगा है। जिस वक्त पटना आलआउट की कगार पर थे, अयान को बोनस देना थलाइवाज को भारी पड़ गया।

बहरहाल, तीन बार के चैंपियन पटना ने अच्छी शुरुआत के साथ तीन मिनट में 5-2 की लीड बना ली थी। पांचवां मिनट बीतते-बीतते हालांकि थलाइवाज ने वापसी की राह पकड़ी और स्कोर 5-6 कर दिया। इसके बाद हिमांशु ने शुभम का शिकार कर स्कोर बराबर कर दिया। शुरुआती 8 मिनट में पटना को एक भी टैकल प्वाइंट नहीं मिला था, फिर भी वे 9-7 से आगे थे। इस बीच देवांक ने मल्टी प्वाइंटर के साथ न सिर्फ स्कोर 11-7 किया बल्कि थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। इसके बाद की रेड पर भी देवांक ने दो अंक लेकर थलाइवाज को आलआउट की कगार पर ला दिया।



सचिन आए और लपक लिए गए। इस तरह पटना ने 16-9 की लीड ले ली। ब्रेक के बाद पटना ने शफागी को लपका तो थलाइवाज ने अयान और देवांक का शिकार कर पटना को बड़ा झटका दिया। 15 मिनट की समाप्ति तक थलाइवाज ने 12-17 के स्कोर पर वापसी की राह पकड़ ली थी। इसके बाद पटना ने लगातार दो अंक लिए पर सचिन ने मल्टी प्वाइंटर के साथ मामला बराबर कर दिया। हाफटाइम तक पटना 20-15 से आगे थे।

हाफटाइम के बाद थलाइवाज ने एक अंक लिया तो दीपक ने सुपर रेड के साथ पटना को 23-16 से आगे कर दिया। इस बीच सुपर टैकल की स्थिति में देवांक ने सुपर रेड के साथ स्कोर 26-18 कर दिया। सचिन ने हालांकि आलआउट टाला और फिर साहिल ने देवांक को सुपर टैकल कर स्कोर 20-26 कर दिया। फिर सचिन ने डू ओर डाई रेड पर दो अंक लेकर फासला 4 का कर दिया। इस बीच सचिन ने चार के डिफेंस मे एक और अंक निकाला। पटना के लिए सुपर टैकल आन था और शुभम ने हिमांशु को लपक स्कोर 29-24 कर दिया। अगली रेड पर शफागी ने शुभम को बाहर कर दिया। 30 मिनट बाद पटना 29-25 से आगे थे।

ब्रेक के बाद पायरेट्स आलआउट की कगार पर थे लेकिन दो मौकों पर अयान ने दो अंक के साथ उसे बचा लिया। तीसरे प्रयास में हालांकि वह लपके गए। अब स्कोर 31-35 था। देवांक और अयान सुपर-10 पूरा कर चुके थे। आलइन के बाद पटना ने 2 के मुकाबले तीन अंक लेकर पांच की लीड बरकरार रखी थी। थलाइवाज ने इसके बाद लगातार दो अंक लेकर फासला 3 का कर दिया। पटना ने हालांकि उसे वापसी का मौका नहीं दिया और अपनी लीड को पांच का कर लिया। इसी दौरान शुभम का हाई-5 भी पूरा हुआ। अंततः पटना ने चार अंकों का फासला बनाए रखा और एक अच्छी जीत के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### मेरे सुसाइड करने का कारण मैं खुद हूं, क्योंकि मैंने; गाजियाबाद में 14वीं मंजिल से कूद गया अकाउंटेंट

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के पटेल नगर सेकेंड में रहने वाले निजी कंपनी के एक अकाउंटेंट ने राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी एड्रेसेज सोसाइटी की 14वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या करने की बात लिखी थी। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे नंदग्राम थाने पर सूचना मिली कि किसी व्यक्ति ने राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी एड्रेसेज सोसाइटी की 14वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। इस दौरान मृतक की पहचान पटेल नगर सेकेंड निवासी 26 वर्षीय तुषार गोयल के रूप में हुई, जो मेरठ रोड स्थित एक शोरूम में अकाउंटेंट की नौकरी करते थे। पुलिस ने सूचना देकर परिजनों को भी मौके पर बुला लिया गया। परिजनों ने बताया कि तुषार गोयल अविवाहित और दो बहनों के इकलौते भाई थे। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। तुषार अपनी मां के साथ रहते थे। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

### नोएडा में 76 लड़के-लड़कियां गिरफ्तार, फर्जी कॉल सेंटर अमेरिकी नागरिकों को लगाते थे चूना

**नोएडा गाजियाबाद, एजेंसी।** अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी करने वाले एक और कॉल सेंटर का नोएडा पुलिस ने शुक्रवार को पर्दाफाश कर 76 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 67 पुरुष और 9 महिलाएं हैं। आरोपी तकनीकी सहायता और लोन प्रक्रिया के नाम पर फर्जी मैसेज और लिंक भेजकर अमेरिकी नागरिकों को ठगते थे। ठगी के इस गिरोह के चारों सरगना भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पकड़े गए आरोपियों में कई पहले भी जेल जा चुके हैं। इनके पास से भारी संख्या में लैपटॉप, मोबाइल, हेडफोन, राउटर और अमेरिकी बैंक का फर्जी चेक समेत अन्य सामान बरामद हुए। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सीआरटी, स्वॉट और पुलिस ने आरोपियों को दबोचा। ये सेक्टर-63 के ई ब्लॉक में इंस्टा सॉल्यूशन के नाम से संचालित कॉल सेंटर में काम कर रहे थे। यह गिरोह अब तक 1500 से अधिक अमेरिकी नागरिकों को ठग चुका है। आरोपी एक प्रक्रिया के तहत विदेशी नागरिकों से 99 से 500 अमेरिकी डॉलर तक लेते थे। पैसा बिट क्वाइन, गिफ्ट कार्ड और अन्य माध्यमों से लिया जाता था। हवाला के जरिये रकम भारत में आती थी। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपियों के पास से बरामद इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का डेटा एनालिसिस साइबर टीम की मदद से किया जा रहा है। गिरोह के सरगना कुरुनाल रे, सौरभ राजपूत, सादिक ठाकुर और साजिद अली हैं। चारों पूर्व में गुजरात से जेल जा चुके हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कॉल सेंटर से ऑनलाइन कंपनी के सपोर्ट, माइक्रोसाफ्ट, टेक सपोर्ट ,पे डे के नाम पर ठगी करते थे। कॉल सेंटर सेक्शन बंटे थे। गिरोह के सरगना स्काइप ऐप के जरिये ग्राहकों के व्यक्तिगत डेटा खरीदते थे। इसका भुगतान यूएसडीटी में किया जाता था। डेटा आने के बाद आरोपी अमेरिकी नागरिकों के कंप्यूटर में एक बग भेजते थे। एक साथ दस हजार लोगों को मेल या मैसेज भेजा था। इस बग से कंप्यूटर में खराबी आने के कारण स्क्रीन नीले रंग की हो जाती है।

### असली हिंदू और उसकी विचारधारा से उद्धव ठाकरे कोसों दूर - राम कदम

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र कैबिनेट के विस्तार और बांग्लादेश तथा मणिपुर को लेकर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा नेता राम कदम ने शुक्रवार को अपनी प्रतिक्रिया दी। आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा कि असली हिंदू और उसकी विचारधारा से उद्धव ठाकरे कोसों दूर हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के प्रेस कॉन्फ्रेंस में बांग्लादेश और मणिपुर मुद्दे पर चर्चा को लेकर राम कदम ने कहा, लोकसभा चुनाव जीतने के बाद जिस उद्धव ठाकरे के जुलूस में पाकिस्तान के झंडे लहरा रहे थे, वह प्रेस वार्ता करने की नौटंकी कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे की विचारधारा बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा से बहुत दूर है। जब महाराष्ट्र की जनता ने उनको यह अहसास दिलाया,

# कोविड-19 धोखाधड़ी मामले में अधिकारियों पर एफआईआर

### सरकार को 167 करोड़ का नुकसान पहुंचाने का आरोप



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कोविड-19 महामारी के दौरान धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल कर्नाटक के कई सरकारी अधिकारियों और प्राइवेट कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उनपर सरकारी खजाने को 167 करोड़ रुपये का भारी नुकसान पहुंचाने का आरोप है। यह मामला चिकित्सा कर्मियों के लिए सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट और एन95 मास्क की अवैध खरीद पर केंद्रित है। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय (डीएमई) के मुख्य अकाउंटिंग अधिकारी डॉ. एम. विष्णुप्रसाद ने एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत में डीएमई के एक पूर्व निदेशक और सेराटिन प्राइवेट कंपनियों के प्रबंधन समेत प्रमुख हस्तियों पर आरोप लगाए हैं।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

कर्नाटक के विधान सौध पुलिस स्टेशन ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन इसमें शामिल किसी भी राजनीतिक या शीर्ष पद पर मौजूद अधिकारी के नाम का खुलासा करने से मना किया गया है। शिकायत में बताया गया कि 2020 में कोविड-19 महामारी के चरम पर होने के दौरान चिकित्सा शिक्षा विभाग आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति खरीदते समय कानूनी खरीद प्रक्रियाओं का पालन करने में विफल रहा। 18 अगस्त 2020 को राज्य सरकार ने 17 सरकारी कॉलेजों और एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के लिए 2.59 लाख एन95 मास्क और पीपीई किट को अधिकृत किया था।

सरकारी आदेशों के बावजूद खरीद प्रक्रिया में कई अवैधताएं देखी गईं। पीपीई किट की आपूर्ति के लिए टेंडर जारी किया गया था, लेकिन मालूम चला कि अस्पतालों तक किट की आपूर्ति नहीं की गई। दस्तावेजों और चालान में भी गड़बड़ी देखी गई। एफआईआर में आगे बताया गया कि मुंबई की एक कंपनी ने इस धोखाधड़ी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुछ अधिकारियों पर इस धोखाधड़ी को बढ़ावा देने का भी आरोप है।

# आज होगा महाराष्ट्र की महायुति सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार, करीब 30 मंत्री लेंगे नागपुर में शपथ



**मुंबई, एजेंसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता ने बताया कि राज्य विधानमंडल का एक सप्ताह तक चलने वाला शीतकालीन सत्र नागपुर में 16 दिसंबर से शुरू होगा। इससे एक दिन पहले 15 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। साथ ही साथ उसी दिन शीतकालीन अधिवेशन में जिन बिंदुओं पर काम काज किया जाएगा उसके बारे में मुख्यमंत्री और एवं दोनों उपमुख्यमंत्री जानकारी देंगे। दोपहर में विपक्ष अपनी रणनीति का खुलासा भी करेगा कि किस तरीके से शीतकालीन सत्र में वह सरकार को घेरेगा।

दरअसल, पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि मंत्रिमंडल का गठन 14 दिसंबर को मुंबई में होगा। लेकिन विभागों के बंटवारे में एवं विधायकों को मंत्री बनाने की चयन प्रणाली में देरी होने से मंत्रिमंडल का गठन नागपुर में 15 दिसंबर को होगा। महाराष्ट्र की महायुति सरकार के मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 43 सदस्य हो सकते हैं। बता दें, मुंबई में पांच दिसंबर को भव्य समारोह में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद, शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इन सबके बीच, भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार से अलग-अलग मुलाकात की। दक्षिण मुंबई में पवार के देवगिरी स्थित बंगले पर बातचीत हुई। बता दें कि 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे। महायुति गठबंधन ने राज्य की 288 सीट में से 230 सीट जीतकर सत्ता हासिल की थी। महायुति में शामिल भाजपा 132 सीट के साथ सबसे आगे रही। वहीं एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 57 और अजित पवार की एनसीपी को 41 सीट पर जीत मिली थी। सरकार गठन में पहले ही उतार-चढ़ाव आ चुके हैं और शिंदे ने फडणवीस के लिए शीर्ष पद पर जगह बनाई है। शिंदे, जो सरकार का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे और पार्टी संगठन पर ध्यान केंद्रित करने के इच्छुक थे।

# कहां हैं गाजियाबाद के डेढ़ हजार सफाईकर्मी? सैलरी लेकर हो जाते हैं गायब




**गाजियाबाद नोएडा।** गाजियाबाद नगर निगम से हर माह वेतन ले रहे डेढ़ हजार सफाई कर्मचारी ड्यूटी से गायब हैं। गाजियाबाद 311 ऐप पर साढ़े चार हजार में से लगभग तीन हजार कर्मचारी ही ड्यूटी स्थल पर जाकर हाजिरी लगा रहे हैं। ऐसे में निगम अधिकारी मान रहे हैं गायब सफाई कर्मचारी या तो ड्यूटी पर नहीं आते या उनके नाम का वेतन गलत तरीके से कोई और ले रहा है। डेढ़ हजार सफाई कर्मचारियों की जांच कराई जाएगी। शहर के सभी 100 वार्डों में साढ़े चार हजार सफाई कर्मचारी लगाए हैं। ज्यादातर सफाई कर्मचारी ठेके पर हैं। इसके बावजूद पार्षद वार्डों में पर्याप्त सफाई कर्मचारी न होने की शिकायत कर रहे हैं। बोर्ड बैठक में भी पार्षद वार्डों में अतिरिक्त सफाई कर्मचारी लगाने की मांग करते रहे हैं। सफाई कर्मचारी कम होने की वजह से पार्षद वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने की शिकायत भी कर रहे हैं।निगम ने करीब एक साल पहले गाजियाबाद 311 ऐप लांच किया था। इसमें सभी विभाग के कर्मचारियों के लिए ड्यूटी स्थल पर हाजिरी लगाने के आदेश जारी हुए थे। ऐप पर हाजिरी लगाने के साथ ही लोकेशन का पता चलता है। मोबाइल पर संबंधित कर्मचारी के पलकों के झपकने से ही ऐप खुलता है, लेकिन एक साल के दौरान ऐप पर तीन हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारी हाजिरी नहीं लगा सके हैं। जबकि नगर आयुक्त ने ऐप पर ही हाजिरी लगाने के कई बार आदेश जारी किए हैं। पिछले दिनों समीक्षा के दौरान पता चला कि काफी प्रयास करने के बाद भी ऐप पर हाजिरी लगाने वालों का आंकड़ा नहीं बढ़ रहा है। यानी की लगभग तीन हजार सफाई कर्मचारी ही ऐप पर हाजिरी लगा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि डेढ़ हजार सफाई कर्मचारी कहां है। इनका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। जबकि उनका वेतन भी निकल रहा है। वेतन लेकर गायब सफाई कर्मचारियों की तलाश की जाएगी। खेल में कई लोग शामिल निगम सूत्रों ने बताया कि कुछ लोगों ने कागजों में अपने रिश्तेदारों को भर्ती करा रखा है। कई के बेटे और बेटी भी नौकरी कर रहे हैं। उनके नाम से वेतन लिया जा रहा है। जबकि ये ड्यूटी पर नहीं आते, घरों पर ही रहते हैं। इन लोगों की पूर्व में तत्कालीन नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर से शिकायत हुई थी।

# जालंधर में महिला पर कुत्तों ने किया जानलेवा हमला, 25 से ज्यादा जगहों पर काटा

**जालंधर, एजेंसी।** जालंधर शहर में एक बुजुर्ग महिला को कुत्तों ने घेरकर उसपर हमला कर दिया। खून से लथपथ महिला को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, 65 साल की महिला गुरुद्वारा साहिब से अकेली लौट रही थी। इस दौरान उस रास्ते में सात से आठ स्ट्रीट डॉग्स ने चारों तरफ से घेर कर हमला कर दिया। कुत्तों में महिला को करीब 25 से ज्यादा जगह पर काटा है। कुत्तों के हमले से महिला नीचे गिर गई, जिससे उसके सिर में भी चोट आई है।



कुत्तों के हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है महिला को कुत्तों ने चारों तरफ से घेर लिया है और वह उनसे बचने का प्रयास कर रही है। यह घटना सतगुरु कबीर चौक के पास स्थित दूरदर्शन एनक्लेव फेज-2 के पास की है। कुत्तों ने बुजुर्ग को शरीर के कई हिस्सों पर काटा है। बुजुर्ग महिला को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़िता के पति ने कहा कि कॉलोनी में छत पर धूप में बैठे एक युवक ने मौके पर पहुंचकर और कुत्तों को भगाया। उनके साथ एक अन्य युवक और कश्मीरी शख्स ने खून से लथपथ बुजुर्ग को घर पहुंचाया। उन्होंने बताया कि वह उन्हें लेकर निजी अस्पताल गए थे, लेकिन कुत्तों के काटने का मामला होने के कारण महिला को सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के लिए आपको बता दें कि कुत्तों के काटने से रेबीज होने का खतरा होता है। रिपोर्ट के अनुसार, रेबीज एक जानलेवा बीमारी है। रेबीज बीमारी नसों और मस्तिष्क को प्रभावित करती है।

# ट्रंप ने दिया रहस्यमयी ड्रोन दिखाई देने पर उसे मार गिराने का निर्देश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के विभिन्न हिस्सों में दिखाई देने वाले रहस्यमयी ड्रोन को ''मार गिराने'' का निर्देश दिया है। रहस्यमयी ड्रोन सबसे पहले न्यू जर्सी में देखे गए थे लेकिन उसके बाद से अब इस प्रकार के ड्रोन अन्य स्थानों पर भी दिखाई देने लगे हैं। हालांकि अमेरिकी सरकार और व्हाइट हाउस ने अब तक यही कहा है कि इनसे राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है और न ही इसमें किसी विदेशी हाथ होने का कोई सबूत है लेकिन फिर भी रहस्यमयी ड्रोन का दिखना जांच का विषय है।

ट्रंप ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, ''देश भर में रहस्यमयी ड्रोन दिखाई दिए हैं। क्या यह वास्तव में हमारी सरकार की जानकारी के बिना हो रहा है? मुझे ऐसा नहीं लगता, या तो जनता को इसके बारे में अभी जानकारी दो अथवा उन्हें मार गिराओ।'' ट्रंप ने इस पोस्ट के अंत में अपने हस्ताक्षर भी किए। इससे पहले बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति कार्यालय एवं राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस ने कहा था कि अभी तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है कि ड्रोन देखे जाने की कथित घटनाएं राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं या उनका किया अन्य देश से संबंध है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने संवाददाताओं को बताया कि आंतरिक सुरक्षा मंत्रालय और एफबीआई इन घटनाओं की जांच कर रहे हैं, तथा यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ये ड्रोन कहां से आ रहे हैं।

# एंटनी ब्लिंकन ने बगदाद में इराकी प्रधानमंत्री से की मुलाकात, कहा- सीरिया को आतंकवादियों का गढ़ नहीं बनना चाहिए



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को बगदाद में इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सुदानी से मुलाकात की। इस दौरान पड़ोसी देश सीरिया के भविष्य पर बातचीत की।

**सीरिया के भविष्य पर बात करने के लिए मुलाकात:** सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार के तख्तापलट के बाद ब्लिंकन की बगदाद यात्रा उनके मध्य पूर्व दौरे का अंतिम पड़ाव था। अमेरिकी विदेश सचिव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, इराकी पीएम सुदानी और मैं सीरिया के ताजा घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए मिले। मैंने इराक की सुरक्षा, स्थिरता और संप्रभुता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बताया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्लिंकन और अल सुदानी ने सीरिया में तानाशाही से लोकतंत्र लाने की आवश्यकता पर चर्चा की, ताकि सभी अल्पसंख्यकों को शामिल किया जा सके और उनकी सुरक्षा की जा सके। सीरिया आंतकवादियों का गढ़ नहीं होना चाहिए यह कहते हुए उन्होंने कहा कि हमने इस क्षेत्र और उससे परे कई देशों की प्रतिबद्धता पर चर्चा की कि सीरिया असद तानाशाही से लोकतंत्र की ओर बढ़ रहा है। यह निश्चित रूप से सीरिया में सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा करता है, जिससे एक समावेशी, गैर-सांप्रदायिक सरकार बनती है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि यह इराक के लिए अपनी संप्रभुता के साथ-साथ अपनी स्थिरता, सुरक्षा और संभुप्रता को मजबूत करने का समय है।

**दाएश के खात्मे का इराक से ज्यादा:** कई वर्ष पहले इराक और सीरिया में आईएसआईएस (जिसे दाएश के नाम से भी जाना जाता है) द्वारा छेड़ी हुई लड़ाई को सफलतापूर्वक खत्म करने के लिए अमेरिका और इराक द्वारा उठाए संयुक्त कदम पर भी बात की। एंटनी ब्लिंकन ने कहा, अमेरिका और इराक ने उस क्षेत्र को छीनने में सफलता हासिल की है, जिसे दाएश ने वर्षों पहले बनाया था। इराक से ज्यादा कोई भी इसके महत्व को नहीं जानता क्योंकि सीरिया में आईएसआईएस या दाएश की मौजूदगी जारी है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ हैं कि दाएश फिर से उभर न सके।

# जर्मनी में गहराया राजनीतिक संकट, विश्वास मत के बाद आएगी मध्यावधि चुनाव की आहट?

**बर्लिन, एजेंसी।**यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था राजनीतिक उथल-पुथल में घिर गई है। महीनों की अंदरूनी कलह के बाद स्कोल्ज़ का तीन-पक्षीय गठबंधन टूट गया। जर्मन संसद में चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ विश्वास मत निश्चित रूप से हारेंगे। आखिरी बार किसी जर्मन चांसलर ने लगभग 20 साल पहले विश्वास मत मांगा था। लेकिन 16 दिसंबर को जर्मन नेता ओलाफ स्कोल्ज़ बुंडेस्टाग के सदस्यों से वोट करने के लिए कहेंगे यदि वे अभी भी उनका समर्थन करते हैं। स्कोल्ज़ के वोट हारने की व्यापक संभावना है, जिससे जर्मन राष्ट्रपति फ्रैंक-वाल्टर स्टीनमीयर तीन सप्ताह के भीतर संसद को भंग कर देंगे, जिससे 23 फरवरी की शुरुआत में आकस्मिक चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार चुने जाने के कुछ ही घंटों बाद जर्मन सरकार गिर गई, स्कोल्ज़ ने जर्मन वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर को भावनाओं के एक आश्चर्यजनक प्रदर्शन में निकाल दिया, जो प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदर्शित हुआ था। तब से, यह सामने आया है कि लिंडनर की पार्टी ने गठबंधन तोड़ने की पूर्व-योजना बनाई थी, और कुछ लोकप्रियता हासिल करने के लिए समय से पहले चुनाव कराने के अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, चिंताएं हैं कि उदारवादी (एफडीपी) ऐसा नहीं करेंगे। संसद में प्रवेश के लिए आवश्यक 5त्न सीमा से अधिक तक पहुँचें। जर्मनी की अर्थव्यवस्था लगातार स्थिर बनी हुई है क्योंकि वोक्सवैगन, थिसेनक्रुप और बॉश जैसी प्रमुख कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों सहित हजारों नौकरियों और बाजारों को खत्म करने की योजना बना रही हैं, एशियाई बाजारों की ओर बढ़ रही हैं।

# ओपन एआई पर आरोप लगाने वाले सुचिर बालाजी की मौत : अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में शव मिला

### पुलिस को खुदकुशी का शक

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रिसर्चर सुचिर बालाजी 26 नवंबर को अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। पुलिस को शक है कि 26 साल के इंडो-अमेरिकन सुचिर ने आत्महत्या की थी। शिकागो ट्रिब्यून के मुताबिक, पुलिस का कहना है कि उन्हें जांच में किसी भी तरह की गड़बड़ी के सबूत नहीं मिले हैं। 26 नवंबर का यह मामला 14 दिसंबर को चर्चा में आया।

नवंबर 2020 से अगस्त 2024 तक ओपन एआई के लिए काम करने वाले सुचिर तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने कंपनी को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में सुचिर ने कहा था कि ओपन एआई का बिजनेस मॉडल स्टेबल नहीं है और इंटरनेट इकोसिस्टम के लिए बेहद खराब है।

सुचिर ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने अपना प्रोग्राम डेवलप करने के लिए ऑनलाइन डेटा की नकल की अमेरिका के कॉपीराइट नियमों के उल्लंघन किया। उन्होंने लोगों से जल्द से जल्द कंपनी छोड़ देने के लिए भी कहा था। इलॉन मस्क ने इस खबर पर रिएक्ट किया है।

सुचिर बालाजी कौन हैं? सुचिर बालाजी ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले में कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई की और ओपन एआई में स्केल एआई में इंटर्नशिप की। वह 2020 में ओपन एआई के लिए काम करने वाले बर्कले ग्रेजुएट्स में शामिल थे।

न्यूयॉर्क टाइम्स मुताबिक, बालाजी ने 2022 की शुरुआत में जीपीटी-4 नामक एक नई परियोजना के लिए डेटा इकट्ठा करना शुरू किया। 2022 के आखिर में उन्होंने इस बात को महसूस किया कि कंपनी अपना प्रोग्राम डेवलप करने के लिए कॉपीराइट कानून का उल्लंघन कर रही थी। मस्क ने ओपन एआई पर मुकदमा दायर किया बता दें कि मस्क ने अल्टमैन के साथ मिलकर 2015 में ओपन एआई बनाई थी। यह एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रिसर्च कंपनी है जो चेट जीपीटी जैसी सेवाएं बनाती है। मस्क ने 2018 में कंपनी के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया था।



बाद में मस्क ने ओपन एआई और सैम अल्टमैन समेत कंपनी के कई अन्य लोगों पर मुकदमा भी दायर किया। मस्क ने ओपन एआई-अल्टमैन समेत सभी लोगों पर 2015 में चेटजीपीटी-मेकर को स्थापित करने में मदद करने के दौरान किए गए कॉन्ट्रैक्चुअल एग्रीमेंट्स का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था।

मुनाफा कमाने पर फोकस से टूटा समझौता मस्क की तरफ से दायर लॉ-सूट में कहा गया था कि अल्टमैन ने ओपन एआई के को-फाउंर ग्रेग ब्रॉकमैन के साथ मिलकर एक ओपन सोर्स, नॉन-प्रॉफिट कंपनी बनाने के लिए मस्क से संपर्क किया था। यह कंपनी इंसानों के फायदे के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी डेवलप करती। मस्क के वकीलों ने कहा कि ओपन एआई के मुनाफा कमाने पर फोकस करने से यह समझौता टूट गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129